# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 17 जुलाई 2026





हरियाणा सरकार



विकसित भारत – विकसित हरियाणा

## श्री नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री

के कर–कमलों द्वारा

## जींद और सोनीपत के बीच भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ

पूर्णतः स्वदेशी और हाइड्रोजन फ्यूल सेल तकनीक पर आधारित, जिसमें हाइड्रोजन और हवा से प्राप्त ऑक्सीजन से बनी बिजली से ट्रेन चलती है और केवल जल वाष्प उत्सर्जित होता है

3,200 हार्सपावर के साथ दुनिया की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेन

10 कोचों के साथ यह दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन

2,600 यात्रियों की क्षमता के साथ दुनिया की सबसे अधिक यात्री क्षमता वाली हाइड्रोजन ट्रेन

इसके सहित

## लगभग ₹15,000 करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

गरिमामयी उपस्थिति

**प्रो. असीम कुमार घोष** – राज्यपाल, हरियाणा | **श्री नायब सिंह सैनी** – मुख्यमंत्री, हरियाणा | **श्री नितिन जयराम गडकरी** – केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री | **श्री अश्विनी वैष्णव** – केन्द्रीय रेल मंत्री

दिनांक - 17 जुलाई, 2026 । समय - प्रातः 9 बजे

स्थान - एच.एस.वी.पी. ग्राउंड, सेक्टर-9, जींद, हरियाणा

DD NEWS डी.डी. न्यूज़ पर होगा सीधा प्रसारण

**दिल्ली-अमृतसर-कटरा एक्सप्रेस-वे** (लागत - लगभग ₹9700 करोड़)
- दिल्ली से कटरा तक का सफर हुआ आसान, अब 14 घंटे की बजाय लगेंगे सिर्फ 6 घंटे
- हरियाणा के झज्जर-सोनीपत-जींद-कैथल जिले एक्सप्रेस-वे से जुड़े

**अम्बाला-काला अम्ब राष्ट्रीय राजमार्ग** (लागत - लगभग ₹1200 करोड़)
- हरियाणा और हिमाचल प्रदेश के बीच संपर्क होगा मजबूत
- उद्योगों का परिवहन समय और लॉजिस्टिक लागत में आएगी कमी
- आमजन को सुरक्षित आवागमन की सुविधा, व्यापार को मिलेगी नई गति

**पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय** (लागत - लगभग ₹600 करोड़)
- भिवानी जिला अस्पताल अपग्रेड होकर बना मेडिकल कॉलेज
- अस्पताल में 630 बिस्तरों की सुविधा
- 100 एमबीबीएस सीटों पर दाखिले उपरांत पढ़ाई हुई शुरू

**जींद-गोहाना राष्ट्रीय राजमार्ग** (लागत - लगभग ₹1600 करोड़)
- जींद से गोहाना की यात्रा 2 घंटे से घटकर हुई केवल 40 मिनट
- किसानों को कृषि उपज मंडियों तक पहुंचाने में होगी सुविधा
- रोहतक-पानीपत-दिल्ली एनसीआर से बेहतर संपर्क

**कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक** (लागत - लगभग ₹400 करोड़)
- सुगम यातायात की सुविधा
- घनी आबादी में स्थित पांच रेलवे फाटक हुए समाप्त
- जाम से परेशान जनता को मिली राहत

**महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज** (लागत - लगभग ₹900 करोड़)
- 650 बिस्तर वाले अस्पताल से इलाज क्षमता में वृद्धि
- 100 एमबीबीएस सीटों पर दाखिले
- मरीजों के लिए ओपीडी सुविधा शुरू

**सिख संग्रहालय, कुरुक्षेत्र** (लागत - लगभग ₹160 करोड़)
- सिख गुरुओं की विरासत, जीवन और सांस्कृतिक महत्व से युवा पीढ़ी को प्रेरणा

**हांसी-बरवाला राष्ट्रीय राजमार्ग** (लागत - लगभग ₹140 करोड़)
- हिसार और पंचकूला क्षेत्र के बीच सड़क संपर्क होगा बेहतर
- कृषि उत्पादन एवं स्थानीय माल ढुलाई का कार्य होगा किफायती
- स्थानीय रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को मिलेगा बढ़ावा




सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# जय जगन्नाथ से गूंजा भारत...

## ओडिशा के पुरी सहित देशभर में निकाली गई रथयात्रा

## भारी बारिश के बीच भक्तों का छलका उत्साह, रथ की खींची रस्सी

*नई दिल्ली। ओडिशा के पुरी सहित देशभर में गुरुवार को रथयात्रा निकाली गई। ओडिशा, गुजरात, बंगाल, यूपी, बिहार, छग, मध्यप्रदेश सहित दक्षिण के राज्यों में भी श्रद्धालुओं का उत्साह छलका। जगन्नाथ यात्रा में शंखों की आवाज, घंटों की गूंज और 'जय जगन्नाथ' के जयकारों से पूरा माहौल भक्ति में सराबोर है। इस मौके पर पुरी से लेकर अहमदाबाद तक आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। पुरी में बारिश के बावजूद भक्तों का हौसला कम नहीं हुआ। गीली सड़कों और बारिश की बौछारों के बीच सुरक्षाकर्मी और आम श्रद्धालु रथों की विशाल रस्सियों को थामने के लिए कतारों में मुस्तैद दिखे। कहा जाता है कि रथ की रस्सी खींचने से मोक्ष की प्राप्ति होती है, इसलिए हर कोई महाप्रभु के रथ को खींचने के लिए बेताब नजर आया।*
















## खबर संक्षेप

### ममता को एक और झटका, सांसद कोयल ने भी दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस को एक और झटका लगा है। अभिनेत्री से राजनेता बनीं पश्चिम बंगाल से टीएमसी की राज्यसभा सांसद



कोयल मलिक ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी से पद छोड़ने वाली वह चौथी सांसद हैं। कोयल से पहले भी 3 सांसद पार्टी की सांसदी को को छोड़ चुके हैं। मलिक चार महीने पहले ही 6 अप्रैल को राज्यसभा सांसद बनी थीं।

### उड़ान योजना के अगले चरण से 120 नए गंतव्यों को मिलेगी हवाई सेवा

**हरिभूमि न्यूज .नई दिल्ली।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री किंजरापु राम मोहन नायडू ने कहा है कि उड़ान योजना के अगले चरण का उद्देश्य देश में क्षेत्रीय हवाई संपर्क को और मजबूत बनाना है। इसके तहत अगले 10 वर्षों में 120 नए गंतव्यों को हवाई नेटवर्क से जोड़ने और चार करोड़ यात्रियों को हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। उड़ान योजना के अगले चरण पर आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार ने योजना को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए इसमें कई महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं।

### दो आतंकी हमलों में तीन पुलिसकर्मी की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अलग-अलग घटनाओं में आतंकवादियों द्वारा पुलिस के काफिले और एक पुलिस थाने पर किए गए हमलों में तीन पुलिसकर्मी मारे गए और 34 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बुधवार को लोअर दिर जिले में आतंकवादियों ने पुलिस के एक काफिले पर हथगोलों और स्वचालित हथियारों से हमला किया, जिसमें तीन पुलिसकर्मी मारे गए और 19 घायल हो गए।

## पश्चिम एशिया में बढ़ा तनाव, अंतरिम समझौता हुआ लगभग निष्प्रभावी

# अमेरिका ने उत्तरी ईरान पर किए हमले ईरान ने भी बहरीन, कुवैत को बनाया निशाना

एजेंसी ▶▶| दुबई

पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच कई दिनों से जारी जवाबी हमलों और होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बढ़ते तनाव ने ईरान युद्ध को समाप्त करने के लिए हुए अंतरिम समझौते को लगभग निष्प्रभावी कर दिया है। इससे पूरे क्षेत्र में फिर से पूर्ण युद्ध छिड़ने की आशंका बढ़ गई है।

ईरानी अधिकारियों के अनुसार, अमेरिकी हमलों में अब तक 35 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं और 300 से अधिक घायल हुए हैं। इस ताजा हिंसा के दौरान पहली बार ईरान की राजधानी तेहरान के आसपास के इलाकों को भी निशाना बनाया गया। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, बृहस्पतिवार तड़के अमेरिकी हमलों में तेहरान के आसपास के कई इलाकों को निशाना बनाया गया।

समाचार एजेंसी ने बताया कि अमेरिकी सेना ने सेमनान प्रांत पर भी हमला किया, जहां से ईरान का बैलिस्टिक मिसाइल उत्पादन और अंतरिक्ष कार्यक्रम संचालित होता है। अमेरिका ने बुधवार को भी ईरान पर हमले किए थे, जिससे सैन्य अभियान की तीव्रता और बढ़ती दिखाई दी। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण ग्रेटर तुंब द्वीप पर किए गए हमले में ईरानी रक्षा प्रतिष्ठानों और मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाया गया।

### नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश कर रहे जहाज पर भी अमेरिका ने किया अटैक

*अमेरिका ने बृहस्पतिवार तड़के ईरान पर अपने हमले और तेज कर दिए। अमेरिकी सेना ने इस बार ईरान के उत्तरी इलाकों को निशाना बनाया और साथ ही एक ऐसे जहाज पर भी गोलीबारी की, जिस पर नौसैनिक नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने तड़के बहरीन, जॉर्डन और कुवैत पर मिसाइलों और ड्रोन से हमले किए।*

### अमेरिकी सैन्य ठिकानों को पहुंचाया नुकसान

ईरान ने बृहस्पतिवार को जवाबी कार्रवाई करते हुए बहरीन, जॉर्डन और कुवैत पर मिसाइलों और ड्रोन से हमले किए। इन देशों में अमेरिकी सैन्य ठिकाने स्थित हैं। इन देशों के अधिकारियों ने हमलों की पुष्टि की है। हालांकि, फिलहाल इन हमलों में किसी तरह के नुकसान या हताहतों की तत्काल आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, इराक के प्रधानमंत्री अली अल-जैदी ने इराक के स्वायत्त उत्तरी कुर्द क्षेत्र के शहर इरबिल पर रात में हुए ड्रोन हमले की कड़ी निंदा की। अधिकारियों के अनुसार, इस ड्रोन को रास्ते में ही मार गिराया गया। यह हमला ऐसे समय हुआ, जब प्रधानमंत्री अल-जैदी अमेरिका की यात्रा पर हैं। उन्होंने वहां कहा है कि इराक, ईरान समर्थित संगठनों सहित सभी गैर-सरकारी सशस्त्र समूहों को निरस्त्र करने की दिशा में काम करेगा।



### 'अमेरिका के खिलाफ अस्तित्व की लड़ाई'

ईरान की संसद के अध्यक्ष और शीर्ष वार्ताकार मोहम्मद बाकर कालीबाफ ने अमेरिकी कार्रवाई पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उनका देश 'अमेरिका के खिलाफ अस्तित्व की लड़ाई' लड़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा होर्मुज जलडमरूमध्य पर कंट्रोल बनाए रखने से जुड़ी है। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को दोबारा चेतावनी देते हुए कहा कि अगर तेहरान बातचीत की मेज पर नहीं लौटता है तो अमेरिका पावर प्लांट्स और दूसरे महत्वपूर्ण टार्गेट्स पर भी हमले करने से पीछे नहीं हटेगा।

### *ईरान ने लाल सागर बंद करने की दी धमकी*

*ईरान ने क्षेत्र से होने वाले एनर्जी एक्सपोर्ट को पूरी तरह ठप करने की धमकी दी है। ईरान का साफ कहना है कि वह अमेरिका के खिलाफ अपने 'अस्तित्व की लड़ाई' लड़ रहा है और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर उसका कंट्रोल है और यह जंग अब सिर्फ स्ट्रेट ऑफ होर्मुज तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि लाल सागर तक फैल सकती है। इसका सीधा मतलब यह है कि अगर अमेरिकी हमले जारी रहे, तो यमन में ईरान के सहयोगी हूती दुनिया के एक और अहम ग्लोबल शिपिंग रूट को निशाना बना सकते हैं।*

# अहम खुलासा, 500 रोहिंग्या समंदर में डूबे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बंगाल की खाड़ी में म्यांमार के सताए हुए अल्पसंख्यक रोहिंग्या समुदाय के लोगों को ले जा रही दो नावें समुद्र में डूब गई हैं। इस दर्दनाक हादसे में 500 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की आशंका है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, ये दोनों नावें जून के आखिर में म्यांमार के पश्चिमी राज्य रखाइन से रवाना हुई थीं।

इन नावों में सवार ज्यादातर यात्री रोहिंग्या समुदाय के थे। इनमें से कुछ लोग ऐसे भी थे जिन्होंने बांग्लादेश की सीमा पर बने शरणार्थी शिविरों से यात्रा शुरू की थी। इस बड़े हादसे पर संयुक्त राष्ट्र की एजेंसियों ने चिंता जताई है। एजेंसियों ने अपने बयान में कहा, 'हालांकि इन घटनाओं और हताहतों की संख्या की अभी तक आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन यूएनसीएचआर और आईओएम इस संभावित विनाशकारी नुकसान से बेहद परेशान हैं।'

### बंगाल की खाड़ी में हुए थे दो हादसे



### जुलाई में डूबी थी नाव

अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) और संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी उच्चायुक्त (यूएनसीएचआर) की ओर से एक संयुक्त बयान जारी किया गया है। इसके मुताबिक, पहली नाव पर लगभग 250 लोग सवार थे। रवाना होने के कुछ ही समय बाद इस नाव से संपर्क टूट गया। वहीं, 280 लोगों को ले जा रही दूसरी नाव के बारे में माना जा रहा है कि वो 8 जुलाई को म्यांमार के अयेयारवाडी तट के पास समुद्र में डूब गई। दोनों नावों को मिलाकर कुल 530 लोग लापता हैं, जिनके बचने की उम्मीद बहुत कम है।

### संयुक्त राष्ट्र ने जताई चिंता

रोहिंग्या शरणार्थी अक्सर बेहतर जिंदगी की तलाश में और हिंसा से बचने के लिए खतरनाक समुद्री रास्तों का सहारा लेते हैं। जून और जुलाई के महीने में मानसून की वजह से समुद्र बेहद अशांत रहता है। ऐसे में इन ओवरलोडेड नावों का हादसे का शिकार होना इन लोगों के लिए जानलेवा साबित हुआ है। राहत और बचाव एजेंसियां स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# बातचीत के जरिए खोजा जाना चाहिए साझा समस्याओं का समाधान : डोभाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के कई भागों में जारी संघर्षों और भू-राजनीतिक जटिलताओं के बीच गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी में बिम्सटेक (बंगाल की खाड़ी बहु-क्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग पहल) देशों के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों (एनएसए) की पांचवीं महत्वपूर्ण बैठक हुई है। जिसकी अध्यक्षता करते हुए भारत के एनएसए अजीत डोभाल ने अपने संबोधन में दुनिया के सामने विकराल रूप में खड़ी मुख्य समस्याओं जैसे संघर्षों और अन्य चुनौतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनकी वजह से हमारे सामने सुरक्षा और आर्थिक खतरे काफी बढ़ गए हैं। एक ओर तीव्र गति से होते रहे तकनीकी विकास ने सुरक्षा के खतरे को बढ़ा दिया है। तो दूसरी ओर वैश्विक सप्लाई चेन में आ रही परेशानियों के चलते आर्थिक समस्याओं से दो-चार होना पड़ रहा है।




■ बिम्सटेक देशों के एनएसए की 5वीं बैठक को संबोधित करते हुए भारत के एनएसए

*भारत के लिए बिम्सटेक के मायने : डोभाल ने कहा, हमारे देश में बिम्सटेक पड़ोस सबसे पहले, पूर्व की ओर देखो नीति और महासागर विजन का अहम हिस्सा है। जिसके केंद्र में बंगाल की खाड़ी के समूचे इलाके में सुरक्षा और विकास के लिए कदम उठाया जाना शामिल है। खाड़ी क्षेत्र हमें भौगोलिक रूप से नहीं बल्कि हजारों सालों से निरंतर चली आ रही सभ्यतागत और सांस्कृतिक विरासत से भी जोड़ती है। यही वह मजबूत आधार है, जिसके तहत समूह देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को और अधिक आगे बढ़ाया है।*

### पंजाब चुनाव का टोन आज सेट करेंगे पीएम मोदी

**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को हरियाणा, चंडीगढ़ और पंजाब के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे तीनों राज्यों में 26,700 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। राजनीतिक दृष्टि से प्रधानमंत्री का पंजाब दौरा विशेष महत्व रखता है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी इसे वर्ष 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए चुनावी माहौल बनाने की शुरुआत के रूप में देख रही है। जाहिर है पंजाब की सियासत को परियोजनों के रस्ते पीएम मोदी 'फाइन ट्यून' करने की कोशिश करेंगे। भाजपा के लिए सूबाई सियासत को वाया वोटर उर्वर करने की जुगत करेंगे। प्रधानमंत्री सबसे पहले हरियाणा के जींद पहुंचेंगे, जहां वे जींद-सोनीपत के बीच भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे।

**वांगचुक 19 दिन से हैं भूख हड़ताल पर**

# केंद्र-दिल्ली सरकार को वांगचुक की रोजाना मेडिकल जांच के आदेश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल पर बैठे एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के स्वास्थ्य से जुड़ी याचिका पर गुरुवार को सुनवाई दिल्ली हाई कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान दिल्ली हाई कोर्ट ने सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल पर चिंता जताते हुए कहा कि हर नागरिक की जिंदगी कीमती है और सरकार को इसकी सुरक्षा के लिए हर संभव कोशिश करनी चाहिए।

सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कोर्ट को बताया कि सोनम वांगचुक का प्रतिदिन मेडिकल चेक-अप होता है और उनकी सेहत से जुड़ी जानकारी रेगुलर तौर पर शेयर की जाती है। एसजी के आश्वासन पर कोर्ट ने निर्देश दिया कि सोनम वांगचुक की मेडिकल स्थिति की रोजाना क्लिनिकल निगरानी की जाए और डाक्टरों की सलाह के आधार पर जरूरत पड़ने पर कोई भी मेडिकल मदद दी जाए। उक्त निर्देश के साथ कोर्ट ने जनहित याचिका का निपटारा कर दिया।



**अनशन पर दिल्ली हाईकोर्ट बोला- हर इंसान की जान कीमती**

### रोजाना स्वास्थ्य जांच कर रहे सरकारी डॉक्टर

गुरुवार को सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अदालत को बताया कि सरकारी डॉक्टर पहले से ही वांगचुक की रोजाना स्वास्थ्य जांच कर रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मेडिकल विशेषज्ञों की सलाह के अनुसार उनकी जान बचाने के लिए हर जरूरी कदम उठाया जाएगा। इन आश्वासनों को रिकॉर्ड पर लेते हुए हाई कोर्ट ने याचिका का निपटारा कर दिया। हालांकि अदालत ने स्पष्ट संदेश दिया कि विरोध का अधिकार संवैधानिक है, लेकिन राज्य की पहली जिम्मेदारी नागरिक के जीवन की रक्षा करना है।

# वैज्ञानिकों का न करें इस्तीफा स्वीकार, इसरो ने नियम सख्त करते हुए जारी किए निर्देश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इसरो यानी भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी में बड़ी तादाद में कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने के बीच, डिपार्टमेंट ऑफ स्पेस (डीओएस) ने इसरो के प्रमुख अंतरिक्ष अनुसंधान केंद्रों के लिए एक नया निर्देश जारी किया है।

इसमें वॉलंटरी रिटायरमेंट और इस्तीफे से जुड़े नियमों को सख्त किया गया है। 14 जुलाई को यूआर राव सैटेलाइट सेंटर (यूआरएससी) और विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी) जैसे केंद्रों को जारी किए गए इस मेमोरेंडम में निर्देश दिया गया है कि वे 'ग्रुप ए' के वैज्ञानिक और तकनीकी कर्मचारियों के इस्तीफे या वॉलंटरी रिटायरमेंट के अनुरोधों को सामान्य रूप से स्वीकार न करें।



### अहम मिशन से जुड़े हैं ये वैज्ञानिक

ये कर्मचारी भारत के प्रतिष्ठित मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम 'गगनयान' और अन्य अहम मिशनों से जुड़े हैं। जारी किए गए निर्देश के मुताबिक, 'हाल ही में यह देखा गया है कि इसरो के 'ग्रुप ए' के वैज्ञानिक/तकनीकी कर्मचारियों की तरफ से वॉलंटरी रिटायरमेंट और इस्तीफे के अनुरोधों की बाढ़ आ गई है। इनमें वे कर्मचारी भी शामिल हैं, जो प्रतिष्ठित गगनयान और अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स या मिशनों से जुड़े हैं। इससे राष्ट्रीय महत्व के प्रोजेक्ट्स के इम्प्लीमेंटेशन पर गंभीर असर पड़ रहा है।'

## श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर से किया जाएगा लॉन्च

# भारत के पहले निजी रॉकेट विक्रम-1 की 18 को होगी लॉन्चिंग

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के प्राइवेट स्पेस सेक्टर के लिए अगले कुछ दिन काफी अहम हैं। हैदराबाद की स्पेस कंपनी स्काईरूट एरोस्पेस अपने पहले ऑर्बिटल रॉकेट विक्रम-1 को लॉन्च करने की आखिरी तैयारी में है।

इसकी लॉन्चिंग 18 जुलाई को होगी। रॉकेट को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर (एसडीएससी-एसएचएआर) से लॉन्च किया जाएगा। अगर मिशन सफल रहा, तो पहली बार किसी भारतीय प्राइवेट कंपनी का बनाया रॉकेट सैटेलाइट को पृथ्वी की कक्षा में पहुंचाएगा। इस मिशन का नाम 'आगमन' रखा गया है। यह लॉन्च सिर्फ स्काईरूट के लिए ही नहीं, बल्कि भारत के पूरे प्राइवेट स्पेस सेक्टर के लिए भी बड़ा मौका है। स्काईरूट इससे पहले 2022 में विक्रम-एस नाम का सब-ऑर्बिटल रॉकेट लॉन्च कर चुकी है। लेकिन उस मिशन में सैटेलाइट को ऑर्बिट में नहीं भेजा गया था। इस बार लक्ष्य अलग है। विक्रम-1 कई ग्राहकों के छोटे सैटेलाइट को पृथ्वी से करीब 450 किलोमीटर ऊंची लो-अर्थ ऑर्बिट में पहुंचाएगा। यह तीन डेवलपमेंट मिशनों में पहला मिशन होगा। इसके बाद रॉकेट को नियमित कमर्शियल लॉन्च के लिए तैयार किया जाएगा।

### इस मिशन का नाम रखा गया है 'आगमन'

#### *ऑर्बिटल रॉकेट क्यों है खास?*

*सब-ऑर्बिटल और ऑर्बिटल रॉकेट में बड़ा फर्क होता है। सब-ऑर्बिटल रॉकेट अंतरिक्ष तक जाकर वापस आ जाता है। लेकिन ऑर्बिटल रॉकेट सैटेलाइट को इतनी तेज रफ्तार देता है कि वह पृथ्वी की ऑर्बिट में घूमता रहता है। अगर विक्रम-1 सफल रहा, तो पहली बार किसी भारतीय प्राइवेट कंपनी का रॉकेट यह काम करेगा।*



#### *कैसा है विक्रम-1 रॉकेट?*

*विक्रम-1 चार चरणों वाला रॉकेट है। इसके पहले तीन चरणों में ठोस ईंधन (**Solid Fuel**) का इस्तेमाल किया गया है। चौथे चरण में लिक्विड फ्यूल इंजन लगा है, जिसे जरूरत पड़ने पर दोबारा चालू किया जा सकता है। इससे सैटेलाइट को उसकी तय ऑर्बिट में ज्यादा सही जगह पर पहुंचाने में मदद मिलती है। यह रॉकेट खास तौर पर छोटे सैटेलाइट लॉन्च करने के लिए बनाया गया है।*

#### स्काईरूट की शुरुआत कैसे हुई?

स्काईरूट एरोस्पेस की शुरुआत 2018 में इसरो के पूर्व इंजीनियर पवन कुमार चंदाना और नागा भरत डाका ने की थी। 2020 में स्पेस सेक्टर खुलने के बाद कंपनी ने ऑर्बिटल रॉकेट बनाने पर तेजी से काम किया। अब विक्रम-1 उसी सफर का सबसे बड़ा पड़ाव है। अगर यह मिशन सफल रहता है, तो भारत के प्राइवेट स्पेस सेक्टर को बड़ी मजबूती मिलेगी और भविष्य में देश से ज्यादा कमर्शियल सैटेलाइट लॉन्च किए जा सकेंगे। इस लॉन्च पर पूरे देश की नजर है, क्योंकि यह भारत के प्राइवेट स्पेस सेक्टर की अब तक की सबसे बड़ी परीक्षा मानी जा रही है।

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## श्रद्धालुओं का सैलाब

**पुरी/नई दिल्ली।** देशभर में गुरुवार को रथयात्रा निकाली गई। ओडिशा के पुरी में आयोजित वार्षिक जगन्नाथ रथ यात्रा में भारी बारिश और जलभराव के बावजूद लाखों श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। पुरी में नौ दिनों तक चलने वाली वार्षिक रथ यात्रा की शुरुआत लागातार बारिश और लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में 'पहंडी' की रस्म के साथ हुई। 'पहंडी' की रस्म में महाप्रभु भगवान जगन्नाथ, उनके बड़े भाई भगवान बलभद्र और उनकी बहन देवी सुभद्रा के विग्रहों को 12वीं सदी के पुरी मंदिर से रथों तक ले जाया जाता है।


सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव*
18 कैरेट रेट* (75.00%) = ₹106433/-
22 कैरेट रेट* (91.60%) = ₹129990/-
24 कैरेट रेट* (99.99%) = ₹141897/-
सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra
ANAND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply


## रथ के साथ चला आस्था का समंदर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

देश के साथ छग के प्रमुख शहरों में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई, जहां आस्था का डोर थामे श्रद्धालु साथ चले। रायपुर में ऐतिहासिक पुरानी बस्ती, सदर बाजार के अलावा गायत्री मंदिर से रथ खींचा गया। गायत्री नगर स्थित भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर में ▶▶शेष पेज 5 पर



### श्री गोंचा रथ यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

जगदलपुर। भगवान श्री जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और बलभद्र को 3 अलग अलग रथ में सवार कर गुरुवार को रिमझिम बारिश के बीच शहर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान जगन्नाथ मंदिर और सिरहासार के सामने जनसैलाब उमड़ पड़ा। बस्तर महाराजा कमलचंद भंजदेव सहित अनेक जनप्रतिनिधि इस दौरान मौजूद रहे।



### पुरी की तर्ज पर आयोजन

उल्लेखनीय है कि राजधानी रायपुर के गायत्री नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में प्रतिवर्ष पुरी की विश्वविख्यात रथयात्रा की तर्ज पर यह आयोजन अत्यंत श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न होता है। छेरा-पहरा की परंपरा इस बात का प्रतीक है कि भगवान के समक्ष सभी समान हैं और सेवा ही सर्वोच्च धर्म है।

### नीट यूजी री-एग्जाम में 11.21 लाख अभ्यर्थियों ने किया क्वालीफाई

# पंजाब-हरियाणा के आर्यन व पांशुल शीर्ष पर 117 वीं रैंक के साथ रायपुर के शिप्रक छग टॉपर

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा गुरुवार देर रात नीट के परिणाम घोषित कर दिए गए। जारी की गई सूची के अनुसार, पंजाब के आर्यन गुप्ता और हरियाणा के पांशुल बंसल ने 720 में से 715 अंक हासिल कर ऑल इंडिया टॉप किया है। छत्तीसगढ़ के स्टेट टॉपर शिप्रक गोयल रहे हैं। उन्हें ऑल इंडिया 117वीं रैंक मिली है। प्रदेश में दूसरे स्थान पर 136वां रैंक प्राप्त करने वाली चार्वी अग्रवाल रही। प्रदेश से लगभग 46 हजार छात्र 21 जून को आयोजित री-नीट में शामिल हुए थे। इनमें से कोई भी छात्र ऑल इंडिया रैंक-100 में स्थान नहीं बना सका है। परीक्षा में 19 उम्मीदवारों ने 700 से ज्यादा, जबकि 138 उम्मीदवारों ने 690 से अधिक अंक हासिल किए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर/नई दिल्ली

सफल अभ्यर्थियों में 58 फीसदी से अधिक महिलाएं हैं। एनटीए के अनुसार, 19 अभ्यर्थियों ने 700 अंक और 138 अभ्यर्थियों ने 690 अंक प्राप्त किए। इसके अलावा कुल 1,492 अभ्यर्थियों ने 650 या उससे अधिक अंक अर्जित किए, जबकि 10,160 अभ्यर्थियों ने 600 या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए नौ मई को आयोजित यह परीक्षा प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों के बीच 12 मई को राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा रद्द कर दी गई थी। इस मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है। परीक्षा का दोबारा आयोजन 21 जून को किया गया था। पिछले वर्ष परीक्षा के परिणाम 25 जून को घोषित किए गए थे। दोबारा परीक्षा के कारण प्रवेश प्रक्रिया के कार्यक्रम में देरी की आशंकाओं को दूर करते हुए एनटीए ने स्पष्ट किया कि परिणाम समय पर घोषित किए गए हैं, ताकि अभ्यर्थियों के लिए चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश और काउंसिलिंग का कार्यक्रम निर्धारित समय के अनुसार जारी रह सके।



ARYAN GUPTA PUNJAB



PANSHUL BANSAL HARYANA



छत्तीसगढ़ के स्टेट टॉपर शिप्रक गोयल अपने परिवार के साथ।

### पिता डॉक्टर, बहन भी मेडिकल स्टूडेंट, नीट में बेहतर करने जेईई भी दिलाई

117वीं रैंक के साथ छग टॉपर बने रायपुर के गीतांजली कॉलोनी शंकर नगर निवासी शिप्रक अपनी सफलता से खुश नजर आए। गुरुवार देर रात हरिभूमि से विशेष बातचीत में उन्होंने बताया, 9वीं-10वीं कक्षा में पढ़ाई के दौरान बायो की ओर रूझान होने लगा था। उनके पिता डॉ. रवि गोयल चिकित्सक हैं, जबकि मां रेणु गोयल गृहणी हैं। उनकी बड़ी बहन प्रकृति भी एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही हैं। ऐसे में उनका भी इस क्षेत्र में रूझान जागा। बकौल शिप्रक, घर में पापा से ही बहुत जानकारी मिली। बड़ी बहन की तैयारियों से भी मार्गदर्शन मिला। ये दोनों ही चीजें नीट में अच्छा स्कोर करने में मददगार रहीं। यह उनका पहला अटैम्प रहा।

### 8 से 10 घंटे पढ़ाई

रोजाना 8 से 10 घंटे का समय तैयारियों को देते रहे। उन्हें 690 अंक मिले। हालांकि शिप्रक का कहना है कि उनके लिए पढ़ाई के घंटों से अधिक महत्वपूर्ण निरंतरता रही। बारहवीं कक्षा में भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए 89.8 प्रतिशत अंक हासिल किए। शिप्रक ने जेईई मेंस भी दिलाई है। इसमें उन्हें 99.46 परसेंटाइल मिले। जेईई के माध्यम से परीक्षा हॉल के माहौल से परिचित होने, डॉक्यूमेंटेशन सहित अन्य जानकारी हासिल करने और परीक्षा में अपने फिजिक्स और कैमेस्ट्री का ज्ञान परखने इसमें शामिल हुए।

### छत्तीसगढ़ से 46 हजार छात्र

21 जून को दोबारा आयोजित की गई नीट में लगभग 46 हजार छात्र शामिल हुए थे। छत्तीसगढ़ में परीक्षा सुचारू रूप से कराने के लिए 127 केंद्र बनाए गए थे। इनमें से 25 परीक्षा केंद्र रायपुर में बनाए गए थे। यहां पंजीकृत 9,051 उम्मीदवारों में से 8,282 छात्र परीक्षा में उपस्थित हुए। रायपुर में लगभग 91% उपस्थिति रही। वहीं दूसरे बड़े शहर बिलासपुर में 19 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई, जहां पंजीकृत 7,759 छात्रों में से 7,044 छात्र शामिल हुए। इसके अलावा भिलाई, दुर्ग और जगदलपुर जैसे प्रमुख शहरों में छात्रों की उपस्थिति औसतन 90 प्रतिशत रही थी।

### ऐसा रहा स्कोर

- 19 उम्मीदवारों ने 720 में से 700 से ज्यादा
- 1,492 उम्मीदवारों ने 650 या उससे ज्यादा
- 10,160 उम्मीदवारों ने 600 या उससे ज्यादा
- 90,780 उम्मीदवारों ने 500 या उससे ज्यादा

### कैटेगरी के हिसाब से क्वालिफाई

| | |
|---|---|
| जनरल : | 2.91 लाख |
| ओबीसी-एनसीएल : | 5.12 लाख |
| एससी : | 1.59 लाख |
| एसटी : | 63,716 |
| जनरल ईडब्ल्यूएस : | 95,026 |
| पीडब्ल्यूबीडी : | 3,666 |

### लड़कियों ने मारी बाजी

सभी योग्य उम्मीदवारों में से 58 प्रतिशत से ज्यादा लड़कियां हैं। लड़कों के मुकाबले लड़कियां अधिक क्वालीफाई हुई हैं।

### पुरी में भगदड़ जैसे हालात

## रथयात्रा में दो श्रद्धालुओं का दम घुटा, कई घायल



एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

ओडिशा के पुरी में गुरुवार को रथ यात्रा उत्सव के दौरान कथित भगदड़ जैसी स्थिति में दम घुटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। हालांकि, अभी तक श्रद्धालु की मौत या भगदड़ जैसी स्थिति की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुरी में घटनास्थल पर मौजूद एक श्रद्धालु ने बताया कि मरीचि कुंड चौक के पास या तो बाहरी घेरे की रस्सी की बैरिकेड गिर गई, या कुछ लोग अपना संतुलन खो बैठे और सड़क पर गिर गए। उन्होंने बताया कि उन्होंने लगभग 40 से 50 लोगों को एक-दूसरे के ऊपर गिरते देखा, जिससे कई श्रद्धालु घायल हो गए और चार से पांच को गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने आगे बताया कि उन्होंने लगभग 20 लोगों को बचाया और उन्हें एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, और अब उन्हें पता चला है कि दो व्यक्ति की मौत हो गई है।

### 200 मरीज अस्पताल में भर्ती

इसके अलावा, सूत्रों ने यह भी दावा किया कि गुरुवार को श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व भीड़ और लगातार बारिश के बीच घुटन और अलग-अलग चोटों की शिकायत करने वाले लगभग 200 लोगों को अब तक पुरी के अस्पतालों और अस्थायी स्वास्थ्य सुविधाओं में भर्ती कराया गया है।

## खबर संक्षेप

### अमरनाथ के लिए 5000 से अधिक श्रद्धालु रवाना

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए कड़ी सुरक्षा के बीच, 5,000 से अधिक श्रद्धालुओं का 15वां जत्था गुरुवार को जम्मू से दो आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ। अब तक 3.25 लाख से अधिक तीर्थयात्री 3,880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना कर चुके हैं। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और पुलिस की सुरक्षा में 251 गाड़ियों के काफिले में 5,201 तीर्थयात्रियों का नया जत्था रवाना हुआ।

### डंपर ने दो लोक नाट्य कलाकारों को कुचला

**भदोही।** उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में ईंटों से लदे एक डंपर ने खड़ी मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद दो लोगों को कुचल दिया। इस घटना में दोनों व्यक्तियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान बाबू नारायण गौतम (55) और सीता राम उर्फ जुगनू (30) के रूप में हुई है, दोनों दुर्गागंज थाना क्षेत्र के गदौरा बाजार के निवासी थे। हादसा बुधवार रात करीब नौ बजे दुर्गागंज थाना क्षेत्र के श्रीपुर गांव के पास हुआ, जब जौनपुर जिले के जंघई से मध्य प्रदेश की ओर जा रहे डंपर ने पहले एक खड़ी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी।

### 1.37 लाख एमबीबीएस सीट को दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** नए मेडिकल कॉलेजों के खुलने और मौजूदा कॉलेजों में सीट बढ़ने से वर्ष 2026-27 के शिक्षण सत्र के लिए देश में एमबीबीएस की 1,36,939 सीट उपलब्ध होंगी। एनएमसी के 'मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड' ने उपलब्ध सीट का आधिकारिक विवरण जारी किया।

### वकील ने गिरोह बनाकर की ठगी

## मौत की वजह सर्पदंश बताकर सरकार से लिए चार-चार लाख



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

फर्जी सर्पदंश के मामले में पुलिस को बड़ा गिरोह पकड़ने में सफलता मिली है। पुलिस ने फर्जी दस्तावेज व पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाने वाले वकील, तहसीलदार के ड्राइवर, बैंककर्मी सहित 4 लोगों को गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड में पूछताछ करने के बाद दस्तावेज जब्त कर कोर्ट में पेश किया, जहां से सभी को जेल भेज दिया गया है।

विधानसभा में सवाल उठने के बाद जिला प्रशासन से नायब नाजिर के द्वारा जिले के सिविल लाइन, सरकण्डा, कोनी, कोतवाली, तोरवा, सिरगिट्टी में फर्जी सर्पदंश से मौत के 15 मामलों में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर एडीशनल एसपी पंकज पटेल के नेतृत्व में उक्त सभी प्रकरणों की पुराने फाइल खुलवाकर मामले की समीक्षा की जा रही थी। समीक्षा के बाद सरकण्डा थाना के पांच प्रकरणों में शामिल वकील हीराप्रसाद खाण्डेकर मंगला ▶▶शेष पेज 5 पर

हरिभूमि सरोकार

### ऐसे होता था फर्जीवाड़ा

मास्टर माइंड वकील हीराप्रसाद खाण्डेकर ने अपने गिरोह में बैंककर्मी कुशकुमार गुप्ता, तहसीदार के ड्राइवर गोविंद विश्वकर्मा व तथाकथित वकील महेन्द्र कुमार मनहर को शामिल किया था। किसी भी वजह से लोगों की मृत्यु होने के बाद वकील अपने सहयोगी के साथ मृतक के घर जाकर आश्रित परिजन से मिलकर सर्पदंश में मृत्यु के दस्तावेज बनवाकर शासन की योजना के तहत 4 लाख रुपए सहायता राशि दिलाने का सौदा तय करता था। उसके बाद आश्रित परिजन से सर्पदंश से मृत्यु होने का फर्जी शपत्र बनवाकर फर्जी पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार कर तहसीलदार के ड्राइवर को दस्तावेज देता था। ड्राइवर के द्वारा तहसील आफिस से काम कराने को ठेका लेकर तहसील आफिस का पूरा काम कराया जाता था। इसी तरह वह बैंककर्मी कुश कुमार गुप्ता से आश्रित परिजन का बैंक खाता खुलवाता था।

### पूर्व सिम्स चौकी प्रभारी से पूछताछ

पूर्व सिम्स चौकी प्रभारी एएसआई गुलाब सोनवानी जांच के रडार में आ गए हैं। विगत 5 साल में उनकी सिम्स चौकी में दूसरी पोस्टिंग थी। उन्होंने अपने दोनों कार्यकाल में सिम्स में मृत्यु होने वाले लगभग 800 से अधिक मर्ग का पोस्टमार्टम कराया है। इसमें करीब 267 सर्पदंश से मृत्यु होने की पुष्टि की गई है। पुलिस जांच टीम श्री सोनवानी को प्रतिदिन तलब कर उसके लगातार सर्पदंश से मृत्यु की प्रकरणों के संबंध में पूछताछ कर बयान दर्ज कर रही है। इस तरह दर्ज 15 मामले में विवेचक पुलिस अधिकारियों से भी पूछताछ कर बयान दर्ज किया जा रहा है।

## 4 राज्य, 13 ठिकानों पर छापे, 40 लाख नगद, सोने के सिक्के बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

- आतंकी फंडिंग और अवैध घुसपैठ नेटवर्क पर ईडी की बड़ी कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आतंकी फंडिंग और अवैध घुसपैठ से जुड़े एक बड़े नेटवर्क के खिलाफ गुरुवार को देश के चार राज्यों में व्यापक तलाशी अभियान चलाया। एजेंसी ने इस मामले में 13 स्थानों पर छापेमारी की, जिनमें पश्चिम बंगाल, हरियाणा, उत्तर प्रदेश और दिल्ली के कई ठिकाने शामिल हैं। ईडी की कार्रवाई पश्चिम बंगाल के कोलकाता, उत्तर 24 परगना, ▶▶शेष पेज 5 पर

### एफआईआर के आधार पर कार्रवाई

ईडी ने बताया कि यह मामला उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वाड द्वारा दर्ज एफआईआर पर आधारित है। जांच के अनुसार, एक संगठित गिरोह कथित तौर पर रोहिंग्या और बांग्लादेशी नागरिकों की भारत में अवैध घुसपैठ कराने, उनके लिए फर्जी भारतीय पहचान पत्र तैयार कराने और देश के विभिन्न हिस्सों में उन्हें बसाने का काम कर रहा था।

### मामा के घर जा रहा था परिवार, रास्ते में उजड़ गई चार जिंदगियां, एक घायल

## एक ही स्कूटी पर सवार दो सगी बहनों और 2 मासूम बच्चों की भीषण हादसे में मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दुर्ग जिले से एक बेहद दर्दनाक खबर सामने आई है। कुम्हारी थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुए भीषण सड़क हादसे में दो सगी बहनों और उनके दो मासूम बच्चों की मौत हो गई, जबकि एक 8 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल है। उसका इलाज रायपुर एम्स में चल रहा है। सभी पांच लोग एक ही स्कूटी में सवार थे। हादसा इतना भीषण था कि चारों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, भिलाई-3 निवासी अमृत निर्मलकर अपनी बहन और बच्चों के साथ स्कूटी से रायपुर के बसंत विहार स्थित ▶▶शेष पेज 5 पर



### ट्रेक्टर के पीछे घुसी

छावनी सीएसपी के अनुसार, स्कूटी पर एक साथ पांच लोग सवार थे। किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था और स्कूटी तेज रफ्तार में चल रही थी। प्रारंभिक जांच के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऑक्सीजन सिलेंडर से लदे खड़े ट्रैक्टर के पीछे स्कूटी सीधे जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दो सगी बहनों और उनके दो मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक बच्चा घायल है।

### मस्तिष्क में आंतरिक रक्तस्राव के बाद भर्ती किया गया था एम्स में

## ब्रेन डेड के बाद 59 वर्षीय आश्विन दे गए 67 वर्षीय बुजुर्ग को नया जीवन

*बुजुर्ग को किडनी देकर बचाई गई जान, यह इस वर्ष का 15वां अंगदान*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

ब्रेन डेड घोषित किए जा चुके 59 वर्षीय आश्विन के अंगदान ने 67 वर्षीय एक बुजुर्ग को नया जीवन प्रदान किया। आश्विन कुमार राठौर अपने परिवार के पांच सदस्यों के साथ रायपुर के देवेंद्र नगर में निवास करते थे तथा क्राफ्ट व्यवसाय से जुड़े हुए थे। वे अपने सरल स्वभाव, सेवा भावना और विशेष रूप से बुजुर्गों के प्रति संवेदनशीलता के लिए जाने जाते थे। उनके पुत्र के अनुसार, यदि वे किसी बुजुर्ग को किसी भी प्रकार की परेशानी में देखते थे, तो उनकी सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते थे। जीवन भर दूसरों की मदद करने वाले आश्विन ने अपने निधन के बाद भी अपनी किडनी दान कर एक बुजुर्ग के जीवन में नई आशा का संचार किया।

रविवार रात्रि अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने पर उन्हें अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान ▶▶शेष पेज 5 पर

हरिभूमि सरोकार





### प्रत्यारोपण टीम में ये रहे शामिल

अंगदान की इस संपूर्ण प्रक्रिया को सफल बनाने में एम्स रायपुर की विभिन्न विशेषज्ञ टीमों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यूरोलॉजी विभाग से डॉ. अमित शर्मा, डॉ. दीपक बिस्वाल, डॉ. सत्यदेव शर्मा एवं डॉ. राघवेंद्र, नेफ्रोलॉजी विभाग से डॉ. नीलम देवी मरावी, एनेस्थीसिया टीम से डॉ. शेफाली सहित प्रत्यारोपण समन्वयक विशोक एन, विनीता पटेल एवं अंबे पटेल ने उल्लेखनीय योगदान दिया।

### परिवार ने लिया निर्णय

श्री राठौर का पूरा जीवन सेवा में बीता। ऐसे में परिवार ने उनके जाने के बाद भी यह सिलसिला जारी रखने का निर्णय लिया। इस कठिन समय में उनके परिवार ने अत्यंत साहस और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए बुधवार शाम अंगदान के लिए अपनी सहमति प्रदान की। परिवार के इस निर्णय के फलस्वरूप आश्विन कुमार राठौर की किडनी का सफल प्रत्यारोपण एक 67 वर्षीय बुजुर्ग मरीज में किया गया, जिससे उन्हें नया जीवन मिलने की उम्मीद जगी। चिकित्सीय टीम ने कहा, यह अंगदान न केवल एक मरीज के लिए जीवनदायी सिद्ध हुआ, बल्कि समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता, संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों का भी सशक्त संदेश देता है। आश्विन राठौर का यह प्रेरणादायी योगदान सदैव याद रखा जाएगा और अनेक लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करेगा।

## चिंतन

# रथयात्रा में कुशल प्रबंधन के साथ सतर्कता जरूरी

ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा के दौरान भगदड़ में एक महिला की मौत और 100 से अधिक लोगों का घायल होना एक ताजा खबर है, लेकिन हम लोग ऐसी खबरें लगातार सुनते रहते हैं। इन बड़े आयोजनों में अक्सर ऐसी दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों की श्रद्धा को देखते हुए यह तो नहीं कहा जा सकता कि ऐसे आयोजनों में नहीं जाएं, लेकिन ऐसे कार्यक्रमों में जाते समय सावधानी और सतर्कता जरूरी है। धार्मिक आस्था भारत की सबसे बड़ी सामाजिक शक्ति है। हर वर्ष करोड़ों श्रद्धालु विभिन्न तीर्थस्थलों, मेलों और धार्मिक जुलूसों में भाग लेते हैं। जब श्रद्धा के साथ सुव्यवस्थित प्रबंधन नहीं जुड़ता, तब यही आयोजन बड़े हादसों का कारण बन जाते हैं। पुरी की ताजा घटना एक बार फिर यही संदेश देती है कि भीड़ प्रबंधन केवल प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि जीवन बचाने की पहली शर्त है। पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा के दौरान पहाड़ी रस्म के समय अचानक बड़ी संख्या में श्रद्धालु रथों के करीब पहुंचने लगे। वॉलेंटियर भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन धक्का-मुक्की के कारण भगदड़ जैसे हालात बन गए। इस हादसे में एक श्रद्धालु की मौत हो गई, जबकि 100 से अधिक लोग घायल या बेहोश हो गए। तेज बारिश के बावजूद लगभग 10 लाख श्रद्धालु यात्रा मार्ग पर मौजूद थे। यह घटना बताती है कि केवल सुरक्षा बलों की तैनाती पर्याप्त नहीं होती, बल्कि भीड़ के प्रवाह को वैज्ञानिक तरीके से नियंत्रित करना भी उतना ही आवश्यक है। दुर्भाग्य से यह कोई पहली घटना नहीं है। मार्च 2026 में बिहार शरीफ के माता शीतला मंदिर में अष्टमी मेले के दौरान भगदड़ में आठ महिलाओं की जान चली गई थी। फरवरी 2025 में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ के लिए प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों का इंतजार कर रही भीड़ अनियंत्रित हो गई, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई। जुलाई 2024 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में आयोजित एक सत्संग में मची भीषण भगदड़ ने 100 से अधिक लोगों की जान ले ली। ये घटनाएं अलग-अलग स्थानों की जरूर हैं, लेकिन इनकी वजह लगभग एक जैसी रही अनियंत्रित भीड़, अपर्याप्त प्रबंधन और समय रहते प्रभावी हस्तक्षेप का अभाव। हर बड़े धार्मिक आयोजन से पहले प्रशासन को केवल सुरक्षा व्यवस्था तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि व्यापक आपदा प्रबंधन योजना भी तैयार करनी चाहिए। श्रद्धालुओं की संख्या का वास्तविक आकलन, प्रवेश और निकास के अलग-अलग मार्ग, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली और प्रशिक्षित स्वयंसेवकों की पर्याप्त तैनाती जैसे कदम अनिवार्य होने चाहिए। भीड़ को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाना और एक स्थान पर अत्यधिक लोगों के एकत्र होने से रोकना सबसे प्रभावी उपायों में शामिल है। हालांकि केवल प्रशासन पर जिम्मेदारी डालकर समस्या का समाधान नहीं होगा। श्रद्धालुओं की भी समान जिम्मेदारी है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें, धक्का-मुक्की से बचें, प्रशासन और स्वयंसेवकों के निर्देशों का पालन करें। थोड़ी-सी असावधानी सैकड़ों परिवारों की खुशियां छीन सकती है। हर हादसे के बाद जांच समितियां बनती हैं, मुआवजे की घोषणाएं होती हैं और भविष्य में सुधार के वादे किए जाते हैं, लेकिन यदि इन सिफारिशों को धरातल पर लागू नहीं किया गया तो ऐसी घटनाएं दोहराई जाती रहेंगी। सरकारों की संवेदनशीलता पर सवाल नहीं उठाया जा सकता, लेकिन सुरक्षा प्रबंधन की निरंतर समीक्षा और जवाबदेही तय करना भी उतना ही जरूरी है।

# ईरान युद्ध से बढ़ी आर्थिक चुनौतियां



अर्थव्यवस्था
डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**अमेरिका-ईरान सैन्य टकराव और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़ने लगे हैं। महंगाई और बाजार जोखिमें बढ़ गई हैं। बढ़ते आयातों के कारण भारत का व्यापार घाटा चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार देश का व्यापार घाटा जून में पिछले 5 महीनों के उच्चतम स्तर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस समय एक और बड़ी चिंता अमेरिका की ओर से आते हुए दिखाई दे रही है। अमेरिका में दोनों दलों के सीनेटरों के एक समूह ने रूस पर प्रतिबंध विधेयक का संशोधित मसौदा पेश किया है, जिसमें रूस के कच्चे तेल एवं गैस के पांच सबसे बड़े खरीदारों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। इन पांच खरीदारों में भारत भी शामिल है।**

इन दिनों अमेरिका- ईरान सैन्य टकराव और होर्मुज स्ट्रेट के बंद होने से कच्चे तेल के दाम तेजी से बढ़ने लगे हैं। महंगाई और बाजार जोखिमें बढ़ गई हैं। बढ़ते आयातों के कारण भारत का व्यापार घाटा चिंता का विषय बन गया है। हाल ही में जारी आंकड़ों के अनुसार देश का व्यापार घाटा जून में पिछले 5 महीनों के उच्चतम स्तर 30.43 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस समय एक और बड़ी चिंता अमेरिका की ओर से आते हुए दिखाई दे रही है। 15 जुलाई को अमेरिका में दोनों दलों के सीनेटरों के एक समूह ने रूस पर प्रतिबंध विधेयक का संशोधित मसौदा पेश किया है, जिसमें रूस के कच्चे तेल एवं गैस के पांच सबसे बड़े खरीदारों पर 100 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। इन पांच खरीदारों में भारत भी शामिल है। ऐसे में एक बार फिर वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी प्रतिकूल असर की चुनौती है।

एशियाई विकास बैंक ( एडीबी) के द्वारा जारी हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि पश्चिम एशियाई संकट और लॉजिस्टिक कीमतों में बढ़ोतरी का भारत की विकास दर पर प्रतिकूल असर होगा। ऐसे में एडीबी ने भारत के लिए इस वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पूर्व में निर्धारित की गई 6.9 प्रतिशत विकास दर को घटाकर 6.6 प्रतिशत कर दिया है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने अपनी रिपोर्ट में वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान घटाकर 6.4 प्रतिशत कर दिया है। आईएमएफ का मानना है कि ऊर्जा की ऊंची कीमतें भारत में आर्थिक चुनौतियां बढ़ा सकती हैं। हालांकि इस समय भारत आपूर्ति चुनौतियों से निपटने के लिए पहले से बेहतर स्थिति में है, फिर भी चालू वित्त वर्ष में देश की आर्थिक विकास दर को 7 प्रतिशत तक ले जाने के लिए रणनीतिपूर्वक नए आर्थिक उपायों के साथ आगे बढ़ना होगा। पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने 7.7 प्रतिशत की शानदार दर से वृद्धि दर्ज की थी, जो कि 2024-25 की 7.1 प्रतिशत की दर से काफी बेहतर थी। निसंदेह इस समय वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और घरेलू आर्थिक मुश्किलों के बीच-बीच अर्थव्यवस्था को गतिशील रखना और विकास दर बढ़ाना चुनौती है। उल्लेखनीय है कि सरकार इन आर्थिक चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ते हुए दिखाई भी दे रही है। हाल ही में 15 जुलाई को केंद्रीय कैबिनेट ने आयात घटाने और आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के लिए 2.19 लाख करोड़ रुपये से अधिक के फैसलों को मंजूरी दी है। देश की उर्वरक आयात पर निर्भरता कम करने के लिए फैसले को मंजूरी मिली है। इसके तहत नए गैस-आधारित यूरिया संयंत्रों के लिए घरेलू निवेश को आकर्षित किया जाएगा। चिप और इलेक्ट्रॉनिक्स मिशन के तहत इलेक्ट्रॉनिक्स और चिप के भारी आयात को कम करने के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपये के बजट के साथ इस मिशन के दूसरे चरण को मंजूरी दी गई है, ताकि देश को वैश्विक केंद्र बनाया जा सके। मोबाइल फोन निर्माण अभियान के तहत विदेशी फोन पर निर्भरता खत्म करने के लिए 62,500 करोड़ रुपये की योजना स्वीकृत की गई है।

अभी आर्थिक चुनौतियों के चक्रव्यूह से निकलने के लिए सरकार को 'सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन' के मंत्र को और अधिक रणनीतिक ढंग से उपयोग में लाना



होगा। वैश्विक झटके और तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भारत को अपनी समष्टि-आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए अपनी रणनीतियों में बदलाव करना होगा। तेल की वैश्विक कीमतों में फिर से आए उछाल के कारण भारतीय रिजर्व बैंक के सामने असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। केंद्रीय बैंक को अब महंगाई को नियंत्रण में रखने के साथ-साथ विकास की गति को थमने से बचाना होगा। वैश्विक संकट के समय निजी निवेश में सुस्ती आना स्वाभाविक है। ऐसे में आर्थिक गतिविधियों को सहारा देने के लिए सरकार को अपने पूंजीगत व्यय को लक्ष्य के अनुरूप तेजी से कारगर बनाना होगा।

बुनियादी ढांचा परियोजनाओं-जैसे रेलवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, नए बंदरगाहों और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क में निवेश को प्राथमिकता देनी होगी। बुनियादी ढांचे में सरकारी निवेश बढ़ने से इस्पात, सीमेंट और निर्माण जैसे मुख्य क्षेत्रों में मांग बनी रहती है, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर नए रोजगार पैदा होते हैं और अर्थव्यवस्था का चक्र घूमता रहता है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में नए सिरे से व्यवधान आने की आशंका को देखते हुए भारत को घरेलू विनिर्माण पर अपनी निर्भरता बढ़ानी होगी। उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन योजनाओं का दायरा बढ़ाकर उन क्षेत्रों को शामिल करना चाहिए जो आयात पर अत्यधिक निर्भर हैं। भारत को अपनी निवेश नीतियों को और अधिक सरल बनाकर वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करना होगा। अब बढ़ती आर्थिक चुनौतियों के बीच मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को भी ढाल बनाना होगा। अप्रैल-मई 2026 में भारत का निर्यात पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले लगभग 15 प्रतिशत बढ़ा है। वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में भारत द्वारा तेजी से बढ़ाए जा रहे 'मुक्त व्यापार समझौते' नए बाजार खोलने में क्रांतिकारी बदलाव लाने वाले साबित हो रहे हैं। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार, भारत आगामी 10 महीनों में 9 नए व्यापार समझौतों को धरातल पर उतारने की तैयारी में है। उल्लेखनीय है कि 15 जुलाई का दिन भारत और ब्रिटेन के आर्थिक एवं व्यापारिक इतिहास में एक स्वर्णिम दिन के रूप में दर्ज हो गया है। इस दिन दोनों देशों के बीच लंबे समय से प्रतीक्षित और कई दौर की बेहद जटिल वार्ताओं के बाद तैयार किया गया ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता ( एफटीए) लागू हुआ है, जिसे व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता ( सीटा) कहा गया है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि जिस ब्रिटेन ने कभी भारत पर लंबे समय तक शासन किया था, उसी ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था का आज भारत एक बड़ा रणनीतिक साझेदार बन गया है।

यह मुक्त व्यापार समझौता ऐसे समय में लागू हुआ है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था पश्चिम एशिया संघर्ष और भू-राजनीतिक तनावों के दौर से गुजर रही है। ऐसे में भारत और ब्रिटेन का एक साथ आना दोनों देशों के आर्थिक परिदृश्य को बदलने की क्षमता रखता है। वर्तमान में भारत और ब्रिटेन के बीच वस्तुओं तथा सेवाओं का कुल सालाना व्यापार 55 से 60 अरब डॉलर मूल्य का है, जिसे वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। उम्मीद करें कि अब न्यूजीलैंड और यूरोपीय संघ के साथ एफटीए शीघ्र कार्यान्वित होगा। सरकार महंगाई नियंत्रण और सात प्रतिशत विकास दर के लक्ष्य को पाने के मद्देनजर नए सरल श्रम कानूनों के परिपालन, मुक्त व्यापार समझौतों के प्रभावी क्रियान्वयन, विशाल घरेलू बाजार की ताकत, नीतिगत सुधारों, बुनियादी ढांचे पर अधिक सरकारी खर्च, खेती- किसानी को प्रभावी सहारा देने के साथ-साथ पेट्रोलियम पदार्थों व जरूरी वस्तुओं की उपयुक्त आपूर्ति की राह पर रणनीतिपूर्वक आगे बढ़ेगी।

*( लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मानसून




योगेश कुमार सोनी

# महानगरों में जल-भराव के लिए बने रणनीति

हाल ही के दिनों में देशभर में वर्षा आ रही है। कई जगह बेहद प्रभावित हुई हैं। महानगरों के संदर्भ में बात करें तो हालात बेहद खराब हैं और इस बार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की स्थिति सबसे ज्यादा बेकार है। दिल्ली यमुना नदी खतरे से प्रभावित हो रही है। दिल्ली व मुंबई के कई इलाके इतने जलमग्न हैं कि लोगों के घरों में पानी घुस चुका है और वे बहुत कठिनाइयों के साथ समय निकाल रहे हैं। कोई रिश्तेदार के जा रहा है तो कोई होटल में रुका है और जिसकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, वह सड़कों पर डेरा डाले हुए है। दिल्ली को कनेक्ट करने वाले मुख्य मार्ग आईटीओ, लाल किला और रिंग रोड पर भी पानी भरने से दिल्ली पूरी तरह ठप हो गई । राजधानी होने की वजह से एक दिन में ही बहुत बड़ा आर्थिक नुकसान होता है। बहरहाल, यमुना में बाढ़ का विशेष कारण हथिनी कुंड बैराज से छोड़ा गया पानी बताया जाता है। हालांकि इस मामले में सभी राजनीतिक दल एक-दूसरे पर आरोप मढ़ते दिख रहे हैं। इस मामले पर राजनीतिक बयानबाज़ी जारी है। इस तरह के बयान जनता को बेवकूफ बनाने या पल्ला झाड़ने तक को सही है लेकिन यदि इसकी सच्चाई को देखें तो इन दोनों पार्टियों में से किसी एक ने भी इस ओर जरा सा भी काम नहीं किया। चूंकि स्पष्ट है कि हथिनी कुंड बैराज को अपग्रेड करने की बात हो रही है, लेकिन इस ओर एक कदम भी नही बढ़ा। वहीं दूसरी ओर दिल्ली से यूपी व हरियाणा जाने का सारा रास्ता अवैध प्रॉपर्टियों से बाधित है जिस पर कोई न कुछ कहता है और न ही कुछ करता है। कुल मिलाकर हालात यह हैं कि दिल्ली वालों को अपनी जान व माल की रक्षा व सुरक्षा स्वयं करनी पड़ रही है। इस बार भी देख लिया कि बाढ़ से निपटने की हमारे पास कोई व्यवस्था नही है। कोई भी ऐसा तंत्र या सिस्टम नहीं है जो आकस्मिक स्थिति में लोगों को बचा सके। दिल्ली के सबसे बड़े श्मशान घाट निगमबोध में लोग अपनों की चिता भी नहीं जला पा रहे हैं। चूंकि बाढ़ के पानी से पूरा घाट डूब चुका है, वहीं अस्पतालों में पानी भरने के कारण मरीजों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। दिल्ली की स्थिति को तकनीकी से समझा जाए तो विशेषज्ञों के अनुसार लगभग 20 किलोमीटर की नदी पर पुल के निर्माण के कारण पानी का प्रवाह रुकता है। यमुना में वजीराबाद से ओखला तक बीस से अधिक पुल 20 किलोमीटर के दायरे में आए पानी के बहाव को बाधित करते हैं। इससे नदी के तल में गाद जमा हो जाती है और रेतीले चट्टानों का निर्माण हो जाता है। यमुना के जलस्तर में बड़े स्तर पर बढ़ने का एक प्रमुख कारण गाद जमना है जिसके कारण पानी में ठहरावट कम हो जाती है और गति बढ़ जाती है। इस वजह से पानी एकदम प्रवाह में आकर अपना रौद्र रूप धारण कर लेता है। इसके अलावा दिल्ली में अपनी क्षमता से अधिक प्रॉपर्टी बन गई रही है जिसकी वजह से पानी की के ठहरने व बहने की जगह खत्म होती जा रही है। हालात यह है कि लोगों ने दिल्ली नगर निगम व सभी संबंधित विभागों से मिलकर तालाब, जोहड़ व अन्य सभी सरकारी खाली जगहों पर बिल्डिंग बना लीं जिससे स्थिति यह है कि दिल्ली में एक इंच जगह भी नहीं बची। नोएडा से दिल्ली जाने वाले डीएनडी एक्सप्रेस-वे पर खादर पर लोगों ने चार मंजिला इमारतें बना ली। सबको यह भलि-भांति पता है कि यह खादर की जगह है और यहां बाढ़ या थोड़ा सा भी पानी का स्तर बढ़ जाने पर जान-माल का खतरा हो सकता है। फिर भी विभागों की मिलीभगत से खुलेआम हर रोज कई प्रॉपर्टी बन जाती हैं। इसके अलावा महानगरों में जंगल के नाम पर कुछ नहीं बचा और जनसंख्या वृद्धि की वजह से जंगलों का विनाश लगातार जारी है। हम इस बात से जानकर भी अंजान बने हुए हैं कि पेड़ हमारी जिंदगी के पर्यायवाची है। जैसा कि हम यह बात बचपन से पढ़ते व समझते आ रहे हैं कि पेड़ों से हमें ऑक्सीजन मिलती है, जो इंसान की जिंदगी के लिए बेहद जरूरी है, लेकिन हम इस बात को शायद विनाश के बाद ही समझ पाएंगे। दुष्परिणाम अब लगातार देखने को मिल रहे हैं। जंगल, तालाब, झील व अन्य सभी प्राकृतिक स्त्रोत प्रकृति की सबसे बड़ी देन मानी जाती है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया में हर साल एक करोड़ हेक्टेयर इलाके के वन काटे जा रहे हैं। अकेले भारत में 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में फैले जंगल कट रहे हैं। इस वजह से हर देश के हर राज्य का मौसम प्रभावित होने लगा है। शहरीकरण के लालच व विकास की भूख ने हमारे जीवन से हरियाली को खत्म कर दिया। यदि इस मामले को लेकर शासन-प्रशासन समय से नहीं जागा तो आने वाला समय बेहद खतरनाक व चिंताजनक हो जाएगा, चूंकि प्राकृतिक आपदा संभलने का मौका बार-बार नहीं देती है।

*( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# लक्ष्य की प्राप्ति के लिए आवश्यक है समर्पण



संकलित
**दर्शन**

समर्पण प्रत्येक प्राणी के लिए अत्यंत आवश्यक भाव है। यही वह भाव है जिसके माध्यम से हम अपने आत्मीय जनों के प्रिय बन सकते हैं। यह स्मरण रहे कि राग, द्वेष, घृणा तथा स्वार्थ का त्याग किए बिना समर्पण की कल्पना व्यर्थ है। हमारे जीवन के प्रत्येक पहलू में समर्पण का भाव आवश्यक है। समर्पण हमारे लौकिक एवं पारलौकिक दोनों जीवन की उन्नति के लिए आवश्यक है। संबंधों में मधुरता के लिए हमें परस्पर समर्पण भाव रखते हुए रिश्तों का निर्वहन करना होता है। स्वार्थ की दृष्टि से बनाए गए रिश्ते अल्पावधि के उपरांत समाप्त हो जाते हैं। इसी प्रकार लक्ष्य की प्राप्ति के लिए भी समर्पण भाव का होना अत्यंत आवश्यक है। जब हम अपने संपूर्ण समर्पण के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए समर्पित हो जाते हैं, तब कोई भी लक्ष्य हमसे दूर नहीं रहता। समर्पण के साथ-साथ विश्वास का होना भी आवश्यक है। जिस प्रकार एक बीज धरती में रोपित किया जाता है, तो वह संपूर्ण रूप से खुद को धरती मां की गोद में समर्पित कर देता है। तभी उसमें विकास के नए अंकुर फूट पड़ते हैं। भास्कर की किरणें उसे शक्ति प्रदान करती हैं। पवन की शीतलता उसे दुलारती है। मेघ उसका अभिसिंचन करते हैं। इस प्रकार उसे संपूर्ण प्रकृति का सहयोग एवं साहचर्य मिलने लगता है। उसके बाद वह धीरे-धीरे एक संपूर्ण वृक्ष का आकार ले लेता है। एक ऐसे वृक्ष का, जिसके आश्रय में तमाम प्राणी शीतलता प्राप्त करते हैं। यही नहीं, वह वृक्ष सैकड़ों बीजों के जनक होने का गौरव भी प्राप्त करता है।

# हमारी लालसाएं और वृत्तियां नहीं बदलती



संकलित
**प्रेरणा**

एक पेड़ पर दो बाज रहते थे। दोनों अक्सर एक साथ शिकार की तलाश में निकलते और जो भी पाते, उसे शाम को मिल-बांट कर खाते। एक दिन दोनों शिकार के लिए निकले, तो एक को एक सांप मिला और दूसरे को एक चूहा। अपना-अपना शिकार चोंच में दबाए दोनों पेड़ पर वापस लौटे। दोनों ने अपना शिकार पकड़ा था और उन्हें बस चोंच में दबा रखा था, इसलिए साँप और चूहा- दोनों ही शिकार तब तक जीवित थे। सांप, चूहे का स्वादिष्ट भोजन पाने के लिए जीभ लपलपाने लगा और चूहा सांप के प्रयत्नों को देखकर अपने ही शिकारी बाज के डैनों में छिपने का उपक्रम करने लगा। दूसरे ने उससे पूछा, दोस्त! यह दार्शनिकों की तरह किस चिंतन में डूब गए? पहले बाज ने अपने पकड़े हुए सांप की ओर संकेत करते हुए कहा, देखते नहीं यह कैसा मूर्ख प्राणी है। जीभ की लिप्सा के आगे इसे अपनी मौत का विस्मरण हो रहा है। तब दूसरे बाज ने अपने चूहे की ओर देखते हुए कहा, यह भी तो उतना ही नासमझ है। भय इसे प्रत्यक्ष मौत से भी अधिक डरावना लगता है। पता है कि अगले ही पल मेरा निवाला बनने वाला है, तब भी साँप को देख कर मेरे डैनों में छुपने की कोशिश कर रहा है। वहीं पेड़ के नीचे एक मुसाफिर बैठा सुस्ता रहा था। उसने दोनों बाजों की बात सुनी और सोचने लगा, हम मनुष्यों की दशा भी इसी सांप और चूहे की तरह है। अंतिम क्षणों तक जीवन की आशा नहीं छूटती और न हमारी लालसाएं और वृत्तियां ही बदलती हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### एथेनॉल का प्रयोग कितना जरूरी?

देश को ईंधन के मामले में आत्मनिर्भर बनाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए वाहनों के लिए एथेनॉल का प्रयोग करना जरूरी है, लेकिन विपक्ष, कुछ राजनीतिक दल और अन्य लोग इस ईंधन का विरोध भी कर रहे हैं। ऐसे विरोधियों को इन बातों पर गंभीरता से विचार करना चाहिए, जैसे कि अमरीका और ईरान के बीच फिर से युद्ध छिड़ गया है, इसलिए हो सकता है कि देश में पेट्रोल और डीजल के लिए सरकार कुछ और नियम तय कर दे या फिर से यह चीजें महंगी हो जाएं। कुछ समय पहले कनाडा यूनिवर्सिटी ऑफ क्यूबेक के जैव रसायन प्रोफेसर एवं वैज्ञानिक मार्क ब्यूरेगार्ड ने बताया था कि धरती पर वर्ष 2070 तक पेट्रोल-डीजल खत्म हो जाएगा। इसलिए पेट्रोल और डीजल का संरक्षण जरूरी है।

*-शरद जोशी, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### भगवान जगन्नाथ यात्रा



भगवान जगन्नाथ की पवित्र रथ यात्रा के अवसर पर, मेरी कामना है कि उनका आशीर्वाद हम सभी पर सदैव बना रहे। उनकी दिव्य कृपा हमारे सभी देशवासियों के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करे।

- **नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### आईसीएआर



आईसीएआर ने अपने 98 वर्षों के सफर में चमत्कार कर दिखाए हैं। इसलिए, मैं उस तपस्या को नमन करता हूं जिसने भूख को परास्त किया। उस तपस्या को नमन जिसने अभाव को आत्मनिर्भरता में बदल दिया। उस तपस्या को नमन जिसने संकट को समाधान में बदल दिया।

-**शिवराज सिंह चौहान,** केंद्रीय कृषि मंत्री


### आधुनिक बस टर्मिनल



हमारी सरकार लगभग 130 करोड़ की लागत से हमीरपुर में राज्य का सबसे बड़ा और आधुनिक बस टर्मिनल बना रही है। मौजूदा बस टर्मिनल की जगह पर लगभग 200 करोड़ की लागत से एक आधुनिक सिटी सेंटर भी विकसित किया जाएगा।

-**सुखविंदर सिंह सुखु,** सीएम, हिमाचल प्रदेश

### 3 खदानों की नीलामी



झारखंड देश की लगभग 40% खनिज संपदा वाला राज्य है, लेकिन विडंबना यह है कि पिछले साढ़े छह वर्षों में हेमंत सरकार केवल 3 खदानों की ही नीलामी कर पाई है। इसके विपरीत, इसी दौरान पूरे देश में 434 खनिज ब्लॉकों की नीलामी हुई है।

-**बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

## करंट अफेयर

# ट्रंप की तस्वीर वाले स्मारक सिक्के का उत्पादन शुरू



अमेरिकी टकसाल ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर वाले एक डॉलर के नए स्मारक सिक्के का उत्पादन शुरू कर दिया है। अमेरिका की स्वतंत्रता की 250वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जारी किए जा रहे इस स्मारक सिक्के के अंतिम डिजाइन को इस वर्ष की शुरुआत में अमेरिकी आयोग (यूएस कमीशन ऑफ फाइन आर्ट्स) ने मंजूरी दी थी। अमेरिकी वित्त विभाग ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि आयोग के सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति ट्रंप ने की थी। हालांकि, बुधवार को जारी अंतिम सिक्का पहले स्वीकृत डिजाइन से कुछ मामलों में अलग है। सबसे प्रमुख अंतर यह है कि यह शुद्ध सोने का नहीं है, बल्कि इसे सुनहरी परत (गोल्ड फिनिश) दी गई है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि यह सिक्का ''स्वतंत्रता की स्थायी विरासत और देशभक्ति के स्थायी प्रतीक'' के सम्मान में जारी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप की तस्वीर वाला यह सिक्का अमेरिकी मूल्यों की मजबूती और सभी के लिए स्वतंत्रता बनाए रखने के राष्ट्र के संकल्प का प्रतीक है। रिपब्लिकन नेता ट्रंप अपने नाम और छवि को ऐतिहासिक रिकॉर्ड का हिस्सा बनाने के लिए जाने जाते हैं।

## ऑफ बीट

# कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में?



फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक, इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था - कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंततः इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया, उनमें कार्डियो करने के बाद वजन उठाने वालों की तुलना में काफी अधिक चर्बी कम हुई और वे पूरे दिन शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहे। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को 12 सप्ताह के लिए तीन समूहों में विभाजित किया। दोनों व्यायाम समूहों ने एक जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाए, केवल व्यायाम क्रम में अंतर था। प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, बाइसेप कर्ल और स्क्वाट जैसे व्यायाम किए। कार्डियो सत्र में 30 मिनट तक 'साइकिलिंग' शामिल थी। दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अपनी हृदय संबंधी फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और शारीरिक बनावट में सुधार का अनुभव किया।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

रायपुर
शुक्रवार 17 जुलाई 2026
आषाढ़, शुक्ल पक्ष तृतीय
वर्ष : 24, अंक : 356
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 32.2
न्यून. 26.0

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

03
रागिनी 3 की शूटिंग हुई शुरू



विचार पेज
ईरान युद्ध से बढ़ी आर्थिक चुनौतियां

# मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश आएंगे छत्तीसगढ़, बीएलओ की लेंगे बैठक, एसआईआर पर भी होगी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस महीने के अंतिम सप्ताह में छत्तीसगढ़ प्रवास पर आएंगे। बताया गया है कि वे यहां 26-27 जुलाई को आ सकते हैं। अपने प्रवास के दौरान वे बीएलओ की बैठक लेंगे। उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार ज्ञानेश कुमार का बस्तर जाना तय है, लेकिन इसके साथ ही वे बिलासपुर दौरे पर भी जा सकते हैं। बताया गया है कि राज्य में बैठक के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त यहां एसआईआर की प्रक्रिया की समीक्षा करेंगे।

खास खबर

### छत्तीसगढ़ में एसआईआर पर अब तक हुआ ये काम

छत्तीसगढ़ में एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण यानी मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध और अपडेट करने का ऐतिहासिक अभियान 21 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है. करीब 20-22 साल बाद, भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चले इस चार महीने के वृहद अभियान में राज्य स्तर पर कई महत्वपूर्ण कार्य पूरे किए गए हैं।

### बस्तर जाना तय, बिलासपुर का भी कार्यक्रम तय हो रहा



#### अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन और डेटा अपडेट

27 अक्टूबर 2025 से शुरू हुए इस मिशन-मोड अभियान के बाद 21 फरवरी 2026 को राज्य की अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई। इस शुद्धिकरण प्रक्रिया के बाद छत्तीसगढ़ में मतदाताओं की कुल संख्या 1.87 करोड़ से अधिक दर्ज की गई है। सूची को पारदर्शी बनाने के लिए गंभीर छंटनी की गई, जिसके तहत लगभग 25 लाख अपात्र, मृत, स्थानांतरित या दोहरे नामों को हटाया गया।

### डोर-टू-डोर सर्वे, 99 फीसदी गणना प्रपत्रों का वितरण

राज्य के 2 करोड़ 12 लाख से अधिक मतदाताओं में से लगभग 99 फीसदी पंजीकृत लोगों तक घर-घर जाकर प्री-फील्ड एन्यूमरेशन (गणना) फॉर्म और घोषणा प्रपत्र पहुंचाए गए थे। इस कार्य को समय पर पूरा करने के लिए 27,196 बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ), 33 जिला निर्वाचन अधिकारियों और करीब 38,846 बूथ लेवल एजेंटों (बीएलओ) की बड़ी टीम को मैदान में उतारा गया था।

### डिजिटलाइजेशन और टेक्नोलॉजी का उपयोग

छत्तीसगढ़ के सभी विधानसभा क्षेत्रों में प्राप्त गणना पत्रों को तीव्र गति से ऑनलाइन सर्वर पर फीड किया गया। वर्ष 2003 की पुरानी मतदाता सूची से मिलान न होने वाले (अनमैप्ड) या विसंगति वाले मतदाताओं को नोटिस जारी कर 13 मान्य दस्तावेजों के जरिए सत्यापन की सुविधा दी गई थी। साथ ही, गैर-मौजूद व स्थानांतरित मतदाताओं की सूची को राजनीतिक दलों की पारदर्शिता के लिए सर्चेबल मोड में अपलोड किया गया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1163
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सोनाक्षी सिन्हा ने वांगचुक का किया समर्थन



**नई दिल्ली।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा ने सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक के समर्थन में आवाज उठाई, जो पिछले 19 दिनों से भूख हड़ताल पर हैं। सरकार ने अब तक वांगचुक के साथ बातचीत क्यों शुरू नहीं की, जो देश के बच्चों के भविष्य के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### ऑनलाइन-काउंटर बुकिंग कैंसिलेशन पर रिफंड



**नई दिल्ली।** डाक विभाग ने ऑनलाइन या डाकघर के काउंटर से की गई बुकिंग रद्द करने पर डाक शुल्क वापस करने की सुविधा शुरू की है। विभाग की ओर से जारी अधिसूचना में यह जानकारी दी गई। ऐसे ग्राहक जिन्होंने वेब पोर्टल या मोबाइल ऐप के माध्यम से डाक सामग्री की स्वयं बुकिंग की है, वे डाकघर में सामग्री स्वीकार किए जाने से पहले बुकिंग रद्द कर डाक शुल्क की वापसी का दावा कर सकते हैं।

### हवाई अड्डे पर 365 किलो लाल चंदन जब्त



**नई दिल्ली।** सीमा शुल्क अधिकारियों ने इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 365 किलोग्राम से अधिक लाल चंदन जब्त किया है। इसे कथित तौर पर तस्करी कर देश से बाहर ले जाया जा रहा था। इस मामले में एक भारतीय यात्री को गिरफ्तार किया है। जांच के आधार पर अधिकारियों ने 13 जुलाई को हवाई अड्डे के टर्मिनल-तीन से हांगकांग जाने वाले एक भारतीय यात्री को रोका।

### एप का प्रचार और बेटिंग टिप्स देने का आरोप

# महादेव सट्टे के फेर में टीवी होस्ट शेफाली बग्गा भी, ईडी ने की कई घंटे पूछताछ

*ऑनलाइन महादेव सट्टा एप मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी ने गुरुवार को चर्चित टीवी होस्ट शेफाली बग्गा से घंटों पूछताछ की। उन पर अपने टेलीग्राम चैनल के माध्यम से एप के प्रचार और बेटिंग टिप्स देने का आरोप है। टीवी होस्ट शेफाली बग्गा से रायपुर स्थित ईडी के जोनल ऑफिस में पूछताछ की गई।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

ईडी ने दावा किया था कि टीवी होस्ट कथित तौर पर बेटिंग ऐप का प्रचार करती और खिलाड़ियों को बेटिंग से जुड़े टिप्स देती नजर आती हैं। ईडी के मुताबिक, शेफाली बग्गा का नाम खंजन जगदीश कुमार ठक्कर से जुड़ा है। जांच एजेंसी का आरोप है कि खंजन ठक्कर भारत में ऑनलाइन बेटिंग एप्स को चलाने और बढ़ावा देने वाले प्रमुख लोगों में शामिल है। जांच में उसे महादेव ऑनलाइन बुक से जुड़े हवाला नेटवर्क का अहम ऑपरेटर भी बताया गया है, जो वित्तीय लेनदेन संभालता था।

#### टीवी होस्ट से ईडी ने इन मामलों में पूछताछ की

- विदेशों में बेटिंग एप्स के संचालन के मामले में
- अवैध वित्तीय लेनदेन के मामले में
- टेलीग्राम चैनल के दुरुपयोग के मामले में
- महादेव ऑनलाइन बेटिंग एप और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में





महादेव सट्टा एप में छह और चार्जशीट
6000 करोड़ का मामला, 66 आरोपी

#### टीवी होस्ट पर यह आरोप

ईड के दावों के मुताबिक शेफाली बग्गा विदेशों, खासकर दुबई और लंदन से संचालित होने वाले बेटिंग एप्स का प्रचार करती थीं। जांच के दौरान एजेंसी को ऐसे प्रमोशनल पेज और अन्य डिजिटल सबूत मिले हैं, जिनमें शेफाली कथित तौर पर बेटिंग एप का प्रचार करती और खिलाड़ियों को बेटिंग से जुड़े टिप्स देती नजर आती हैं। जांच एजेंसी ▶▶| शेष पेज 5 पर

#### विकास गर्ग से पूछताछ जारी

इधर, दिल्ली से गिरफ्तार कर रायपुर लाए गए कारोबारी विकास गर्ग से उसके वित्तीय लेन-देन के बारे में ईडी ने गुरुवार को घंटों पूछताछ की। उससे महादेव सट्टा एप की रकम को किन किन वित्तीय संस्थानों में कब कब और कितनी राशि निवेश किया है, इस संबंध में पूछताछ की गई। सूत्रों के मुताबिक विकास गर्ग ईडी के सवालों से बचता नजर आया। इसके साथ ही पूछे गए सवालों का गोल मोल जवाब देता आया। कोलकाता के हवाला ▶▶| शेष पेज 5 पर

### हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी, कार्रवाई के निर्देश

## 16 साल से उम्रकैद काट रहे कैदी का रिकार्ड गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर



हाईकोर्ट ने एक गंभीर मामले में रायपुर जिला एवं सत्र न्यायाधीश से जवाब तलब किया है। यह मामला आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी की सजा माफी याचिका से जुड़ा है। रिकार्ड गायब होने के कारण पिछले काफी समय से लंबित है। इस लापरवाही पर हाईकोर्ट ने सख्त नाराजगी जाहिर करते हुए एक सपताह के भीतर रिकार्ड ढूंढने या जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जानकारी मंगाई है। मामला इस तरह है कि याचिकाकर्ता नवाब खान उर्फ डैनी उर्फ बाबा खान पिछले 16 वर्षों से जेल में बंद है। उसे वर्ष 2011 में धारा 302 हत्या के मामले में आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई गई थी। कैदी ने अपनी सजा में छूट के लिए आवेदन पेश किया है। आवेदन इसलिए आगे नहीं बढ़ पा रहा है क्योंकि मामले ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### एक सप्ताह का दिया समय

हाईकोर्ट ने रिकार्ड को एक सप्ताह के भीतर खोजने और अगली सुनवाई 29 जुलाई 2026 तक कोर्ट में रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है। डिवीजन बेंच ने कहा है कि यदि रिकार्ड नहीं मिलता है तो इसके लिए जिम्मेदार व्यक्ति के खिलाफ की गई कार्रवाई की जानकारी देनी होगी।

## पांचवी-छठवीं से लागू की जाए तीसरी भाषा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत नौवीं कक्षा से तीसरी भाषा शुरू किए जाने पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इससे छात्रों का तनाव बढ़ेगा। न्यायालय ने सुझाव दिया कि यदि तीसरी भाषा लागू करनी है तो इसे पांचवीं या छठी कक्षा से शुरू किया जाना चाहिए, ताकि छात्र इसे आसानी से सीख और समझ सकें। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने मौखिक रूप से केंद्र सरकार से ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### नयी नीति को चुनौती

इस बीच, सीजेआई सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की एक अन्य पीठ सीबीएसई की नयी नीति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर विचार कर रही है। हाल ही में उसने इस संबंध में जारी अधिसूचना पर रोक लगाने से इंकार कर दिया था। सुनवाई के दौरान तमिलनाडु की ओर से पेश अधिवक्ता ने कहा कि राज्य की आपत्ति त्रिभाषा नीति को लेकर है।

#### क्यों की गई टिप्पणियां

ये टिप्पणियां उस समय की गईं, जब न्यायालय तमिलनाडु सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उसने मद्रास उच्च न्यायालय के राज्य के प्रत्येक जिले में जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित करने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के निर्देश को चुनौती दी है।

### ई-20 पेट्रोल से कार का इंजन खराब

## आयोग के फैसले को चुनौती देगी मारुति कंपनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




देश की प्रमुख कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग (रायपुर) के उस आदेश को अदालत में चुनौती देगी, जिसमें कंपनी को एक ग्राहक के वाहन को 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई-20) अनुकूल वाहन से बदलने का निर्देश दिया गया है। कंपनी ने इसके लिए ईंधन में मिलावट का हवाला दिया है। मारुति सुजुकी इंडिया ने बयान में कहा कि इस मामले में शामिल कार पूरी तरह से ई-20 अनुकूल थी और ग्राहक के वाहन से निकाले गए ईंधन में मिलावट के सबूत मिले हैं। कंपनी ने कहा, हमें जिला उपभोक्ता फोरम के एक आदेश की जानकारी मिली है, जिसमें मारुति सुजुकी को ग्राहक के वाहन को एक नए ई-20 अनुकूल वाहन से बदलने का निर्देश दिया गया है। मारुति सुजुकी इंडिया ने कहा कि ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### यह है पूरा मामला

कचना निवासी डॉ. देवराज देवता ने तीन जून 2024 को कार खरीदी थी। कार में ई-20 मिश्रित पेट्रोल डालने की वजह से कार का इंजन खराब हो गया। इसके बाद डॉक्टर ने इसकी शिकायत उपभोक्ता फोरम में दर्ज कराई। फोरम ने 14 जुलाई 2026 को ▶▶ शेष पेज 5 पर




### 20 से मानसून सत्र, सरकार का बड़ा एजेंडा, विपक्ष ने भी की तैयारी

# 'वंदे मातरम्' के अपमान पर सख्त कानून की तैयारी, संसद में आएंगे कई अहम विधेयक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का अपमान करने या उसके गायन में बाधा डालने को दंडनीय अपराध बनाने तथा जन्म और मृत्यु के विलंबित पंजीकरण के प्रावधानों को और सख्त करने संबंधी विधेयकों सहित कई विधेयकों को 20 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र के दौरान लोकसभा में पेश किए जाने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। लोकसभा सचिवालय ने एक बुलेटिन जारी कर यह भी बताया कि सरकार ने विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक, 2026 ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### संसद का मानसून सत्र

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होने जा रहा है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, वरिष्ठ भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर शुक्रवार को एनडीए के सदन के नेताओं की बैठक बुलाई जा सकती है। इस सत्र में विपक्ष कई मुद्दों पर सरकार को घेर सकता है। इनमें नीट पेपर लीक, पश्चिम एशिया संघर्ष में भारतीय नाविकों की मौत और पेट्रोल में इथेनॉल मिलाने जैसे मुद्दे शामिल हैं।



#### महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयक

इससे पहले पिछले सत्र में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने वाला ऐसा ही एक संविधान संशोधन विधेयक गिर गया था, क्योंकि सरकार आवश्यक संख्या बल नहीं जुटा सकी थी। इस बार सरकार संशोधित महिला आरक्षण विधेयक के साथ परिसीमन विधेयक भी ला सकती है। सरकार सभी राज्यों के लिए लोकसभा सीटों की संख्या में 50 प्रतिशत की वृद्धि करने के विकल्पों पर काम कर रही है।

#### कांग्रेस की केंद्र पर बौछार की तैयारी

संसद के आगामी 19 दिवसीय मानसून सत्र से पहले कांग्रेस ने गुरुवार को अपनी संसदीय रणनीति समूह की बैठक आयोजित की। इसमें केंद्र सरकार को घेरने की रणनीति बनी। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस संसदीय दल (सीपीपी) की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने की। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित पार्टी के वरिष्ठ सांसद शामिल हुए।



मेंढकी के बच्चे ने एक दिन आसमान में हवाई जहाज को उड़ते देखा। वह अपनी मां से हवाई जहाज में बैठने की जिद्द करने लगा। मेंढकी मां ने बहुत समझाया कि हवाई जहाज सिर्फ इंसानों के बैठने के लिए होता है, लेकिन बच्चे ने हवाई जहाज में बैठने की रट लगाए रखी। आखिर मेंढकी मां ने बच्चे की जिद्द पूरी की, बहुत ही मजेदार ढंग से।

# मेंढकी के बच्चे ने की हवाई जहाज की सैर!

गुजराती कहानी

पुष्पा अंताणी

एक मेंढकी थी। उसका एक बच्चा था। मेंढकी और उसका बच्चा एक तालाब के किनारे रहते थे। बरसात के दिन आ गए थे, इसलिए मेंढकी को बहुत काम करने पड़ते थे। बच्चा अपनी मम्मी के इर्द-गिर्द खेला करता था। बच्चा बड़ा शैतान था। सारा दिन यहां-वहां नाचता-कूदता रहता था। वह जिद्दी भी बहुत था। कोई भी बात उसके मन में बैठ जाती तो वह उस बात को मनवा कर ही छोड़ता था।

एक दिन बच्चा तालाब किनारे खेल रहा था। तभी उसने अजीब-सी आवाज सुनी। आवाज आकाश से आ रही थी। बच्चे ने ऊपर आकाश की ओर देखा, एक हवाई जहाज उड़ रहा था।

बच्चे ने अपनी मम्मी से पूछा, 'मां... मां... वह ऊपर क्या उड़ रहा है?'

मेंढकी मम्मी ने बताया, 'वह तो हवाई जहाज है।'

बच्चा बोला, 'मां, मुझे हवाई जहाज में बैठना है।'

मेंढकी मम्मी बोली, 'तुम पागल हो गए हो क्या? हवाई जहाज में तो इंसान बैठते हैं, हम नहीं बैठ सकते।'

बच्चे ने जिद्द पकड़ ली, 'हम क्यों नहीं बैठ सकते? मुझे तो हवाई जहाज में बैठना ही है।' यह कहते हुए वह जोर-जोर से रोने लगा। मां ने उसे बहुत समझाया, पर वह तो रोते ही जा रहा था। कुछ भी करो, शांत ही नहीं हो रहा था। मेंढकी सोचने लगी कि अब वह क्या करे?



तभी एक बकरी वहां से गुजरी। मेंढकी ने बकरी से कहा, 'बकरी बहन... बकरी बहन... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'

उसकी बात सुनकर बकरी जोर से हंस पड़ी, बोली,'तुम्हारे बच्चे में अक्ल नहीं है, वह हवाई जहाज में थोड़े ही बैठ सकता है।'

इतना कहकर बकरी वहां से चली गई।



बच्चा रोते ही जा रहा था। मेंढकी ने दूर से एक गाय को आते हुए देखा। वह कूदती हुई गाय के पास गई और बोली, 'गाय मौसी... गाय मौसी... मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है।'

गाय को पहले तो बात समझ में ही नहीं आई। बाद में जब समझ में आया कि मेंढकी क्या कह रही है, तो वह 'भां... भां...' करते हुए जोरों से हंस पड़ी।

गाय बोली, 'तू पागल, तेरा बच्चा भी पागल। तेरा बच्चा हवाई जहाज में कैसे बैठ सकता है?'

इतना कहकर गाय भी वहां से चली गई।

एक घोड़ा घास खा रहा था। मेंढकी ने घोड़े को भी यही बात बताई। यह सुनकर घोड़ा मेंढकी पर गुस्सा हो गया। वह बोला, 'दुबारा ऐसी फिजूल की बात मेरे सामने मत करना। तेरा बच्चा हवाई जहाज में नहीं बैठ सकता।'

तालाब किनारे एक पेड़ पर बंदर रहता था। मेंढकी ने बंदर से भी विनती की, 'बंदर भैया, मेरा बच्चा सुबह से रोए जा रहा है। उसे हवाई जहाज में बैठना है। आप मेरी मदद करो ना।'

मेंढकी मम्मी की बात सुनकर बंदर हंसते-हंसते पागल हो गया। वह इतना हंसा कि जवाब भी नहीं दे पाया।

मेंढकी मम्मी हताश हो गई। सोचने लगी कि अब वह क्या करे? बच्चा किसी भी तरह मान नहीं रहा था। वह अधिक जोर से रोने लगा था। मेंढकी मम्मी को चिंता हुई कि बच्चा इतना रोएगा तो कहीं कुछ बुरा न हो जाए। वह भी रोने लगी।

तभी उसे 'गूंन... गूंन... गूंन' जैसी आवाज सुनाई दी। यह आवाज सुनकर बच्चा भी शांत हो गया। मेंढकी ने देखा तो एक भंवरा उड़ता हुआ आ रहा था। मेंढकी ने उसे रोका,'भंवरा, भंवरा, मेरी बात सुन।'

भंवरा रुक गया, उसने पूछा, 'क्या बात है?'

'देख, मेरे बच्चे को हवाई जहाज में बैठना है। मैं उसे हवाई जहाज में कैसे बिठा सकती हूं? अगर तू मेरी मदद करे तो यह काम हो सकता है।' मेंढकी ने भंवरे से आग्रह किया।

भंवरा बोला, 'मैं तेरी क्या मदद कर सकता हूं?'

मेंढकी मम्मी ने कहा, 'भंवरे, तू ही उसका हवाई जहाज बन जा। अगर तू मेरे बच्चे को अपने ऊपर बिठा कर उड़ता हुआ थोड़ी दूर तक घुमा ले आएगा तो उसे लगेगा कि वह हवाई जहाज में बैठकर आया है।'

पहले तो भंवरे ने मेंढकी की बात हंसी में उड़ा दी, पर जब मेंढकी ने बहुत विनती की तब वह बोला, 'ठीक है, मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनकर घुमा लाऊंगा, पर उसके बदले में तुझे भी मेरा एक काम करना होगा।'

मेंढकी मम्मी बोली,'तू जो बोलेगा वह सब मैं करूंगी।'

भंवरे ने कहा, 'सुन, अब बारिश के दिन आ गए हैं। इस मौसम में मैं पूरा दिन 'गूंन गूंन गूंन' की आवाज करता हुआ उड़ता रहता हूं, पर जब रात होती है तो मुझे बहुत डर लगता है। चारों ओर इतना सन्नाटा होता है कि मुझे डर लगता है। इसलिए जब बारिश हो, तब तू पूरी रात जाग कर आवाज करते रहना। तेरी आवाज सुनकर मुझे डर नहीं लगेगा। बोल, अगर मेरी यह बात तुझे मंजूर है तो मैं तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी हंसते हुए बोली, 'बस, इतनी सी बात! तेरी शर्त मुझे मंजूर है।'

भंवरे ने कहा, 'तब तो मैं भी तेरे बच्चे का हवाई जहाज बनने के लिए तैयार हूं।'

मेंढकी मम्मी ने अपने बच्चे को भंवरे की पीठ पर बिठा दिया और भंवरा हवाई जहाज की तरह हवा में उड़ने लगा। कभी दाएं तो कभी बाएं, कभी ऊपर तो कभी नीचे। भंवरा हवाई जहाज की तरह 'गूंन गूंन गून' आवाज भी कर रहा था। मेंढकी के बच्चे को बहुत मजा आ रहा था। भंवरे ने बहुत सारे चक्कर लगाने के बाद बच्चे को नीचे उतारा।




'मां... मां... मुझे हवाई जहाज में बहुत मजा आया।' ऐसा कहते हुए वह अपनी मां से लिपट गया।

'भंवरा अंकल, थैंक्यू!' बच्चे ने भंवरे से कहा।

भंवरे ने मेंढकी से कहा, 'हमारी बात याद है ना? अब तू भी मेरा काम करने के लिए तैयार हो जा।'

उसी दिन बहुत बारिश हुई। रात में मेंढकी बारिश में पूरी रात 'ड्रांव-ड्रांव' बोलती रही। आगे भी वह रात में बारिश होने पर 'ड्रांव-ड्रांव' करती ताकि भंवरा डरे नहीं। दोनों बहुत अच्छे दोस्त हो गए। मेंढकी का बच्चा अकसर भंवरे की पीठ पर बैठकर हवाई जहाज की सैर का मजा लेता। *

अनुवाद: सेतु अंताणी



• सभी इमेज एआई

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव चमन

## काले बादल

बन सैलानी,
ले कर पानी,
फिर आए हैं काले बादल।
रौब जमाते,
शोर मचाते
घिर आए हैं काले बादल।
हाथापाई,
चोर सिपाही
खेल कर रहे काले बादल।

हाथ मिला कर
गले लगा कर
मेल कर रहे काले बादल।
हवा ने डांटा,
मारा चांटा
लौटे रो कर काले बादल।
घर-आंगन को,
वन-उपवन को
गए भींगो कर काले बादल।



एआई इमेज

## हंसगुल्ले



**टिंकू (रिंकू से):** तुम्हारी बेतुकी बातों से मेरा दिमाग खराब हो गया है। मैं तुम्हारे घर आ रहा हूं।
**रिंकू:** अरे! तब तुम मेरे घर नहीं, मेरे मामा जी के घर जाओ।
**टिंकू:** क्यों?
**रिंकू:** क्योंकि वो दिमाग के डॉक्टर हैं।
- **संगीता, बिलासपुर**

**रोहन:** क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन:** नहीं।
**रोहन:** फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
- **उमेश, जबलपुर**

**डॉक्टर:** मिक्की, इस दवाई को दिन में चार चम्मच लेना।
**मिक्की:** फिर तो मैं यह दवा नहीं पी पाऊंगी।
**डॉक्टर:** वो क्यों?
**मिक्की:** मेरे घर में तो सिर्फ दो चम्मच ही हैं।
- **कविता, दुर्ग**

## जीके क्विज-214

1. भारत के 98 वें शतरंज ग्रैंड मास्टर कौन बन गए हैं?
2. पृथ्वी अपने अक्ष पर कितने डिग्री झुकी हुई है?
3. किस देश की टीम ने महिला टी-20 क्रिकेट वर्ल्ड कप जीता?
4. देश के वर्तमान सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री कौन हैं?
5. जल का रासायनिक सूत्र क्या है?
6. गौतम बुद्ध का जन्म कहां हुआ था?
7. मानव शरीर की सबसे बड़ी अस्थि (बोन) का नाम क्या है?
8. भारत का राष्ट्रीय जलीय जीव क्या है?
9. हाल में ही किस युद्धपोत को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया?
10. 'सत्यमेव जयते' का आदर्श वाक्य किस उपनिषद से लिया गया है?



बच्चो, जीके क्विज-214 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-213 का उत्तर :** 1 इंडोनेशिया, 2.आशुतोष दीक्षित, 3.हर्षवर्धन जीबी, 4.इंग्लैंड, 5.कलिंग युद्ध, 6.उपराष्ट्रपति, 7.हीमोग्लोबिन, 8.नाइट्रस ऑक्साइड, 9.करमचंद गांधी, 10.विटामिन-ए


**जीके क्विज-213 का सही उत्तर देने वाले :** दीक्षिता-बादली, सचिन-बिलासपुर, कोमल-गरियाबंद, तुषार-सारंगढ़ बिलाईगढ़, सूरज-रायगढ़, सपना-खैरागढ़, अजय-रायपुर, रोहन-बालोद, कबीर-हिसार, कुणाल-बलौदा बाजार, रिया-दुर्ग

एडवाइस

डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, पढ़ाई में अच्छे होने के साथ तुम्हारा कम्युनिकेशन स्किल भी बेहतर होना चाहिए। सही ढंग से बोलना, किसी की बात को ध्यान से सुनना और प्रभावी हाव-भाव रखना, तुम्हें हर जगह कॉन्फिडेंस के साथ आगे बढ़ने में मदद करेगा। बच्चो, छोटी- छोटी बातें ध्यान में रखकर तुम अपना कम्युनिकेशन स्किल इंप्रेसिव बना सकते हो।

# बनो अच्छे कम्युनिकेटर जीतो सबका दिल





बच्चो, स्कूल खुल चुके हैं। नए सेशन की शुरुआत हो चुकी है। धीरे-धीरे तुम्हारी पढ़ाई भी रफ्तार पकड़ने लगेगी। अपने आपसे प्रॉमिस करो कि इस वर्ष पढ़ाई के साथ ही तुम्हें अपने कम्युनिकेशन को भी सुधारना है। क्लासरूम हो या घर, अच्छे से कम्युनिकेट करना सीखो। इसे अपनी आदत बनाओ। छोटी-छोटी बातों पर ध्यान देकर अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाया जा सकता है। खुद को प्रभावी ढंग से एक्सप्रेस करने का अंदाज पढ़ाई, स्कूल के प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन और पर्सनल इंप्रूवमेंट तक हर क्षेत्र में काम आता है।

**समझो प्रभावी कम्युनिकेशन:** टीचर, रिलेटिव्स या तुम्हारे फ्रेंड्स के भैया-दीदी या दूसरे कुछ लोगों से बातचीत करना अच्छा लगता है ना! उनका बातचीत का अंदाज इतना इंप्रेसिव होता है कि तुम मन से उनकी बातें सुनते हो। उनकी कही बातों को अच्छे से समझ पाते हो। असल में किसी इंसान द्वारा अपने विचारों और जानकारियों को स्पष्टता और सही ढंग से समझा पाना ही प्रभावी कम्युनिकेशन का सबसे अहम पहलू है। अच्छे से कम्युनिकेट करना केवल बोलना नहीं होता। यह सही ढंग से बातचीत करने का सधा हुआ तरीका होता है।

**प्रभावी कम्युनिकेशन के फायदे:** अगर तुम अच्छे से संवाद करोगे, सही ढंग से अपनी बात रखोगे, तो यह स्कूल के कार्यक्रम में भागीदारी से लेकर सहज जीवन में भी तुम्हें काम आएगा। कम्युनिकेशन स्किल अच्छी होगी तो तुम मम्मी-पापा को अपनी उलझन, कुछ नया सीखने की योजना या अपने एक्सपेक्टेशंस भी अच्छे से बता पाओगे। ऐसे में पैरेंट्स के लिए भी तुम्हारे दिल की बात समझना आसान होगा। साथ ही तुम्हारे दिमाग की किसी उलझन को भी घर के बड़े बिना किसी गलतफहमी के सही ढंग से जान पाएंगे।

**कम्युनिकेशन में हाव-भाव की भूमिका:** अच्छे कम्युनिकेशन के लिए जरूरी है कि अपने हाव-भाव को समझो। कई बार हमारे शब्द और बॉडी लैंग्वेज अलग-अलग होते हैं। इस स्थिति में कही गई बात सही तरीके और सही मीनिंग के साथ सामने वाले इंसान तक नहीं पहुंचती। कई बार कम्युनिकेशन की प्रक्रिया में 50 प्रतिशत से अधिक तो बॉडी लैंग्वेज की ही भूमिका होती है। बातचीत के दौरान अगर आइ-कॉन्टेक्ट, बॉडी पोश्चर और आवाज का टोन शब्दों से मेल नहीं खाता तो सुनने वाले को प्रभावित नहीं किया जा सकता। तुम्हारे ही हाव-भाव कंफ्यूजिंग होंगे तो सामने बैठे लोगों तक पहुंचते-पहुंचते शब्दों का अर्थ ही अलग हो जाएगा। सोचो, कोई व्यक्ति हैप्पी रहने की बात समझाते हुए सीरियस रहे तो कितना अजीब लगेगा ना। बच्चो, सही ढंग से और प्रभावी हाव-भाव के साथ बात करने वाले सबका दिल जीतते हैं।

**माइंडफुल लिसनिंग है जरूरी:** प्रभावी कम्युनिकेशन का मतलब अपनी बात कहना भर नहीं होता। जैसे अपने बड़ों से बात करते हुए ही नहीं, छोटे भाई-बहनों, फ्रेंड्स या क्लासमेट्स से बातचीत करते हुए भी सही रेस्पॉन्स देना जरूरी है। सामने वाले की बात को बीच में काटे बिना हाव-भाव से यह बताना आवश्यक है कि तुम उनकी बात समझ रहे हो। इसके लिए माइंडफुल लिसनिंग सबसे ज्यादा जरूरी है। साथ ही सामने वाले की बात सुनने के बाद थोड़ा सोचकर बोलने के लिए भी पहले उसे सही ढंग से सुना जाना जरूरी है। क्लास में टीचर्स के सवालों का जवाब देना हो या किसी कार्यक्रम में भागीदारी करना। हर समय पहले कही जा रही बात, प्रश्न या सलाह को ठीक से सुनने की आदत बनाओ। अच्छे से सुनना अपने कम्युनिकेशन को बेहतर बनाने का बेहद जरूरी पहलू है। इस पर हमें जरूर ध्यान देना चाहिए। *

### ऐसे सुधारो अपने हाव-भाव

**तुम खुद** को बोलते हुए मिरर में देखकर और दूसरे लोगों को बोलते हुए ध्यान से देख-सुनकर सही हाव-भाव सीखने की कोशिश कर सकते हो। इसके लिए मम्मी-पापा से अपना वीडियो बनवाकर भी प्रैक्टिस कर सकते हो। इस मामले में बड़ों का फीडबैक बहुत हेल्प करता है। उनकी सलाह लेकर तुम भी अपनी कमियां सुधार सकते हो। बच्चो, किसी खास अवसर पर ही नहीं, आम जीवन में भी सही एक्सप्रेशन के साथ किया गया संवाद बहुत प्रभावी होता है।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

## जानो पिनकोड की कहानी

बच्चो, तुमने देखा होगा कि पत्र में जहां पर पता लिखा होता है, उसके अंत में छह अंकों की एक संख्या लिखी होती है, इसे पिनकोड कहते हैं- पोस्टल इंडेक्स नंबर। यह अलग-अलग छह अंकों का नंबर, डाक विभाग की पहचान से जुड़ा होता है। डॉ. विमला भंडारी लिखित किताब 'छह अंकों का जादू' (पिनकोड की कहानी) में पिन कोड के बारे में बहुत ही रोचक ढंग से एक कहानी के रूप में जानकारी दी गई है। सुनीता के हाथ में एक कागज का टुकड़ा देखकर उसकी दोस्त वनिता पूछती है कि यह चिट्ठी बिना रास्ता पूछे घर कैसे पहुंच गई? यह जानने के लिए दोनों दोस्त डाकघर जाती हैं, जहां उन्हें पिनकोड के बारे में जानकारी मिलती है। घर पहुंचकर सुनीता अपने पिताजी से जब पिनकोड के बारे में पूछती है तो वह और विस्तार से बहुत सरल तरीके से बताते हैं कि पिनकोड का पहला, दूसरा, तीसरा और आखिरी के तीन अंकों की सहायता से कैसे अमुक व्यक्ति तक उसका पत्र पहुंच जाता है। इस तरह पत्र के पते में पिनकोड लिखा होने से चिट्ठियां गुम नहीं होतीं। अब तो ऑनलाइन ऑर्डर में भी पिनकोड लिखना जरूरी होता है। किताब में यह भी जानकारी दी गई है कि पिनकोड की खोज श्रीराम भिक्षु चक्रवर्ती ने की थी। पुस्तक में पिनकोड पर लिखी ये पंक्तियां भी मजेदार हैं- 'छह अंकों का पिन है प्यारों/रास्ता दिखलाए सही-सही।/डाक-संदेश पहुंचा दे यारों/चिट्ठी-पार्सल को गली-गली।' *




**किताब** : छह अंकों का जादू (पिनकोड की कहानी), **लेखिका:** डॉ. विमला भंडारी, **मूल्य:** 135 रुपए, **प्रकाशक:** द बिट्स, जयपुर (राजस्थान)

## रंग भरो-206

**रंग भरो-206** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**अगमजोत, कोंडागांव**



आशुतोष, उमरिया



ईशानी, बिलासपुर



दिव्या, बिलासपुर



प्रत्यूष, कोरबा



याचना, गरियाबंद

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

कृष्ण-रायपुर, आशना-जांजगीर, कविता-रायपुर, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, संपत-जांजगीर, सरल-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, रोहित-करनाल, विकास-बिलासपुर, रचना-कोरबा

## रंग भरो 207



बच्चो, यहां दिए गए क्यूट-से ब्लैक एंड व्हाइट चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

# रागिनी 3 की शूटिंग हुई शुरू

*प्रसिद्ध भारतीय फिल्म निर्देशक, लेखक और निर्माता शशांक घोष 'रागिनी 3' का निर्देशन कर रहे हैं। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। हाल ही में तमन्ना ने इस फिल्म की शूटिंग के पहले दिन की एक खास तस्वीर साझा कर फिल्म को लेकर फैंस की उत्सुकता को और अधिक बढ़ा दिया है।*



एजेंसी ▶▶ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर 'रागिनी 3' के सेट से एक खास तस्वीर साझा कर फैंस का दिल जीत लिया है। तमन्ना ने 'रागिनी 3' के क्लैप बोर्ड के साथ एक खास तस्वीर इंस्टाग्राम स्टोरी पर साझा की है। इस तस्वीर में क्लैप बोर्ड के ऊपर लिखा है- '15.07.26 दिन पहला' यानी इस फिल्म की शूटिंग 15 जुलाई से शुरू हो चुकी है। 'रागिनी 3' का निर्देशन शशांक घोष करेंगे, जिन्होंने 'वीरे दी वेडिंग' और 'खूबसूरत' जैसी हिट फिल्मों के अलावा 'फ्रेडी' और 'क्विक गन मुरुगन' जैसी लीक से हटकर फिल्में बनाई हैं। इस फिल्म में तमन्ना भाटिया नजर आएंगी।

बाकी स्टार कास्ट की जानकारी अभी आधिकारिक तौर पर सामने नहीं आई है। इस फिल्म की निर्माता एकता कपूर हैं, जिन्होंने इस फिल्म के पहले के दोनों भागों का भी निर्माण किया है। अभी तक एकता कपूर की फिल्म 'रागिनी' के दो भाग रिलीज हो चुके हैं। अब एकता 'रागिनी 3' लेकर आ रही हैं। 'रागिनी 3' आगामी बॉलीवुड हॉरर-थ्रिलर फिल्म है। इसे 'रागिनी एमएमएस' फ्रेंचाइजी का तीसरा भाग माना जा रहा है। तमन्ना भाटिया के अलावा इस फिल्म में जुनैद खान, नरगिस फाखरी और आयुष शर्मा मुख्य भूमिकाओं में नजर आ सकते हैं।




## फौजी की रिलीज डेट का ऐलान

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'फौजी' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया गया है। मेकर्स ने इसी के साथ एक दिलचस्प नया पोस्टर भी शेयर किया है। एक तरफ फैंस जहां बेसब्र हो गए हैं, वहीं अब दिसंबर के पहले हफ्ते में बॉक्स ऑफिस पर 'फौजी' की टक्कर आलिया भट्ट, अजय देवगन और अक्षय कुमार की फिल्मों से भी होने वाली है। मैत्री मूवी मेकर्स ने गुरुवार को एक नया और खतरनाक पोस्ट जारी करते हुए इसका ऐलान किया है, जिसमें प्रभास युद्ध के मैदान में बारिश में भीगते हुए दिखाई दे रहे हैं। उनके हाथों में बंदूक है और शरीर खून से सना हुआ है। पोस्टर को शेयर करते हुए लिखा है, 'अज्ञातपर्व का अंत। बगावत की शुरुआत। 'फौजी' 3 दिसंबर को दुनियाभर में बड़े पैमाने पर रिलीज होगी।' मेकर्स ने जो नया पोस्टर शेयर किया है। उसमें प्रभास लाशों से पटे पड़े मैदान में एक चट्टान पर बैठे हैं। उनके हाथों में बंदूक है। 'फौजी' के मेकर्स ने इससे पहले बीते साल 23 अक्टूबर को प्रभास के जन्मदिन पर फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया था। मेकर्स ने बीते साल अक्टूबर में यह साफ किया था कि 'फौजी' एक वीर योद्धा की कहानी है।



## हैवान में साथ नजर आएंगे अक्षय और सैफ

**मुंबई।** लगभग 17 साल बाद सैफ अली खान और अक्षय कुमार फिल्म 'हैवान'में साथ नजर आएंगे। इस फिल्म से उनके लुक भी सामने आ चुके हैं। एक्टर्स के लुक के साथ फिल्म की रिलीज डेट भी साझा की गई है। फिल्म 'हैवान' का पोस्टर अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम पर साझा किया है। इस पोस्टर में उनका लुक काफी खूंखार दिख रहा है। वहीं, सैफ अली खान भी काफी अलग नजर आ रहे हैं। पोस्टर के साथ लिखा है, 'एक को सबकुछ दिखता है, एक से कुछ मिस नहीं होता है। हैवानियत अब नहीं रुकेगी।'फिल्म के पोस्टर को देखकर ही लग रहा है कि इसमें दोनों एक्टर्स के किरदार दर्शकों को हैरान करेंगे। कुछ महीने पहले एक इवेंट में अक्षय कुमार ने बताया था कि फिल्म 'हैवान' में वह नेगेटिव रोल करने वाले हैं।

**GOVERNMENT OF MAHARASHTRA**
**PUBLIC WORKS DIVISION, NASHIK**

**E-Tender Notice No.8 for 2026-27 (Online)**

Online E-Tenders in "B-1" Form for the following works invited by Executive Engineer, P.W.Division, Nashik Phone No. (0253/2583761-64, 2575324) for and on behalf of Governor of Maharashtra State From Capable of P.W.Deptt. Registered / Unregistered Contractor or International Contractor whose Sub company / branch in India and also complete terms and conditions mentioned in tender document.

Tender document download on our website https://mahatenders.gov.in Right of rejection of E-tender / cancellation of E-tender reserved by The Executive Engineer, P.W.Division, Nashik. *Conditional Tender will not be accepted.

**Note:-** Above mentioned E-Tender Notice including Total 2 (Two) (Costing upto Rs.150.00 Lacks) Works And details of mentioned E-Tender Notice available on below website.

1. **www.mahapwd.gov.in**
2. **https://mahatenders.gov.in**

| Tender Document Sale Start and End Date Time | 17.07.2026 | | to | 24.07.2026 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | From | 11:05 | | Upto | 17:00 |

* Blank E-Tender form Fees (Non refundable) and EMD amount will be accepted Online only.
* Post Qualification criteria condition included in tender document
* All eligible/ intrested Contractors are required to be enrolled on portal https://mahatenders.govin before down loading tender documents and participate in e-tendering
* The information of E-Payment Gateway available on E-Tendering website https://mahatenders.gov.in

**Please Note this to all Registered / Unregistered Contractors / Experience and Reputed Registered Firms, Consortium Pvt. Ltd., Company NGO, etc..**

**Executive Engineer**
**Public Works Division, Nashik**

**आरओसी- 2026-27/क्र.-5/C-1762**

# 69 साल पुराना गाना, उम्रकैद की सजा काट रहे कैदियों के लिए लिखा

*नई दिल्ली। हिंदी सिनेमा में ऐसे कई गाने हैं, जो लोगों की जिंदगी का अहम हिस्सा बने हुए हैं। कुछ गाने सिर्फ मनोरंजन नहीं करते, बल्कि पीढ़ियों तक संस्कार, प्रेरणा और भावनाओं की पहचान बन जाते हैं। ऐसा ही एक गाना करीब सात दशक पहले एक फिल्म के लिए लिखा गया था, लेकिन वक्त के साथ उसकी पहचान पूरी तरह बदल गई. आज भी देश के हजारों स्कूलों में सुबह की शुरुआत इसी गाने से होती है। करोड़ों लोगों की यादों में बस चुका यह गीत है 'ऐ मालिक तेरे बंदे हम'।*

### राजस्थान के गीतकार की कलम से निकला ये गाना, लता ने बनाया अमर

साल 1957 में रिलीज हुई डायरेक्टर वी. शांताराम की क्लासिक फिल्म 'दो आंखें बारह हाथ' का यह गाना असल में किसी स्कूल की प्रार्थना के लिए नहीं लिखा गया था। इसे राजस्थान के बीकानेर में जन्मे मशहूर गीतकार भरत व्यास ने लिखा था। उनके शब्दों में इंसानियत, सत्य, करुणा और सही राह पर चलने का संदेश छिपा था। जब इस गीत को लता मंगेशकर और मन्ना डे की सुरीली आवाज मिली और संगीतकार वसंत देसाई ने इसे अपनी धुनों से सजाया, तो यह हमेशा के लिए अमर हो गया। धीरे-धीरे यह गाना सिर्फ फिल्मी




दुनिया तक सीमित नहीं रहा, बल्कि देशभर के स्कूलों की प्रार्थना सभा का अहम हिस्सा बन गया। आज भी हजारों स्कूलों में छात्र सुबह की शुरुआत 'ऐ मालिक तेरे बंदे हम...' गाकर करते हैं।

### कैसे बना करोड़ों भारतीयों की भावनाओं का हिस्सा

'दो आंखें बारह हाथ' हिंदी सिनेमा की सबसे यादगार फिल्मों में गिनी जाती है। फिल्म में वी. शांताराम ने मुख्य भूमिका निभाई थी, जबकि संध्या और वी. एन. व्यास जैसे कलाकार भी अहम किरदारों में नजर आए थे। फिल्म की कहानी और इसके संदेश को दर्शकों ने खूब पसंद किया, लेकिन इसकी सबसे बड़ी पहचान बना यही गीत। यह गाना लिखा तो फिल्म में दिखाए गए कैदियों को सही राह दिखाने के लिए था, लेकिन इसमें छिपे संदेश को इतना पसंद किया गया कि स्कूलों की प्रार्थना का हिस्सा बन गया। इस गाने की सादगी, गहरे अर्थ और प्रेरक संदेश ने इसे भारतीय संगीत इतिहास के सबसे यादगार गीतों में शामिल कर दिया।

## 1942 ए लव स्टोरी के 32 साल हुए पूरे



नई दिल्ली। अनिल कपूर और मनीषा कोइराला की ब्लॉकबस्टर फिल्म '1942 ए लव स्टोरी' को रिलीज हुए 32 साल पूरे हो गए।। 1994 में रिलीज हुई इस फिल्म के गाने और कहानी आज भी लोगों को काफी पसंद आती है। फिल्म के 32 साल पूरे होने पर अब अनिल कपूर ने एक दिल छू लेने वाले पोस्ट शेयर किया है। साथ ही फिल्म से जुड़ी कुछ तस्वीरें भी साझा की हैं। अनिल कपूर ने फिल्म के 32 साल पूरे होने पर अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म के सेट से जुड़ी कई तस्वीरें साझा की हैं।

## द बैटमैन... का आया फर्स्ट लुक



लॉस एंजिल्स।' द बैटमैन पार्ट 2' से रॉबर्ट पैटिनसन का पहला लुक सामने आ गया है। मैट रीव्स ने सोशल मीडिया पर एक छोटा सा टीजर शेयर किया है। टीजर में रॉबर्ट पैटिनसन बैटमैन के लुक में नजर आ रहे हैं। वीडियो की शुरुआत दमदार म्यूजिक से होती है। इसमें बैटमैन की पीठ दिखाई देती है और उनके आसपास बारिश हो रही होती है। वीडियो में पीछे पुलिस की गाड़ी की फ्लैशिंग लाइट्स भी नजर आती हैं। धीरे-धीरे बैटमैन कैमरे की तरफ मुड़ते हैं। आखिर में वह सीधे आगे देखते हैं और फिर फिल्म का लोगो और नई रिलीज डेट सामने आती है। इससे पहले इस फिल्म को 1 अक्टूबर 2027 को रिलीज किया जाना था।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**टीचर**

आवश्यकता है- कंप्यूटर व कॉमर्स ग्रुप हेतु अंग्रेजी माध्यम स्कूल में शिक्षक की आवश्यकता है वेतन 8 से 15 हजार अनुभवी को प्राथमिकता संपर्क MIG 1068 के सामने वीर शावरकर नगर हीरापुर रायपुर ज्ञान भारती हा. से. स्कूल मोबाइल- 8319496635.(आरो-890)

**दुकान कार्य/ड्रायवर**

आवश्यकता है- PVC पाइप दुकान में काम करने हेतु लड़के चाहिए 06, Tata Ace ड्राइवर 02 पता- आर.बी.पाटीदार एंड कंपनी नर्सिंग मील कम्पाऊन्ड प्लेट फार्म नंबर- 7 के पास गुढ़ियारी रायपुर छत्तीसगढ़ मोबाइल नंबर- 8435904413.(आरो-889)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़ा दुकान में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है। पता:- रेमंड शोरूम के पीछे पंडरी रायपुर मों.:-89599-61875.(आरो-888)

आवश्यकता है- थोक दवाई दुकान में लड़को/लड़की (फ्रेशर/अनुभवी) की जरूरत है वेतन योग्यता अनुसार: *आशीष शुभम मेडिकोज 41 छत्तीसगढ़ दवा बाज़ार राजबंधा मैदान रायपुर 81039 81038. (आरो-188)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यकता है- किराना एवं डेली नीड्स की दुकान में कार्य करने हेतु कर्मचारीयों की वेतन 10 से 15 हजार योग्यतानुसार अनुभवी को प्राथमिकता । संपर्क:- सी - मार्केट सेक्टर-6 भिलाई 98266-84859. (आरो-316)

**पैकिंग कार्य**

आवश्यकता है- चायपत्ति में पैकिंग कार्य के लिये लेडिस व लोडिंग अनलोडिंग के लये पुरूष कि आवश्यकता है संपर्क जैन ट्रेडर्स नियर SBI ATM आकृति विहार अमलीडीह रायपुर मों नं. - 74699-80000, 0771-4075490.(आरो-883)

**चिकित्साकर्मी**

आवश्यकता है- नर्सिंग स्टाफ (GNM/ ANM/ अनुभवी) पैरामेडिकल OT टेक्नीशियन, रिसेप्शनिस्ट नाइट आया बाई, गार्ड - कैलाश कान्ता हॉस्पिटल जोरा रायपुर- 9300734153, 0771-2994153. अनुभवी को प्राथमिकता, उचित वेतन (आरो-283)

**टेक्नीशियन**

आवश्यकता है- यूरेका फोर्ब्स (Aquaguard) : सर्विस टेक्नीशियन -10 , टेलीकॉलर - 2, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव - 6, दीपिका सर्विसेज - कर्मचारी कॉलोनी, कुशालपुर मोबाइल: 9826652461. (आरो-893)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**ऑपरेटर/इंचार्ज**

Wanted- Computer Operators & Dispatch Incharge- 5–6 years' experience, SAP/ Oracle ERP knowledge preferred, Experience in vehicle dispatch and labour management (for Dispatch Incharge), Preference to candidates with C&F experience in the Pesticide/Fertilizer industry, Good computer skills and a responsible attitude. Send your resume on 8700749996, Location: Ring Road No. 2, Gondwara, Raipur.(आरो-902)

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- घरेलू महिला सहायक चाहिए, उम्र 18-40। (24 घंटे को प्राथमिकता,) अन्यथा 11–12 घंटे। कपड़े व घरेलू काम, कभी बच्चे की देखभाल; काम वाली न आए तो झाड़- पोछा- बर्तन। अनुभवी जरूरी। 24 घंटे हेतु रहना- खाना। 2 छुट्टी /माह। न्यू चंगोराभाठा, रायपुर। 7039749769. (आरो-047)

आवश्यकता है- बच्चा सँभालने हेतु 24 घंटे की बाई (लड़की)चाहिये। रहना एवं खाना दिया जाएगा। स्थान महावीर नगर , रायपुर सॉम्पर्क करे 7024416652.(आरो-892)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**ड्रायवर**

शीघ्र आवश्यकता- स्कूल बस चालक/ मैजिक चालक- 5 पद, परिचालक - 5 पद, सुरक्षागार्ड- 05 पद, आया मदर -8 पद, संपर्क करे- मो. नं. 7389358588, 7805015500, पता- 01, सुंदर नगर रायपुर (आरो-ghos)

आवश्यकता है- अनुभवी कार ड्राइवर की आवश्यकता न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव अनिवार्य, वेतन 15,000 प्रतिमाह। समय : सुबह ९ बजे से रात्रि ९ बजे तक, संपर्क करें: 9826708233 ,पता: 4/17, दक्षिण गंगोत्री, पोस्ट सुपेला, भिलाई (छ.ग.) (RO-SPD/0062)

**कुक**

आवश्यकता है- शंकर नगर रायपुर हेतु 1. सिंधी खाना बनाने हेतु महिला कुक एवम कार चलाने हेतु कुशल ड्राइवर की आवश्यकता है। अनुभवी सम्पर्क करें:- 9893132000. (आरो-416)

**ऑफिस कार्य**

शीघ्र आवश्यकता है- जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु लड़के, आयु 18 से 30 वर्ष वेतन 12000 + कमीशन+ बोनस के साथ 20000 रहना फ्री + गाड़ी किराया + कोई शुल्क नहीं लगेगा संपर्क- 9630922589, 9893029618.(आरो-530)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**सिक्योरिटीगार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 17000 सुपरवाइजर 18000 फील्ड अधिकारी 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर 15000 वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा ,आवास भोजन फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019, 7746000019.(आरो-891)

**आवश्यकता**

आवश्यकता है- कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। रामनगर, गुढ़ियारी के निवासी को प्राथमिकता दी जाएगी, कार्य का समय सुबह 11:30 से शाम 6:30 तक वेतन 400/- प्रतिदिन संपर्क- 6260088185.(आरो-105)

**सर्वे प्रचार कार्य**

आवश्यकता है- ऑफिस हेतु कंप्यूटर कार्य एवं डोर टू डोर सर्वे प्रचार हेतु महिलाओं की आवश्यकता है संपर्क - मातृ दृष्टि वेलफेयर फाऊंडेशन भिलाई मो 9039088128, 9244378559. (आरो-317)

**कंडक्टर/ड्रायवर**

आवश्यकता है- दुर्ग, भिलाई, रायपुर स्कूल, स्टाफ बस हेतू महिला कंडक्टर ,ड्राइवर की आवश्यकता आधारकार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस(हैवी व्हीकल) watsup करें पता बस स्टैंड दुर्ग 9343322450, 7385600786, 9424125786. (आरो-1319)

**सेल्स ऑफिसर**

WANTED- Field / Sales Officer for Chhattisgarh by Pune-based Fertilizer Manufacturing & Marketing Company Edu. Qual :B.Sc./M.Sc. (Agri.) ,Exp.- min. 2 yrs Locations: Bilaspur, Rajnandgaon, Bemetara, Sakti, Mahasamund, Raigarh, Kawardha & Kumhari 2-Wheeler must. Apply within 7 days to hrmanshya@gmail.com MO.9584040029, 9011001890.(आरो न -1322)

**पंप कर्मी**

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता इच्छुक व्यक्ति अपने बायोडाटा सहित सम्पर्क करे डागा पेट्रोल पंप फाफाडीह चौक स्टेशन रोड रायपुर मो. 8109135400, 9179380728. (आरो-896)

**थैरेपिस्ट**

आवश्यकता है- कार्य हेतु 20 से 35 वर्ष महिला एवं पुरुष मसाज थैरेपिस्ट की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार सम्पर्क :- नेचर क्योर हॉस्पिटल, आनंदनगर रायपुर 9993137510. (आरो-416)

हरिभूमि क्लासीफाईड

**ऑफिस बॉय/आया**

आवश्यकता है- ऑफिस हेतु 10वीं पास ऑफिस बॉय एवं घर में घरेलु नौकर और बच्चे के लिए आया की आवश्यकता है संपर्क करें- बेलकेम 16/5 दिक्षित कॉलोनी कोसानगर भिलाई मो.-94062-41383, 73890-10383 (आरो न.-315)

**Education शिक्षण**

प्रवेश प्रारंभ- फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करेः-B.ED, B.A, B.COM, B.Sc, BCA, MCA, BBA, LLB M.A, M.COM, M.SC, MBA, MSW, B.LIB, M.LIB, DCA, PGDCA, POLY-TECHNIC, B.tech M.tech (अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे) सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा संपर्क Bharti Education Academy Sector-6 Bhilai 9826196515, 9826896515.(आरो न.-4157)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस - रोजगार योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 25 लाख तक )(1% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, बिजनेस, दुकानदारी, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 8882627857.(आरो-4402))

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**CLASSIFIED RATE CARD**

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी — 01 अप्रैल 2025 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

SCHEME

1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
|---|---|---|
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /-1 Sunday | 800 /-1 Sunday |
| 900 /-2 Sunday | 1200 /-2 Sunday |
| 1200/-3 Sunday | 1500/-3 Sunday |

HEALTH CARE — 10X1 FIX SIZE

| | | | |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

फाइनेंस - विनायिका फाइनेंस कंपनी समस्त प्रकार के लोन कृषि, बिजनेस, समूहलोन, पर्सनल, लेबरकार्ड, डेयरीफार्म, होमलोन, आधारकार्ड पर 40000 से 50 लाख तक (2 प्रतिशत ब्याज), (30 प्रतिशत छूट). संपर्क करें- 7489545029.(आरो-4401)

हरिभूमि

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

# विद्या मितान सड़क पर उतरे, विधानसभा घेरने रैली निकालने से पहले पुलिस ने रोका, झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश के शासकीय स्कूलों में वर्षो से सेवाएं दे रहे विद्या मितान अपनी दो सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर गुरुवार को सड़क पर उतरे। नियमितीकरण संविलियन और समान काम, समान वेतन की मांग करते हुए उन्होंने नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के बाद विधानसभा घेराव के लिए रैली निकालने से पहले पुलिस प्रशासन ने उन्हें बैरिकेड लगाकर धरना स्थल पर ही बलपूर्वक रोक दिया। इसके कारण प्रदर्शनकारी बिफर उठे। इस दौरान विद्या मितान और पुलिस कर्मचारियों के बीच धक्का मुक्की के साथ झूमाझटकी की स्थिति निर्मित हुई। विरोध प्रदर्शन और हंगामा की वजह से धरना स्थल पर भारी गहमागहमी देखने को मिली। कुछ प्रदर्शनकारियों को हल्की चोटें भी आईं। प्रदर्शनकारियों में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल रहीं।

छत्तीसगढ़ विद्या मितान संघ के संरक्षक धर्मेंद्र वैष्णव, प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष राज यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रदेश भर में सेवा दे रहे 1538 विद्या मितान वर्षो से बेहद कम मानदेय पर पूरी निष्ठा के साथ बच्चों का भविष्य संवार रहे हैं, लेकिन आज उन्हें अपने ही भविष्य को लेकर चिंतित होना पड़ रहा है, ऐसे में अपने लंबित मांगों को लेकर विधानसभा कूच करने पहुंचे हैं।

## जर्जर बसों का विरोध, इंद्रावती भवन में मंत्रालय संचालनालय के अफसर- कर्मियो का प्रदर्शन



संचालनालय भू-अभिलेख में पदस्थ एम्ब्रेसिया किंडो के बस चालक की कथित लापरवाही से गंभीर रूप से घायल होने की घटना के विरोध में गुरूवार को इंद्रावती भवन गेट क्रमांक-3 पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के नेतृत्व में मंत्रालय एवं संचालनालय के अधिकारी-कर्मचारियों ने धरना-प्रदर्शन किया। घटना की निष्पक्ष जांच, दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई तथा पीड़ित कर्मचारी को समुचित उपचार एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की। धरना-प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के नाम ज्ञापन सौंपा।

**छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, कोटा, जिला- बिलासपुर (छ.ग.)**

**:: निविदा निरस्तीकरण आदेश ::**

आदेश क्र./ 3819/व.ले.लि./2026-27 कोटा, दिनांक 14.07.26

निविदा सूचना क्र. 14/ व.ले.लि./ 2025-26 दिनांक 16.03.2026 सिस्टम नं. 187143 (द्वितीय आमंत्रण ) "बिलासपुर जिले के विकासखण्ड कोटा अंतर्गत ढोलमहुआ निर्माण कार्य" अनुमोदित लागत राशि रू. 1150.56 लाख की निविदा को मुख्य अभियंता हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर (छ.ग.) के पत्र क्र. सा-1 - 113 का 2025/1167 बिलासपुर दिनांक 14.07.2026 (जी नं. 252607239 / 2 दिनांक 18.03.2026) के परिपेक्ष्य में उक्त निविदा निरस्त की जाती है ।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग कोटा
G-262702150/5 जिला- बिलासपुर (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग**
सिंचाई कालोनी, शांति नगर, रायपुर–492001
वेब साईट www.cserc.gov.in ई–मेल: cserc.sec@cg.nic.in फोन नं. 0771-4073555
CSERC

**वाहन चालक के पद पर सीधी भर्ती हेतु दावा आपत्ति प्राप्त करने की तिथि में वृद्धि की सूचना**

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग में वाहन चालक (अनुसूचित जनजाति हेतु आरक्षित) के रिक्त 01 पद पर सीधी भर्ती किये जाने हेतु प्राप्त आवेदनों में पात्र एवं अपात्र उम्मीदवारों से दावा आपत्ति दिनांक 13/07/2026 तक मांगी गई थी। विचारोंपरान्त उक्त दावा आपत्ति हेतु निर्धारित उपरोक्त तिथि में दिनांक 31/07/2026 तक वृद्धि की जाती है।

प्राप्त आवेदनों को परीक्षण अर्थात (Scrutiny) उपरांत पात्र एवं अपात्र उम्मीदवारों की सूची आयोग की वेबसाईट www.cserc.gov.in पर उपलब्ध है।

अतः उपरोक्त वेबसाईट में दर्शित उम्मीदवारों की सूची में जिन उम्मीदवारों ने अभी तक अपनी दावा आपत्ति प्रस्तुत नही कर पाये है, और यदि वे अपनी दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो वे दिनांक 31/07/2026 तक आयोग कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर अपनी दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।

स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचाऐं
सचिव

**CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.**
(Government of Chhattisgarh Undertaking) CIN: U40108CT2003SGC015822
**OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (EITC)**
Telephone: (0771) – 2574123, Website: www.cspdcl.co.in e-mail: eitc.network@cspc.co.in

07-01/EITC/Network/Tr-422/ Raipur Dated – 15-Jul-2026

**NOTICE INVITING TENDER**

1.Sealed offers are invited from experienced bidder for –

| Tender No. | Particulars | Tender Document Fee | EMD | Due Date & time of submission |
|---|---|---|---|---|
| Tr-422 & RFx No. 8100052610 | Providing network connectivity in newly created offices | Rs. 5000 (incl. GST @ 18%) | Rs. 1.12 Lakhs | 10-Aug-26 14:00 Hrs. |

2.For further details & downloading the Tender document, please visit at our web site **www.cspdcl.co.in/tender/tendernotices/centraloffices** and e-bidding portal.3.Any corrigendum or extension of due date of tender opening shall not be published in newspaper. It will be displayed only on the website and e-bidding portal.

SAVE ELECTRICITY
**Executive Director (EITC)**

**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN**
Paryavas Bhawan, North Block, Sector- 19, Nava Raipur Atal Nagar - Raipur 492 002, Chhattisgarh, Tel No: +91 771 2512000
Website: www.navaraipuratalnagar.com http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following works:

NIT No: 29/E-Item/MD&IB /EE-E/CE/NRANVP/2026-27 Nava Raipur Atal Nagar Distt Raipur Dated: **16.07.2026**

**Name of Work:** "Supply of Electrical Items in the Mahanadi Bhawan, Indrawati Bhawan & CCIID at Capitol Complex, Sector-19, Nava Raipur Atal Nagar, Dist. Raipur, Chhattisgarh." (1st Call)

**Estimated cost: INR 47,70,486.00,**

**EMD: INR 96,000.00 Period of Completion: 12 Months**

**Last Time & Date of Online Submission: 15:00hrs on 06.08.2026**

The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making on payment of bid participation fees online.

Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.

S-48476/1 **Chief Engineer NRANVP**

## स्कूल में 11वीं के छात्र ने 18 सहपाठियों को दांतों से काटा

**कुरूद।** धमतरी जिले के कुरूद विकासखंड के ग्राम सिलौटी स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को एक छात्र के आक्रामक व्यवहार से स्कूल में अफरा-तफरी मच गई। कक्षा 11वीं के एक छात्र ने पिछले एक सप्ताह के दौरान अपने ही 18 सहपाठियों को दांतों से काटकर घायल कर दिया। घटना के बाद सभी घायल छात्रों को तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोर्रा ले जाया गया, जहां उनका उपचार कर एहतियातन एंटीरेबीज वैक्सीन लगाई गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार छात्र का व्यवहार पिछले कुछ दिनों से असामान्य और आक्रामक था। उसने केवल लड़कों को ही निशाना बनाया, जबकि किसी छात्रा के साथ ऐसी घटना नहीं हुई। स्कूल प्रबंधन ने तत्काल स्वास्थ्य विभाग को सूचना देकर सभी प्रभावित छात्रों का उपचार सुनिश्चित कराया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोर्रा के मेडिकल ऑफिसर डॉ. जयप्रकाश दीवान ने बताया कि सभी घायल छात्रों का प्राथमिक उपचार कर एहतियातन एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाई गई है। संबंधित छात्र का विशेषज्ञ जांच एवं बेहतर इलाज कराया जाएगा ।

### मेडिकल जांच के बाद ही होगा खुलासा

घटना के बाद ग्रामीणों के बीच यह चर्चा रही कि करीब तीन वर्ष पहले संबंधित छात्र को एक आवारा कुत्ते ने काटा था। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने इस दावे की पुष्टि नहीं की है। चिकित्सकों का कहना है कि मेडिकल जांच पूरी होने के बाद ही छात्र की स्थिति और घटना के वास्तविक कारणों के संबंध में स्पष्ट रूप से कुछ कहा जा सकेगा।

## धर्मांतरित व्यक्ति का शव दफनाने को लेकर विवाद

**कांकेर।** जिले के विकासखंड कांकेर अंतर्गत ग्राम हाटकोंगेरा में एक धर्मांतरित परिवार के सदस्य के शव को नदी किनारे दफनाए जाने को लेकर विवाद गहरा गया है। घटना 15 जुलाई की है। शव दफनाने के अगले दिन 16 जुलाई को सुबह गांव का माहौल तनावपूर्ण हो गया है और स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शव को उक्त स्थान से हटाने की मांग करते हुए अपनी नाराजगी जताई है।

ग्रामीणों का कहना है कि जिस परिवार के मृत सदस्य का शव दफनाया गया है, उस परिवार को पूर्व में ग्राम पंचायत स्तर पर सामाजिक रूप से बहिष्कृत करने का निर्णय लिया गया था। उनका दावा है कि इस संबंध में लिखित निर्णय भी मौजूद है, जिसके तहत परिवार के साथ सामाजिक और आर्थिक व्यवहार पूरी तरह बंद कर दिया गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा आश्वासन देकर शव को गांव के समीप नदी किनारे दफनाने की अनुमति दी गई, जिससे पूरे गांव में असंतोष फैल गया। उनका कहना है कि यदि बहिष्कार का निर्णय प्रभावी था, तो उसके विपरीत जाकर इस प्रकार की अनुमति देना उचित नहीं था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले में केवल दो लोगों की प्रमुख भूमिका रही है। उनके अनुसार सरपंच और गांव के पटेल ने इस संबंध में निर्णय लिया।

**कार्यालय, प्रबंध संचालक, छ.ग. राज्य कृषि विपणन (मण्डी) बोर्ड**
"सरदार वल्लभ भाई पटेल भवन" सेक्टर-24, कयाबांधा, अटल नगर, नवा रायपुर-492018,
फोन-0771-2990592, email-mdcgmandiboard@gmail.com, website-www.agriportal.cg.nic.in

क्र. / बी-6 / निविदा / 401 / पशु प्रजनन प्रक्षेत्र चंद्रखुरी / 26-27 / 2273
रायपुर, दिनांक 15/07/2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

छ.ग. लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत, सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से "प्रपत्र अ" प्रतिशत दर पर अधोलिखित निर्माण कार्यों हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-
ऑनलाइन निविदा डालने की अंतिम तिथि - 03.08.2026
फिजिकल सबमिशन की अंतिम तिथि - 10.08.2026

| क्र. | कार्य का नाम / स्थल | अनुमानित लागत (लाख में) | एस.ओ.आर विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | जिला रायपुर वि.खं आरंग शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र चंद्रखुरी ग्राम मुनगेसर में वायरमेश फेंसिंग कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 13.24 | लो. नि. वि. भवन कार्य हेतु दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील एस.ओ.आर. पर। |
| 2 | जिला रायपुर वि.खं आरंग शासकीय पशु प्रजनन प्रक्षेत्र चंद्रखुरी ग्राम मुनगेसर में पशुओं के लिए शेड निर्माण कार्य। (द्वितीय आमंत्रण) | 22.45 | |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य एवं विशेष शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाईट पर देखे जा सकते है।

S-48473/1 प्रबंध संचालक

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

**सिस्टम निविदा क्र. 195437 / निविदा सूचना क्र. 01/वलेलि / 2026-27**
**धमतरी, दिनांक 15-07-2026**

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 05.08.2026 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम** - धमतरी जिले विकासखण्ड -मगरलोड की महानदी पर ग्राम- मेघा में शेष तटबंध निर्माण कार्य ।

**अनुमानित लागत** - रू. 73.92 लाख

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 22.07.2026 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट** - निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग धमतरी
G-262702171/2 कोड नं. 90

**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**

**(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक / दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रुपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 195428 द्वितीय आमंत्रण 14.07.2026 | जिला बेमेतरा के देवकर घोठा जालबांधा (एम.डी.आर.) मार्ग लंबाई 12.40 कि.मी. का मजबूतीकरण कार्य। | 580.45 |
| 2 | 195471 द्वितीय आमंत्रण 14.07.2026 | जिला कांकेर के इच्छापुर-घोटिया मार्ग के कि.मी. 1/2 दूध नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 633.29 |
| 3 | 195476 द्वितीय आमंत्रण 14.07.2026 | कचवार से गुजनार मार्ग लंबाई 03.00 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 339.66 |
| 4 | 195468 द्वितीय आमंत्रण 14.07.2026 | वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल जिला कांकेर के मॉलगांव से छिन्दपारा पहुंच मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. निर्माण कार्य। | 310.44 |
| 5 | 195470 द्वितीय आमंत्रण 14.07.2026 | जिला बालोद के भेण्ड्रा से साजा मार्ग लंबाई 2.70 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 378.43 |
| 6 | 195475 द्वितीय आमंत्रण 14.07.2026 | जिला रायपुर के बीरगांव नगर निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न मार्गों का डामरीकरण एवं उन्नयन लंबाई 4.00 कि.मी. निर्माण कार्य। | 292.55 |
| 7 | 195474 चतुर्थ आमंत्रण 14.07.2026 | गौरेला वेंकटनगर मार्ग के कि.मी. 7/2 में सोनाडी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 238.60 |
| 8 | 195472 द्वितीय आमंत्रण 14.07.2026 | वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल जिला कांकेर के एस.एच.-06 पाडरवाही पहुंच मार्ग लंबाई 1.90 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 255.99 |
| 9 | 195532 द्वितीय आमंत्रण 15.07.2026 | जिला कांकेर के मंगतासाल्हेभाट- पदभेडा से गुजनार मार्ग लंबाई 2.20 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 307.64 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि सं.क्र. 07 दिनांक 27.07.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 31.07.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर
G-262702176/6

**कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**

**(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**

**निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है:-**

| स. क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक /दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 195268 प्रथम आमंत्रण 10.07.2026 | जिला रायपुर के खारून रिवर फ्रंट के निर्माण विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य, विद्युतीकरण कार्य सहित संभाग क्रमांक 1 रायपुर । | 6133.96 |
| 2 | 195351 प्रथम आमंत्रण 13.07.2026 | जिला बलरामपुर रामानुजगंज के स्याही- सनावल मार्ग के कि.मी. 01 से 09, 13 से 18 एवं 23 से 35 कि.मी. कुल 28.00 कि.मी. मजबूतीकरण एवं उन्नयन कार्य । | 910.48 |
| 3 | 195347 प्रथम आमंत्रण 13.07.2026 | 1. जिला जशपुर के रापाडांड केरसई से राईटोली मार्ग लं. 1.74 कि.मी. का निर्माण कार्य। 2. जिला जशपुर के मुख्य मार्ग सिंगीबहार से राईमुण्डा तक मार्ग लंबाई 0.94 कि.मी. निर्माण कार्य । | 308.08 |
| 4 | 195368 द्वितीय आमंत्रण 13.07.2026 | जिला गरियाबंद अंतर्गत व्यवहार न्यायालय गरियाबंद के अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु 02 नग एफ, 15 नग जी, 20 नग एच एवं 15 नग आई टाईप शासकीय आवास गृह का निर्माण तथा पहुंच मार्ग, नाली, गार्डन, काउ कैंचर, ओवर हेड टेंक, बाऊण्ड्रीवॉल निर्माण कार्य, विद्युतीकरण सहित। | 840.67 |
| 5 | 195374 आठवां आमंत्रण 13.07.2026 | जिला दन्तेवाड़ा के बुरगम - समेली मार्ग के कि.मी. 3/6 मलगेर नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 367.10 |
| 6 | 195376 द्वितीय आमंत्रण 13.07.2026 | जिला रायपुर के डॉ.भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर छ.ग. में आंतरिक मरम्मत, नवीनीकरण, जीर्णोधार फसाड लाईटिंग उन्नयन कार्य एवं आंतरिक रेनोवेशन कार्य, विद्युतीकरण सहित (जमा मद का कार्य) । | 3023.93 |
| 7 | 195375 द्वितीय आमंत्रण 13.07.2026 | जिला कांकेर के मुख्य मार्ग कांकेर भानुप्रतापपुर संबलपुर मार्ग से मिच्चीपारा मार्ग लंबाई 2.15 कि.मी. का पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 314.71 |
| 8 | 195369 छटवां आमंत्रण 13.07.2026 | जिला कोरबा के लेमरू श्यांग मार्ग में लमटी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | 370.64 |
| 9 | 195362 तृतीय आमंत्रण 13.07.2026 | जगदलपुर केन्द्रीय जेल में 06 नग बैरक (फैक्ट्री बैरक (जी.एफ./एफ. एफ. एण्ड II एफ. हाईसेल बैरक) (शेष कार्य) विद्युतीकरण सहित। | 241.19 |
| 10 | 195359 द्वितीय आमंत्रण 13.07.2026 | अण्डी किरकार जगमहन से सातबहीनिया तक मार्ग लंबाई 5.30 कि.मी. का निर्माण कार्य । | 762.48 |
| 11 | 195363 द्वितीय आमंत्रण 13.07.2026 | वर्ष 2024-25 के बजट में शामिल जिला कोण्डागांव के चांदाबेडा (छोटियामुडा से छिंदली) तक मार्ग लंबाई 3.375 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य । | 405.19 |
| 12 | 195383 द्वितीय आमंत्रण 13.07.2026 | जिला कोरिया के केन्दई बरदर बैकुण्ठपुर सोनहत रामगढ़ म.प्र. सीमा मार्ग लं. 20.46 कि.मी. का मजबूतीकरण निर्माण कार्य। | 1529.38 |
| 13 | 195349 प्रथम आमंत्रण 13.07.2026 | जिला सूरजपुर के भंवरखोह से गंगापुर करीं कुप्पा तक पहुंच मार्ग लं. 5.10 कि.मी. पुल - पुलिया सहित मार्ग निर्माण कार्य । | 697.94 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 01 दिनांक 03.08.2026 स.क्र. 02 से सं.क्र. 03, स.क्रं. 13 दिनांक 05.08.2026, स.क्रं. 05, सं.क्र. 08 से सं.क्र. 09 दिनांक 27.07.2026 निर्धारित है । एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 31.07.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है ।

मुख्य अभियंता,
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर
G-262702148/4

**कार्यालय कलेक्टर, जिला बालोद (छ.ग.)**

**// सार्वजनिक सूचना //**

**क्रमांक / 4986 / कले. / भू-अर्जन / भूक्रनी / 2026** **बालोद दिनांक: 10/07/2026**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग बालोद द्वारा पसौद देवरी एनीकट के डूबान में प्रभावित होने से ग्राम देवरी प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. देवरी तहसील मारीं बंगला, देवरी जिला बालोद के निम्नानुसार कृषकों/भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग बालोद के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है:-

| क्र. | भू-धारकों का नाम | खसरा नं. | कुल रकबा (हे. में) | क्रय हेतु प्रस्तावित रकबा (हे.) | परिसम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | अनिल कुमार पिता यादव राम, जाति- हल्बा | 946 | 0.25 | 0.05 | - |
| 2 | कलशराम पिता सोनूराम, जाति मरार | 1184/4 | 0.08 | 0.04 | - |
| 3 | कान्हा प्रसाद किशन लाल गायत्री बाई, कल्याणी पिता द्वारिका प्रसाद, दयाबती बे. द्वारिका प्रसाद, रोहित कुमार, तोमसिंह, ऋषि कुमार, जाति मरार | 1184/3 | 0.08 | 0.05 | - |
| | | 1158 | 0.04 | 0.01 | - |
| | | **Total** | **0.12** | **0.06** | - |
| 4 | जगेशर, बरसन, छन्नूलाल, जगबती, फगबाई, संतोषी बाई उर्फ कुन्ती बाई, पिता छेरकू राम जाति- केंवट | 1182 | 0.04 | 0.03 | - |
| | | 181 | 0.08 | 0.04 | - |
| | | 1180 | 0.04 | 0.03 | - |
| | | 1191/4 | 0.15 | 0.15 | - |
| | | **Total** | **0.31** | **0.25** | - |
| 5 | नारायण सुकलाल जाति- कोष्टा | 1163 | 0.03 | 0.01 | - |
| | | 1141 | 0.06 | 0.01 | - |
| | | **Total** | **0.09** | **0.02** | - |
| 6 | चिंताराम देवलाल पि. अंकालू राम, उत्तरा बाई जयंत्री बाई सुमरित बाई पि. अंक आलूराम, जाति- मरार | 1155 | 0.04 | 0.01 | - |
| | | 1183 | 0.08 | 0.02 | - |
| | | **Total** | **0.10** | **0.03** | - |
| 7 | श्यामलाल देवप्रसाद देवला कमलाबाई कुंतीबाई पी. कीर्तन दसरी बाई बे. कीर्तन जाति- मरार | 1154 | 0.05 | 0.02 | - |
| | | 1191/3 | 0.12 | 0.12 | - |
| | | **Total** | **0.17** | **0.14** | - |
| 8 | देवसिंग बुधराम जाति- तेली | 1137 | 0.06 | 0.03 | - |
| 9 | जनक रोहिदास जाति- हल्बा | 1136 | 0.03 | 0.03 | - |
| | | 1119 | 0.02 | 0.02 | - |
| | | **Total** | **0.05** | **0.05** | - |
| 10 | हेमराय लतखोर जाति- हल्बा | 1128 | 0.02 | 0.02 | - |
| 11 | सतीश, सविता, मोनिका पिता सियाराम, बिमलाबाई बे. सियाराम, रामदास पिता ओमसिंह, मैनाबाई बे. ओमसिंह, रम्हाउ टेकराम पि. सोनूराम, जाति- हल्बा | 1125 | 0.02 | 0.02 | - |
| 12 | पन्ना लाल, धनेश्वरी, रेखा बाई ममता पि. घुरउ कौशिल्या बे. घुरउ, जाति- हल्बा | 1120 | 0.03 | 0.03 | - |
| | | 1118 | 0.02 | 0.02 | - |
| | | **Total** | **0.05** | **0.05** | - |
| 13 | दुम्नलाल, योगेश्वर लाल पिता फूलचंद, सविता बाई बे. फूलचंद, जगदीश तिलोचन पि. सुन्दरू, जाति- हल्बा | 1117 | 0.02 | 0.02 | - |
| 14 | अंशोक कुमार, पुनियाबाई, रेवतीबाई पिता ओंकार, मंगनीबाई बे. ओंकार, जाति- हल्बा | 1116 | 0.03 | 0.03 | - |
| 15 | बिशाखा बे. प्रहलाद, राधेश्याम, दीनानाथ पिता. प्रहलाद, त्रियांश ना.बा. त्रिलोकी प्रसाद, कर्तव्य ना. बा. त्रिलोकी प्रसाद, माधुरी बे. त्रिलोकी प्रसाद, सुखदेव पि. प्रहलाद, जाति- तेली | 1115/1 | 0.02 | 0.01 | - |
| 16 | लीलाराम, बिसालीराम जाति- तेली | 1115/2 | 0.01 | 0.01 | - |
| 17 | शैलेश कुमार जितेन्द्र कुमार, कुमारीबाई, शांतिबाई, लुकेश्वरी, कुलेश्वरी पिता कचरूराम, दशोदाबाई पति कचरूराम, फत्ते पि शोभाराम, मेघनाथ पि. प्रताप जाति- मरार | 1191/2 | 0.04 | 0.04 | - |
| 18 | कोमल सिंह, टिकेन्द्र कुमार, रहिमतबाई पि. उमराव, दुर्गाबाई पति उमराव जाति- हल्बा | 1126 | 0.02 | 0.01 | - |
| | **योग :-** | **27** | **16.85** | **0.88** | - |

उपरोक्त दर्शित भूमि एवं परिसम्पत्ति के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो जारी दिनांक से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

कलेक्टर,
G-262702153/1 जिला बालोद (छ.ग.)

## खड़े ट्रक से टकराकर बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** ग्राम नारायणपुर के पास खड़े एक ट्रक से टकरा जाने से बाइक चालक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक रामचरण यादव पिता दशरथ यादव (53 साल) केंवटापाली पोस्ट बरोली थाना बसना 13 जून को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीए 9994 में अपने दामाद के घर ग्राम सांकरा गया था। अपनी भतीजी आरती यादव को छोड़कर शाम को वापस अपने घर केंवटापाली जा रहा था। शाम करीबन 7.30 बजे एनएच 53 रोड में ग्राम नारायणपुर के पास रोड में खड़े ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 07 बीएस 4795 से उसकी बाइक टकरा गई और गंभीर चोट आने से नारायण की मौत हो गई।

## धान बुवाई करते किसान पर गिरी गाज, गई जान

**फरसगांव।** फरसगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बानगांव में गुरुवार को धान की बुवाई के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में किसान का पुत्र भी बिजली की चपेट में आया, लेकिन वह होश में आने के बाद बच गया। घटना से गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, ग्राम बानगांव निवासी मनसूराम नेताम पिता सुखदेव नेताम अपने पुत्र अमित नेताम के साथ खेत में धान की बोआई कर रहे थे। दोपहर करीब 12:30 बजे अचानक तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हुई। इसी दौरान खेत में आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आकर पिता-पुत्र दोनों बेहोश होकर खेत में गिर पड़े। कुछ देर बाद अमित नेताम को होश आया। घायल मनसूराम नेताम को अस्पताल में चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

**कार्यालय कलेक्टर, जिला - खैरागढ़ - छुईखदान - गण्डई (छ.ग.)**
Email-collector-kcg@cg.gov.in Phone No-0782029950.

**सार्वजनिक सूचना**

**क्रमांक 4565/भू- अर्जन /भूक्रनी / 2026** **खैरागढ़, दिनांक 14/07/2026**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आपसी सहमति से भूमि क्रय नीति, 2016 के तहत कामठा फीडर के अंतर्गत मुख्य नहर एवं डुबान में अधिग्रहित भूमि ग्राम - कामठा, प.ह.नं. - 42, रा. नि.मं. - अतरिया, तहसील - खैरागढ़, जिला - खैरागढ़ - छुईखदान - गण्डई (छ. ग.) के निम्नलिखित भू-धारकों की भूमि की आवश्यकता होने के कारण कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग, छुईखदान के पक्ष में क्रय किए जाने पर विचार किया जा रहा है:-

| क्रं. | भू-धारक का नाम | खसरा नंबर | कुल रकबा (हे.मं.) | क्रय हेतु प्रस्तावित रकबा (हे.में) | भूमि का किस्म |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | प्रतीक पिता कमलाकांत जाति- लोधी | 409/4 | 3.059 | 0.405 | मुख्य मार्ग |
| 2 | दीनबती पिता लल्लाराम जाति - लोधी | 52/13 | 0.478 | 0.263 | मुख्य मार्ग |
| 3 | लक्ष्मीकांत, सूर्यकांत, राकेश, निर्मला, उर्मिला, सुशीला पिता खेमराज जाति - लोधी | 409/3 | 0.425 | 0.425 | मुख्य मार्ग |
| | | 427/1 | 4.051 | 0.202 | सिंचित |
| | **योग** | **2** | **4.476** | **0.627** | |
| 4 | लक्ष्मीकांत पिता खेमराज जाति- लोधी | 51/1 | 1.076 | 0.405 | सिंचित |
| 5 | सूर्यकांत पिता खेमराज जाति- लोधी | 51/2 | 1.485 | 0.202 | सिंचित |
| 6 | रोहित कुमार, शिवकुमार, सतरूपा पिता गिरधारी जाति-धोबी | 456 | 0.194 | 0.194 | असिंचित |
| 7 | मानसिंह पिता चेतन जाति- लोधी | 457/3 | 0.320 | 0.320 | असिंचित |
| 8 | विजय कुमार पिता चन्द्रकांत जाति - लोधी | 409/2 | 1.101 | 0.894 | मुख्य मार्ग |
| 9 | अनंदीलाल, कन्हैयालाल पिता चोवाराम जाति-कलार | 454/2 | 0.756 | 0.137 | असिंचित |
| 10 | तरूण, गुलशन पिता भगवती कान्ताबाई बेवा पति भगवती जाति - लोधी | 443/3 | 0.101 | 0.101 | असिंचित |
| 11 | शत्रुहन पिता मोतीराम जाति - लोधी | 443/1 | 0.494 | 0.405 | असिंचित |
| 12 | तुकाराम पिता शत्रुहन जाति- लोधी | 442 | 0.235 | 0.235 | असिंचित |
| | | 441/1 | 0.093 | 0.093 | असिंचित |
| | | 441/2 | 0.097 | 0.097 | असिंचित |
| | **योग** | **3** | **0.425** | **0.425** | |
| 13 | लखनलाल पिता कलाराम जाति- लोधी | 441/3 | 0.093 | 0.093 | असिंचित |
| 14 | केशोराम पिता थानू जाति - केवट | 439/1 | 0.182 | 0.182 | असिंचित |
| | | 439/2 | 0.186 | 0.186 | असिंचित |
| | **योग** | **2** | **0.368** | **0.368** | |
| 15 | घनश्याम वर्मा, नन्दकुमार वर्मा, चन्द्रप्रभा वर्मा पिता बीजुराम जाति- लोधी | 437/2 | 0.057 | 0.057 | असिंचित |
| 16 | गोरख पिता लखन जाति - लोधी | 437/3 | 0.057 | 0.057 | असिंचित |
| | **कुलयोग** | **20** | **14.540** | **4.953** | |

उपरोक्त दर्शित भूमि के स्वत्व के विषय में किसी को कोई आपत्ति हो, तो वह समाचार-पत्र में प्रकाशन तिथि से 15 (पन्द्रह) दिवस के भीतर स्वतः अथवा अधिकृत अभिकर्ता के माध्यम से आधार सहित मेरे समक्ष लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।
**( कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित )**

अपर कलेक्टर
G-262702163/3 जिला - खैरागढ़-छुईखदान - गण्डई (छ.ग.)

# अपरिहार्य बनी रहेगी भविष्य के युद्ध में भी सीमावर्ती अवसंरचनाः राजनाथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

चीन-पाकिस्तान सीमा से मिलती साझा सुरक्षा चुनौती के दौर में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को सीमावर्ती अवसंरचना के विकास के विषय को देश के सामने मजबूती से रखा है। जिसमें उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रौद्योगिकी पर पूरी तरह से केंद्रित युद्धकला में सीमावर्ती अवसंरचना अपरिहार्य बनी रहेगी। आगामी समय में युद्ध की बदलती प्रकृति के बीच रक्षा बलों में अल्ट्राधुनिक हथियार और उपकरणों को शामिल करने का सिलसिला जारी है। इसके बावजूद बंदरगाह, हवाई अड्डों, सड़कों और सुरंगों की महत्वपूर्ण भूमिका जस की तस बनी रहेगी। रक्षा मंत्री ने यह जानकारी राजधानी के मानेकशॉ केंद्र में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के दो दिवसीय रणनीतिक अवसंरचना सम्मेलन को



संबोधित करते हुए दी है। जिसकी शुरुआत बीते 15 जुलाई को हो गई थी।

### समझाए सुरक्षा संरक्षक के मायने

उन्होंने कहा कि इसमें कोई दो मत नहीं है कि युद्ध का परिणाम बहुत हद तक सैन्य शक्ति, सटीक क्षमताओं और आधुनिक प्रौद्योगिकियों द्वारा तय होता है। फिर भी बुनियादी ढांचा सैन्य अभियानों को सक्षम बनाने के लिए काफी महत्व रखता है। राजनाथ ने बीआरओ कर्मियों की सराहना करते हुए कहा कि कभी-कभी युद्ध का पहला मोर्चा सीमा पर नहीं। बल्कि उस सड़क पर होता है। जो हमारे सैनिकों को अग्रिम पंक्ति तक ले जाती है। इसलिए सड़क निर्माण करने वाला व्यक्ति भी राष्ट्रीय सुरक्षा का उतना ही महत्वपूर्ण संरक्षक है। जितना की सीमा पर तैनात सैनिक है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के द्वारा विश्व-स्तरीय बुनियादी ढांचा निर्माण, राष्ट्रीय सुरक्षा को सशक्त बनाने और देश को 2047 तक विकसित भारत में तब्दील करने के संकल्प को आगे बढ़ाने के लिए इस्तेमाल की जा रही उन्नत प्रौद्योगिकियों की प्रशंसा की है।

### अवसंरचना विकास सामूहिक जिम्मेदारी

रक्षा मंत्री ने जोर देते हुए कहा कि अवसंरचना विकास केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि यह एक सामूहिक प्रयास है। जिसके लिए उन्होंने उद्योगों से नवाचार करने, शिक्षाविदों से अनुसंधान में प्रगति करने, इंजीनियरों से समाधान विकसित करने और प्रशासकों से उन्हें जमीनी स्तर पर क्रियान्वित करने का आग्रह किया। साथ ही कहा कि हम सभी को एकजुटता से एक ऐसा इकोसिस्टम बनाना पड़ेगा।

# कर्नाटक में डॉक्टर की घर में हत्या, बेटा घायल मिला

**बेंगलुरू।** कर्नाटक के धारवाड़ में बुधवार को 45 साल के डॉक्टर (एनेस्थीसिया विशेषज्ञ) किरण होन्नावर की उनके फ्लैट में हत्या कर दी गई। उनके 8 साल के बेटे पर भी चाकू से हमला किया गया। बच्चे का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस वारदात के वीडियो सामने आए हैं। इसमें डॉ. होन्नावर और उनका बेटा फर्श पर खून से लथपथ पड़े दिख रहे हैं। होन्नावर की पत्नी डॉक्टर प्रियंका बिस्तर पर मोबाइल फोन चलाती दिखाई दे रही हैं। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने प्रियंका को पूछताछ में ले लिया। पुलिस अब यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वारदात कब हुई और इसके पीछे क्या वजह थी।

### पत्नी अलग-अलग जवाब देती रहीं

मामले का खुलासा तब हुआ, जब डॉ. किरण के परिजन पूरे दिन उनसे संपर्क करने की कोशिश करते रहे। फिर भी बात नहीं हो पाई। पुलिस के मुताबिक, प्रियंका ने ससुरालवालों से पहले कहा कि पति आराम कर रहे हैं। बाद में बताया कि वे बाहर गए हैं। शाम तक बात नहीं होने पर परिजन फ्लैट पहुंचे। डॉ. किरण एक कमरे में खून से लथपथ मृत मिले, जबकि दूसरे कमरे में उनका बेटा घायल पड़ा था। रिश्तेदारों ने बच्चे को तुरंत अस्पताल पहुंचाया।

# जेलेंस्की ने प्रधानमंत्री के बाद अब रक्षामंत्री को भी हटाया

एजेंसी ▸▸ कीव

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रक्षा मंत्री मिखाइलो फेदोरोव को नियुक्ति के सिर्फ छह महीने बाद पद से हटा दिया। इस फैसले के बाद गुरुवार को युद्ध शुरू होने के बाद पहली बार देश के कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए। इसके अलावा ओडेसा, ल्वीव और रूस के हमलों का लगातार सामना कर रहे खारकीव शहर में भी लोगों ने प्रदर्शन किया। खारकीव में 300 से ज्यादा लोग हाथों में तख्तियां लेकर सड़कों पर उतरे और 'शर्म करो, शर्म करो' के नारे लगाए। 35 साल के फेडोरोव यूक्रेन के ड्रोन युद्ध कार्यक्रम का सबसे बड़ा चेहरा माने जाते थे। उन्हें यूक्रेन में ड्रोन और रोबोट की मदद से युद्ध लड़ने की रणनीति का प्रमुख समर्थक माना जाता था। उनके हटने से

■ फैसले के खिलाफ हजारों लोग सड़कों पर उतरे



अब यह सवाल उठने लगे हैं कि रूस जैसी बड़ी सेना का मुकाबला करने के लिए, यूक्रेन की नई तकनीक और ड्रोन पर आधारित रणनीति आगे भी पहले की तरह जारी रहेगी या नहीं।

**शुरुआत से ही सेना के जनरलों से मतभेद रहे**

फेडोरोव को हटाया जाना जेलेंस्की सरकार में बड़े बदलाव का हिस्सा है। इसी फरवरी में प्रधानमंत्री को भी हटाया गया है। कई रिपोर्ट्स के अनुसार, रक्षा मंत्री फेदोरोव को हटाने के पीछे भ्रष्टाचार या नाकामी नहीं, बल्कि सेना के शीर्ष जनरलों और कमांडर-इन-चीफ ओलेक्सांद्र सिरस्की के साथ उनका गहरा मतभेद था।

## जैकेट के शेष

### रथ के साथ चला आस्था...

आयोजित भव्य रथयात्रा महोत्सव में राज्यपाल रमन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव शामिल हुए। दोनों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा पारंपरिक 'छेरा-पहरा' की रस्म निभाते हुए प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति, उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर श्रद्धालुओं की आस्था, भक्ति और उत्साह से सराबोर रहा। वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और जयघोष के बीच भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की प्रतिमाओं को विशेष विधि-विधान के साथ मंदिर से रथ तक लाया गया। इसके पूर्व राज्यपाल और सीएम ने पारंपरिक रीति से सोने की झाड़ू द्वारा छेरा-पहरा की रस्म निभाकर रथमार्ग का प्रतीकात्मक शुद्धिकरण किया। इसके पश्चात महाप्रभु की प्रतिमाओं को श्रद्धापूर्वक रथ पर विराजित किया गया और रथयात्रा का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर राज्यपाल श्री डेका एवं मुख्यमंत्री श्रीसाय ने प्रदेशवासियों को रथयात्रा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा सनातन संस्कृति, सामाजिक समरसता, लोकपरंपरा और जन-जन की आस्था का महापर्व है। यह उत्सव समाज को सेवा, समर्पण, समानता और लोककल्याण का संदेश देता है। **ये हुए शामिलः** महोत्सव में सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, विभिन्न निगम-मंडलों एवं आयोगों के अध्यक्षगण, वरिष्ठ जनप्रतिनिधि, सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### मौत की वजह सर्पदंश बताकर...

आकाश विहार, कुशकुमार गुप्ता राजकिशोरनगर बैंककर्मी, महेन्द्र कुमार अशोकनगर तथाकथित वकील, गोविंद विश्वकर्मा दैनिक वेतन भोगी तहसीदार के ड्राइवर को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश करने के बाद पुलिस रिमांड में लेकर पूछताछ करने में लगी हुई थी। पूछताछ में बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है। उनके कब्जे से फर्जी दस्तावेज बरामद किए गए हैं। 16 जुलाई को पुलिस रिमांड समाप्त होने पर सरकण्डा पुलिस ने चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

कोनी थाना के एक मामले में भी आरोपी जांच के दौरान चारों आरोपी कोनी थाना के एक सर्पदंश के मामले में शामिल है। चारों ने उक्त मृतक के आश्रित परिजन को फर्जी दस्तावेज तैयार कर शासन की योजना का 4 लाख रुपए दिलाया स्वीकार किया है। कोनी पुलिस बाद आरोपियों को प्रोडेक्शन रिमांड में लेकर पूछताछ करने के बाद गिरफ्तारी करेगी।

**पूर्व में वकील सहित तीन लोग गए जेल** : सिविल लाइन थाना के दो फर्जी सर्पदंश के मामले में पुलिस ने पूर्व में वकील कांता साहू, आश्रित परिजन तालापारा शिवकुमारी यादव, गवाह उसकी बहन दामिनी यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

**पूर्व सिम्स चौकी प्रभारी से पूछताछ** : पूर्व सिम्स चौकी प्रभारी एएसआई गुलाब सोनवानी जांच के रडार में आ गए हैं। विगत 5 साल में उनकी सिम्स चौकी में दूसरी पोस्टिंग थी। उन्होंने अपने दोनों कार्यकाल में सिम्स में मृत्यु होने वाले लगभग 800 से अधिक मर्ग का पोस्टमार्टम कराया है। इसमें करीब 267 सर्पदंश से मृत्यु होने की पुष्टि की गई है। पुलिस जांच टीम श्री सोनवानी को प्रतिदिन तलब कर उसके लगातार सर्पदंश से मृत्यु की प्रकरणों के संबंध में पूछताछ कर बयान दर्ज कर रही है। इस तरह दर्ज 15 मामले में विवेचक पुलिस अधिकारियों से भी पूछताछ कर बयान दर्ज किया जा रहा है।

### 4 राज्य, 13 ठिकानों पर छापे, 40 लाख...

दक्षिण 24 परगना और मुर्शिदाबाद, हरियाणा के फरीदाबाद (बल्लभगढ़), उत्तर प्रदेश के सहारनपुर (देवबंद), दिल्ली तथा अन्य स्थानों पर की गई। तलाशी के दौरान पश्चिम बंगाल के हरोरा अल-जामियातुल इस्लामिया दारुल उलूम, खलीलकापुर परिसर से 40 लाख रुपये नकद और सोने के सिक्के बरामद किए गए। ईडी ने इन बरामदगियों को जांच का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया है।

**विदेशी फंडिंग के दुरुपयोग का आरोप** : ईडी की प्रारंभिक जांच में एक गहरे वित्तीय नेटवर्क का खुलासा होने का दावा किया गया है। एजेंसी के अनुसार, कुछ धर्मार्थ ट्रस्टों और संस्थाओं को विदेशों से बड़ी मात्रा में आर्थिक सहायता प्राप्त हुई, जिसे कथित तौर पर कई बैंक खातों और म्यूल अकाउंट्स के जरिए अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल किया गया।

**छोटे-छोटे ट्रांजेक्शन के जरिए भेजी गई रकम** : जांच एजेंसी के मुताबिक, बैंक खातों से नकद निकासी और कई छोटे-छोटे वित्तीय लेनदेन के माध्यम से संदिग्ध लाभार्थियों तक धन पहुंचाया गया। ईडी इस बात की भी जांच कर रही है कि इन फंड्स का इस्तेमाल आतंकी गतिविधियों, अवैध घुसपैठ और फर्जी दस्तावेज तैयार कराने के नेटवर्क में किस प्रकार किया गया।

**जांच जारी** : प्रवर्तन निदेशालय ने कहा कि मामले में वित्तीय लेनदेन, विदेशी फंडिंग और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की जांच जारी है। एजेंसी बरामद दस्तावेजों, डिजिटल उपकरणों और बैंक रिकॉर्ड का विश्लेषण कर रही है तथा आगे और कार्रवाई से इनकार नहीं किया है।

### एक ही स्कूटी पर सवार दो सगी बहनों...

मामा के घर जा रही थीं। इसी दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर ऑक्सीजन सिलेंडरों से लदे खड़े ट्रैक्टर के पीछे उनकी स्कूटी जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि अमृत निर्मलकर (28 वर्ष), उनकी सगी बहन लक्ष्मी निर्मलकर (26 वर्ष), 7 वर्षीय याचना और 4 वर्षीय डाली की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं 8 वर्षीय भावेश गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल ट्रैक्टर को जब्त कर चालक को हिरासत में लिया है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए सुपेला मर्चुरी भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है।

मृतका अमृत निर्मलकर के पति लोकेश ने बताया कि वह सोमनी में रहते हैं। हादसे के समय वह ड्यूटी पर थे। उनकी पत्नी ने फोन कर बताया था कि वह बच्चों को लेकर रायपुर के बसंत विहार स्थित अपने मामा के घर जा रही हैं। कुछ ही देर बाद दुर्घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वह सीधे सुपेला अस्पताल पहुंचे, जहां पत्नी और बेटी की मौत की खबर मिली। उन्होंने बताया कि परिवार ने करीब एक माह पहले ही नई स्कूटी खरीदी थी। लोकेश ने बताया कि दूसरी मृतका लक्ष्मी निर्मलकर उनकी पत्नी की सगी बहन थीं। लक्ष्मी के पति बबला भिलाई-3 में लॉन्ड्री का काम करते हैं।

### ब्रेन डेड के बाद 59 वर्षीय...

संस्थान में भर्ती कराया गया। चिकित्सकीय जांच में उनका रक्तचाप अत्यधिक बढ़ा हुआ पाया गया तथा मस्तिष्क में आंतरिक रक्तस्राव (ब्रेन इंटरनल ब्लीडिंग) की पुष्टि हुई। विशेषज्ञ चिकित्सकों के सभी प्रयासों के बावजूद उन्हें ब्रेन डेड घोषित किया गया। अंगदान माह के दौरान हुआ यह छत्तीसगढ़ में इस वर्ष का 15वां अंगदान है।

## पेज एक के शेष

### टीवी होस्ट पर यह ...

के मुताबिक शेफाली बग्गा का एक टेलीग्राम चैनल भी है, जहां कथित तौर पर अवैध ऑनलाइन बेटिंग से जुड़े प्रमोशन और बेटिंग टिप्स साझा किए जाते थे। फिलहाल मामले की पूछताछ जारी है और डिजिटल सबूतों व वित्तीय लेनदेन की जांच जारी है। जांच एजेंसी आगे की कार्रवाई के लिए पूरे मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही है।

### विकास गर्ग से ...

कारोबारी हरिशंकर टिबरेवाल से संबंधों के बारे में ईडी ने कारोबारी से पूछताछ की है। आरोप है कि महादेव सट्टा एप की काली कमाई को विकास गर्ग व्हाइट मनी में कन्वर्ट कर सौरभ चंद्राकर के पास दुबई भेजने की व्यवस्था करता था। हरिशंकर के माध्यम से विकास के पास महादेव सट्टा की रकम हवाला के माध्यम से पहुंचती थी।

### 16 साल से उम्रकैद ...

का ओरिजिनल रिकार्ड गायब हो गया है। मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट को बताया गया कि जब जेल अधीक्षक ने रिकार्ड मांगा तो सत्र न्यायाधीश कार्यालय रायपुर के सक्षम अधिकारी ने लिखित जवाब दिया कि मूल रिकार्ड की जानकारी नहीं मिल पा रही है। **हाईकोर्ट ने दी हिदायत** : चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और जस्टिस रविन्द्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने प्रशासनिक लापरवाही को गंभीरता से लिया है। कोर्ट ने कहा है कि 16 साल से सजा काट रहे कैदी की सजा माफी के आवेदन पर निर्णय नहीं होना न्याय के खिलाफ है। कोर्ट ने रायपुर के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश से पूछा है कि वर्ष 2011 में फैसला सुनाए गए इस मामले का रिकार्ड गायब कैसे हुआ।

### पांचवी-छठवीं से लागू...

कहा कि नौवीं कक्षा से तीसरी भाषा लागू नहीं की जानी चाहिए। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने केंद्र सरकार की ओर से पेश अधिवक्ता से कहा, भारत सरकार कृपया नौवीं कक्षा से तीसरी भाषा लागू न करे। इससे छात्रों का तनाव अनावश्यक रूप से बढ़ जाएगा। यदि आप कोई नयी भाषा शुरू करना चाहते हैं, तो कृपया इसे पांचवीं या छठी कक्षा से लागू करें, न कि नौवीं कक्षा से। नौवीं कक्षा में पहले ही पढ़ाई का तनाव होता है। यह तनाव आठवीं कक्षा से ही शुरू हो जाता है। उन्होंने अधिवक्ता से अदालत की इस भावना से सरकार को अवगत कराने को भी कहा।

### आयोग के फैसले ...

इस मामले में कार ई-20 अनुकूल थी, जो ई-20 ईंधन पर चलने के लिए पूरी तरह सक्षम है। कंपनी ने दावा किया, ग्राहक के वाहन से एकत्र किए गए ईंधन में मिलावट के स्पष्ट सबूत हैं। इसके अलावा कई अन्य प्रासंगिक तथ्यों को भी आदेश में शामिल नहीं किया गया है। बयान में कहा गया, मारुति सुजुकी कानून के अनुसार, उचित उच्च मंच के समक्ष इस विवादित आदेश को चुनौती देने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। कंपनी ने कहा कि वह मजबूत इंजीनियरिंग, प्रक्रियाओं और प्रणालियों के माध्यम से गुणवत्ता, सुरक्षा तथा ग्राहक संतुष्टि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### यह है पूरा ...

उपीड़ित के पक्ष में फैसला सुनाया और आदेश दिया कि यदि कंपनी 45 दिनों के अंदर नई ई-20 अनुकूल कार उपलब्ध नहीं कराती है, तो उसे वाहन की कीमत 20.5 लाख रुपए, आरटीओ पंजीकरण, बीमा और बाकी खर्चों सहित पूरी राशि लौटानी होगी। मानसिक प्रताड़ना के लिए 1 लाख रुपए और केस लड़ने के 10 हजार रुपए भी अदा करने होंगे।

### 'वंदे मातरम' के ...

(एफसआरए) को विचार और पारित कराने के लिए भी सूचीबद्ध किया है। यह विधेयक बजट सत्र के दौरान लोकसभा में पेश किया गया था लेकिन उस समय इस पर विचार और पारित नहीं कराया गया। माना जा रहा है कि उस समय केरल में विधानसभा चुनाव होने के कारण कुछ वर्गों, खासकर ईसाई परमार्थ संगठनों के विरोध के चलते इस विधेयक को आगे नहीं बढ़ाया गया। लोकसभा सचिवालय के बुलेटिन के अनुसार, राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण (संशोधन) विधेयक, 2026 को पेश करने, उस पर विचार करने और पारित कराने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। यह विधेयक राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 में संशोधन का प्रावधान करता है। सूत्रों के अनुसार, इसके माध्यम से सरकार राष्ट्रीय गीत 'वंदे मातरम' का अपमान करने या उसके गायन में बाधा डालने को दंडनीय अपराध बनाना चाहती है। इसके अलावा, जन्म और मृत्यु पंजीकरण (संशोधन) विधेयक, 2026 को भी पेश करने, विचार करने और पारित कराने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इस विधेयक का उद्देश्य जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 (2023 में संशोधित) की धारा 13(3) में और संशोधन कर जन्म एवं मृत्यु के विलंबित पंजीकरण से संबंधित प्रावधानों को और अधिक सख्त बनाना है। संसद का मानसून सत्र आगामी 20 जुलाई से आरंभ होगा और इसके 13 अगस्त तक चलने की संभावना है।

# यात्री नौका डूबी, एक की मौत, 23 लापता

**पालू।** इंडोनेशिया में एक द्वीप की ओर से जा रही एक यात्री नौका के डूब जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और 23 लापता हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, यात्री नाव 'केएम नूरुल साल्सा' बुधवार सुबह जाम्पेआ द्वीप के बंदरगाह से रवाना हुई थी। नौका पर चालक दल के सदस्यों सहित 70 लोग सवार थे। इसके अलावा, उस पर खोपरा (नारियल गोला), मवेशी और मोटरसाइकिलें भी लदी हुई थीं। उन्होंने बताया कि बुधवार अपराह्न सूचना मिली कि नौका का इंजन खराब हो गया है और वह दक्षिण सुलावेसी प्रांत के सेलायार द्वीप समूह में अपने गंतव्य वाले बंदरगाह पर पहुंचने से करीब 43 समुद्री मील (79 किलोमीटर) पहले डूब रही है।

// आम सूचना //
(ग्राम बंजारी, प.ह.न. 01, रा.नि.मं. तोरला, तहसील गोबरानवापारा व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में)

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा विक्रेता प्रोबीर शर्मा पिता ओमप्रकाश शर्मा निवासी-फ्लैट नं. 404, ब्लाक एमउमडा रोड विठ्ठलपुरम भिलाई चरोदा जिला दुर्ग (छ.ग.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि वाके मौजा ग्राम बंजारी, प.ह.न. 01, रा.नि.मं. तोरला, तहसील गोबरानवापारा व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित खसरा नं. 222/1 रकबा 0.3250 हेक्टेयर भूमि है। जिसे क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दिया गया है तथा बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, बैंक इत्यादि को कोई दावा आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के भीतर मेरे कार्यालय में मयदस्तावेज लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि पश्चात किये गये दावा आपत्ति शून्य एवं अवैध माना जावेगा। जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा। सो सूचना जाने।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांकः 16.07.2026
अजीत पाण्डेय (अधिवक्ता)
पता- लालपुर चौक, धमतरी रोड लालपुर, रायपुर छ.ग., मो.नं. 7974779626

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
सार्वजनिक अधिसूचना
प्रोफार्मा 10-01

रायपुर डिवीजन में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत कुरुद (स्थान- 45/5, सीएच 45/259 मीटर) से धमतरी स्थान- 66/2 (सीएचः 66/045.97 मीटर) तक पूर्ण हो चुकी बीजी लाइन में स्थित रेलवे लाइनों और परिसरों के सभी उपयोगकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि 25,000 वोल्ट, 50 हर्ट्ज ए.सी. ओवरहेड ट्रैक्शन तार निर्दिष्ट तिथि को या उसके बाद हमेशा के लिए सक्रिय कर दिए जाएंगे और कोई भी अनाधिकृत व्यक्ति ओवरहेड लाइन के निकट नहीं जाएगा या उसके आस-पास कार्य नहीं करेगा।

| स्थान | मंडल | दिनांक |
|---|---|---|
| कुरुद ओएचई लोकेशन नंबर 45/5 (सीएचः 45/259 मीटर) से धमतरी ओएचई लोकेशन नंबर 66/2 (सीएचः 66/045.97 मीटर) तक बीजी सिंगल लाइन का विद्युतीकरण। | रायपुर (दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे) | 30/07/2026 |

उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण)
दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर
सीपीआर/10/292

# सेनाप्रमुख ने किया गजराज कोर का दौरा

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** सेनाप्रमुख जनरल धीरज सेठ ने गुरुवार को पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा की रीढ़ मानी जाने वाली चौथी कोर यानी गजराज कोर (असम में मुख्यालय है) का दौरा कर वहां ग्राउंड पर बनी हुई सेना की रणनीतिक और परिचालन तैयारियों की बड़े पैमाने पर समीक्षा की है। सेना ने एक बयान में बताया कि कोर के वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों ने सेनाप्रमुख को उनकी इस यात्रा के दौरान क्षेत्र में तैनात इकाइयों-संरचनाओं द्वारा वर्तमान सुरक्षा स्थिति, परिचालन तैयारियों और क्षमता विकास को बनाए रखने के लिए किए गए विभिन्न प्रयासों के बारे में जानकारी दी है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय)/द.पू.म.रे. नागपुर निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:-
क्र.सं. 1, कार्य का नामः द.पू.म. रेलवे के नागपुर मंडल में रेलों एवं वेल्ड्स की यूएसएफडी (USFD) टेस्टिंग की आउटसोर्सिंग। निविदा सूचना सं.: C/19/NAG/2026-2027, अनुमानित निविदा मूल्य (₹ में): 4,90,70,155/-, बयाना राशि/बिड सिक्यूरिटी (₹ में): 9,81,400/-
उपरोक्त निविदाओं के लिए निविदाकार अपनी मूल/संशोधित बिड (बोली) केवल 30.07.2026 को 15.00 बजे तक ही जमा कर सकेंगे।
मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है। विस्तृत विवरण हमारी वेबसाइटः www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं।
वरिष्ठ मंडल अभियंता (मध्य)
द.पू.म.रेलवे, नागपुर
PAM/21/43
South East Central Railway @secrail

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना

क्र.सं. (1) ई-निविदा संख्याः- डीआरएम-इंजी.-बीएसपी-टी-138-26-27, दिनांकः 13.07.2026
कार्यः सहायक मंडल अभियंता/पेंड्रा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत टेंगनमाड़ा, खोंगसरा, भनवारटंक, खोडरी और सारबहरा रेलवे स्टेशनों का सॉफ्ट अपग्रेडेशन और सुधार। निविदा मूल्य (रू): 8,23,88,487.11/-, अमानत राशि (रू): 16,47,800.00/-, कार्य पूर्णता की अवधिः 18 माह। निविदा जमा की आरंभ तिथिः- दिनांकः 28.07.2026 के 11.00 बजे से। निविदा जमा की अंतिम तिथिः- दिनांकः 11.08.2026 के 11:00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल रेलवे प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/294 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

कार्यालयः- नगर पालिका परिषद दल्ली राजहरा
जिला बालोद (छ.ग.)

क्रमांक / 809 / लो.नि.वि./ न.पा.प./ 2026 दल्लीराजहरा, दिनाँक 16.07.2026

:: द्वितीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना ::
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे उल्लेखित कार्य हेतु ऑनलाईन ई निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | सिस्टम टेंडर नं. | लागत (लाख रू.) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Installation of LED street lights with poles for illumination in Ward No. 09, Dalli Rajhara. | 195633 | 14.90 | 03.08.2026 |
| 2 | Installation of LED street lights with poles for illumination in Ward No. 03, Dalli Rajhara, from BSNL Office to Mangal Bhavan. | 195644 | 24.87 | 03.08.2026 |
| 3 | Installation work of LED street lights with poles in Ward No. 21, from near Taj Handloom Shop to near Tamrakar Jewellers; in Ward No. 26, from near Gupta Hotel to near Ashoka Lodge; and in Ward No. 27, from near the Dental Clinic to near Amardeep Tyre Shop. | 195645 | 36.26 | 03.08.2026 |
| 4 | Installation work of LED street lights with poles in Ward No. 12, from near Chhote Mandir to near Jaiswal Kirana Stores, and in Ward No. 18, from near Deep Cycle Stores to near Gyanu Petrol Pump. | 195646 | 40.60 | 03.08.2026 |
| 5 | Installation of Street Lighting with Poles From BSP hospital in dalli rajhara via thana chowk, brahman samaj bhavan, jain bhawan chowk and mines office chowk upto the petrol pump for providing proper illumination | 195648 | 58.51 | 03.08.2026 |

टीपः- निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध मे विस्तृत जानकारी विभाग के वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में भी देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद् दल्लीराजहरा

## राशिफल

**मेष** – मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**वृष** – परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। यात्रा पर जाना हो सकता है।

**मिथुन** – आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार में वृद्धि होगी। वाहन सुख में वृद्धि भी हो सकती है। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**कर्क** – क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों कार्यों में सफलता मिलेगी। भाइयों का सहयोग मिलेगा। संयत रहें।

**सिंह** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा, परन्तु सन्तान के स्वास्थ्य से मन परेशान भी हो सकता है। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कन्या** – आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। स्वास्थ्य का ध्यान भी रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्चों की अधिकता रहेगी।

**तुला** – किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार पर ध्यान रखें। कारोबारी कार्यों में कठिनाइयां आ सकती है।


**धनु** – आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु धैर्यशीलता में कमी रहेगी। संयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। व्यर्थ की परेशानी बढ़ सकती हैं।

**मकर** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। शैक्षिक कार्यों में मनचाही सफलता मिलेगी।

**कुंभ** – आत्मविश्वास भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत भी रहें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी।

**मीन** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पठन-पाठन में रुचि रहेगी, परन्तु शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी।

## शब्द पहेली - 6289



**बाएँ से दाएँ**
1.यश प्राप्त करना-5
5.चतुर, जहीन-5
9.दया, तरस-3
10.कामदेव-3
11.लीन, तल्लीन-2
13.बोली, आवाज-2
14.रजुदवां-2
15.एक प्रकार का बिस्किट-2,3
18.मत, सलाह-2
19.जो लायक न हो-4
20.अधीनस्थ-4
21.कहानी, गाथा-2
22.श्रवणेंद्रिय-2
23.कुएं से पानी भरने का चबूतरा-4
26.दान देने वाला-4
29.वरदान, दूल्हा-2
30.पत्नी का नाना-2,3
33.सूर्य, दिनकर-2
34.भीगा हुआ-2
35.सुर आलाप-2
36.फूलों का रस,अर्क-3
38.तरंग, हिलोर-3
41.जरुरतमंद-5
42.सेंधमार-5

**ऊपर से नीचे**
1.नामकरण-5
2.टैक्स,हाथ-2
3.महीना, मास-2
4.नामवर, प्रसिद्ध-4
5.संधि, सामंजस्य-4
6.सरस, नशा-2
7.झंकार-2
8.रमण योग्य-5
12.तगारी, नांद-3
13.सुअर-3
15.अभिमान मर्दित होना-2,3
16.समाप्त-2
17.नेकनीयत-5
23.हनुमान-3,2
24.मुलायम-3
25.उम्मीद, आशा-2
27.बहादुरी-3
28.शिव, रविलोचन-2,3
31.नामचीन-4
32.सुसंचालन-4
36.चेहरे का तेज, दर्प-2
37.रिश्तेदार-2
39.अधिकार-2
40.ईश्वर, भगवान-2

**शब्द पहेली- 6288 का हल**



## सूडोकू नवताल - 6299

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

**सूडोकू नवताल - 6298 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

## एक्जिम बैंक ने वित्त मंत्री को सौंपा लाभांश चेक



**नई दिल्ली।** भारतीय निर्यात-आयात बैंक (एक्जिम बैंक) ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 428 करोड़ रुपये के लाभांश का चेक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को सौंपा। एक्जिम बैंक ने बयान में कहा कि बैंक ने 2025-26 में 4,273 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जिसमें से शुद्ध लाभ का 10 प्रतिशत यानी 428 करोड़ रुपये भारत सरकार को लाभांश के रूप में हस्तांतरित किया गया।

# विश्व के टॉप 10 में से 7 बैंक चीन के, अमेरिका और यूरोप से निकला आगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ग्लोबल बैंकिंग से जुड़ी मशहूर मैगजीन 'द बैंकर' दुनिया के 100 सबसे बड़े बैंकों की एक लिस्ट बनाई है, इनमें टॉप-10 बैंकों में से 7 बैंक अकेले चीन के हैं। इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल बैंक ऑफ चाइना (आईसीबीसी), चाइना कंस्ट्रक्शन बैंक, एग्रीकल्चरल बैंक ऑफ चाइना और बैंक ऑफ चाइना टॉप चार पोजीशन पर हैं। ये इस पोजीशन पर साल 2019 से कायम रहे हैं।

पोस्टल सेविंग्स बैंक ऑफ़ चाइना-जो 2007 में पोस्ट ऑफिस के सेविंग्स काउंटर से बनाया गया था- पहली बार टॉप दस में शामिल हुआ है। टॉप 100 में 22 चीनी बैंक है। लिस्ट में जेपी मॉर्गन चेस, बैंक ऑफ अमेरिका और सिटीग्रुप भी हैं, जो चीन के नहीं है। टॉप 100 की लिस्ट में भारतीय बैंकों का कोई अता-पता नहीं है।

- ग्लोबल बैंकिंग की मशहूर मैगजीन द बैंकर ने जारी की सूची
- सूची की शीर्ष 100 में एक भी भारतीय बैंक शामिल नहीं

### चीन के सबसे बड़े बैंक के पास 7.6 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति

*चीन का सबसे बड़ा बैंक आईसीबीसी है, जो 7.6 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति को संभालता है। भारत की पूरी जीडीपी इसकी आधी है। चीन के टॉप बैंकों के मुकाबले भारत का सबसे बड़ा बैंक- स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) काफी छोटा है। चीन इन बैंकों के जरिए अमेरिकी डॉलर का रूतबा खत्म करा चाहता है। चीन चाहता है कि डॉलर की जगह दुनियाभर में कारोबार के लिए युआन का इस्तेमाल हो।*



### बैंक कर्ज न पटाने पर बंदरगाह कब्जे में लेते हैं

जब कोई देश कर्ज नहीं चुका पाते हैं, तो चीन इनके बंदरगाहों या जमीन को कब्जे में ले लेता है। इसे 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' या भारत को घेरने की रणनीति कहते हैं। 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स' को आप एक जियोपॉलिटिकल थ्योरी के तौर पर समझ सकते हैं, जो यह बताती है कि चीन, भारत को किस तरह से जमीन और समुद्र के रास्ते घेरने की तैयारी कर रहा है।

### सभी बड़े बैंक सरकारी

*चीन के सभी बड़े बैंक सरकारी हैं, जो पैसों का इस्तेमाल कारोबार से ज्यादा अपनी विदेश नीति के लिए करते हैं। इन बैंकों के पास इतना पैसा होता है, तो कि यह श्रीलंका, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे अपने पड़ोस में स्थित देशों को भारी-भरकम कर्ज देने का दम रखते हैं।*

### चीनी बैंकों के पास पैसों की कमी नहीं

*चूंकि इन बैंकों के पास पैसों की कोई कमी नहीं है इसलिए ये आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और ब्लॉकचेन जैसी नई तकनीकों पर भर-भरकर निवेश कर रहे हैं ताकि भविष्य की टेक्नोलॉजी पर इनका कब्जा हो। ऐसे में अगर आने वाले समय में डिजिटल बैंकिंग, इंटरनेशनल पेमेंट गेटवे पर चीनी बैंकों का दबदबा रहेगा, तो ऑनलाइन सुरक्षा के नियम, तकनीक वगैरह ये ही तय करेंगे, जो भारत के लिए किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होगी।*

## नए मानदंड 1 अप्रैल 2027 से पांच साल के लिए प्रस्तावित

# सरकार ने नए सीएएफई मानदंडों का मसौदा किया जारी, हितधारकों से सुझाव मांगे

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने कॉरपोरेट औसत ईंधन दक्षता (सीएएफई) विनियमों के तीसरे चरण के तहत यात्री वाहनों के लिए अधिक कड़े ईंधन दक्षता मानदंड प्रस्तावित किए हैं। इनमें कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के अधिक सख्त लक्ष्य, स्वच्छ प्रौद्योगिकियों के लिए प्रोत्साहन और बाजार-आधारित अनुपालन व्यवस्था शामिल है।

केंद्रीय बिजली मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को नए सीएएफई मानदंड का मसौदा हितधारकों के परामर्श के लिए जारी किया। नए मानदंडों को एक अप्रैल, 2027 से पांच साल के लिए लागू करने का प्रस्ताव है। वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में चरणबद्ध तरीके से कमी लाने के उद्देश्य से तैयार किए गए ये नए मानदंड मौजूदा सीएएफई (द्वितीय) मानदंड का स्थान लेंगे।

### आकलन दो चरणों में किया जाएगा

*मौजूदा सीएएफई मानदंड की अवधि 31 मार्च, 2027 तक है। मानदंड के अनुपालन का आकलन दो चरणों में किया जाएगा। पहला चरण तीन वर्ष का होगा जिसके बाद दो साल का दूसरा चरण होगा। प्रस्तावित नियम 2027-28 से 2031-32 की अवधि के दौरान भारत में बिक्री के लिए विनिर्मित या आयातित एम-1 श्रेणी के उन यात्री वाहनों पर लागू होंगे, जिनमें चालक के अतिरिक्त आठ से अधिक सीट नहीं होंगी।*

### यात्री वाहनों के लिए अधिक कड़े ईंधन दक्षता मानदंड प्रस्तावित




### ईंधन खपत के लक्ष्य कड़े किए जाएंगे

- *कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन के अधिक सख्त लक्ष्य*
- *स्वच्छ प्रौद्योगिकी के लिए प्रोत्साहन व्यवस्था शामिल*

*प्रस्तावित मसौदे में ईंधन खपत के लक्ष्य चरणबद्ध तरीके से और कड़े किए जाएंगे। इन्हें वर्ष 2027-28 में 3.99 लीटर प्रति 100 किलोमीटर (94.76 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड प्रति किलोमीटर) से घटाकर वर्ष 2031-32 तक 3.32 लीटर प्रति 100 किलोमीटर (78.90 ग्राम कार्बन डाइऑक्साइड प्रति किलोमीटर) करने का प्रस्ताव है।*

### लाभ 1 ग्राम प्रति किमी तक सीमित

*मसौदे में स्वीकृत ईंधन-बचत प्रौद्योगिकियों के लिए प्रति किलोमीटर कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन में अधिकतम नौ ग्राम तक अनुपालन प्रोत्साहन देने का भी प्रस्ताव है। हालांकि, प्रत्येक प्रौद्योगिकी के लिए यह लाभ अधिकतम एक ग्राम प्रति किलोमीटर तक सीमित रहेगा।*

### क्रेडिट-डेबिट व्यवस्था का भी प्रस्ताव

*बेड़े की औसत ईंधन खपत की गणना के दौरान बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन, रेंज-एक्सटेंडेड इलेक्ट्रिक वाहन, प्लग-इन हाइब्रिड, स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड और फ्लेक्स-फ्यूल वाहन के लिए मात्रा-आधारित 'सुपर क्रेडिट' की मौजूदा व्यवस्था बरकरार रखने का प्रस्ताव है। मसौदे में क्रेडिट-डेबिट व्यवस्था का भी प्रस्ताव है।*

### वाहन विनिर्माताओं को अनुपालन क्रेडिट मिलेगा

इसके तहत निर्धारित लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन करने वाले वाहन विनिर्माताओं को अनुपालन क्रेडिट मिलेगा, जिसे वे उसी अनुपालन अवधि के भीतर आगे के लिए ले जा सकेंगे। इसके तहत जो वाहन विनिर्माता अपने निर्धारित लक्ष्य पूरे नहीं कर पाएंगे, वे आगे ले जाए गए क्रेडिट, अन्य वाहन विनिर्माताओं के साथ स्वैच्छिक 'पूलिंग' व्यवस्था या भारतीय ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) से अनुपालन क्रेडिट खरीदकर अपनी बाध्यता पूरी कर सकेंगे।

### उपयोग न करने पर क्रेडिट स्वतः समाप्त होगा

*प्रस्ताव में प्रत्येक अनुपालन क्रेडिट के लिए शुरुआती 'बायआउट' (किसी के एवज में कुछ खरीदना) मूल्य 2,500 रुपये निर्धारित किया गया है, जिसे हर वर्ष 500 रुपये बढ़ाया जाएगा। अनुपालन अवधि समाप्त होने तक उपयोग नहीं किए गए क्रेडिट स्वतः समाप्त हो जाएंगे। मानदंड का पालन नहीं करने वाले वाहन विनिर्माताओं पर ऊर्जा संरक्षण अधिनियम के तहत जुर्माना लगाया जाएगा।*

### जनता से छह अगस्त तक सुझाव मांगे गए

*हालांकि, सालाना 1,000 से कम यात्री वाहन बेचने वाले वाहन विनिर्माताओं को इससे छूट मिलेगी। बिजली मंत्रालय ने मसौदा मानदंडों पर हितधारकों और आम जनता से छह अगस्त तक सुझाव मांगे हैं। मंत्रालय ने कहा कि प्रस्तावित मानदंड 2027-28 से 2031-32 के दौरान भारत में बिक्री के लिए विनिर्मित या आयातित एम-1 श्रेणी के यात्री वाहनों पर लागू होंगे।*

### पहली बार सीएनएफ का प्रावधान

*प्रस्ताव में पहली बार कार्बन निरपेक्षता कारक (सीएनएफ) का प्रावधान किया गया है। इसके तहत एथनॉल, जैव-ईंधन और संपीड़ित जैव-गैस (सीबीजी) का उपयोग करने वाले वाहनों के घोषित टेलपाइप कार्बन डाइऑक्साइड (सीओ2) उत्सर्जन में निर्धारित सीमा तक कमी की अनुमति होगी। एथनॉल मिश्रण स्तर के लिए आठ प्रतिशत सीएनएफ प्रस्तावित किया गया है।*

# रथयात्रा पर अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स ने मनाया 69वां स्थापना वर्ष

## 'डबल धमाका-डबल बचत' का ऑफर 26 जुलाई तक





**रायपुर।** भगवान श्री जगन्नाथ की पावन रथयात्रा के अवसर पर अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स अपने 69वें स्थापना वर्ष का उत्सव श्रद्धा, विश्वास और उत्साह के साथ मना रहा है। वर्ष 1957 में रथयात्रा के शुभ दिन स्थापित हुई संस्था ने 69 वर्षों में गुणवत्ता, शुद्धता और पारदर्शिता के आधार पर ग्राहकों का विश्वास अर्जित किया है।

इस अवसर पर कंपनी ने 16 से 26 जुलाई 2026 तक अपने सभी शोरूम में 'रथयात्रा स्पेशल ऑफर' शुरू किया है। इसके तहत सोने के आभूषणों की खरीद पर प्रति तोला 7,000 रुपये तक की बचत तथा पुराने सोने के एक्सचेंज पर प्रति 10 ग्राम 1,957 रुपये का अतिरिक्त मूल्य प्रदान किया जाएगा।

**ग्राहकों के लिए 'रथयात्रा स्पेशल ऑफर'**

### 69 वर्षों की सफलता का श्रेय ग्राहकों के विश्वास को<B>

*एटी ग्रुप के चेयरमैन तिलोकचंद बरड़िया ने कहा कि 69 वर्षों की यह यात्रा ग्राहकों के विश्वास, स्नेह और आशीर्वाद का परिणाम है। वहीं, डायरेक्टर शांति बरड़िया ने रथयात्रा को सेवा और विश्वास की परंपरा का प्रतीक बताते हुए भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और उत्कृष्ट सेवाएं देने की प्रतिबद्धता दोहराई।*

### 70वें वर्ष में आधुनिकता और परंपरा का होगा समन्वय<B>

*डायरेक्टर अशोक बरड़िया ने कहा कि 70वें वर्ष में प्रवेश के साथ संस्था आधुनिक डिजाइनों और पारंपरिक मूल्यों के समन्वय से ग्राहकों को बेहतर अनुभव और आकर्षक ऑफर्स उपलब्ध कराती रहेगी।*

# सोने का भाव लगातार दूसरे दिन स्थिर




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमतें लगातार दूसरे दिन 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहीं, जबकि वैश्विक बाजार में सुस्ती के कारण चांदी में 1,500 रुपये की गिरावट आई। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा। हालांकि, चांदी लगातार चौथे दिन दबाव में रही और 1,500 रुपये टूटकर 2,24,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स सहित) के स्तर पर आ गई, जो दो सप्ताह से ज़्यादा का निचला स्तर है। बुधवार को यह 2,26,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# आईटीसी होटल्स के लाभ में 36 फीसदी का इजाफा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईटीसी होटल्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) में 36 प्रतिशत बढ़कर 181.91 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारतीय आतिथ्य उद्योग की मांग पर शुरुआती दौर में असर पड़ा।



आईटीसी होटल्स को वित्त वर्ष 2025-26 की की समान तिमाही 133.71 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि उसके निदेशक मंडल ने 155 करोड़ रुपये के उद्यम मूल्य पर जीएचके हॉस्पिटैलिटी एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है।

**बिजनेस साइट**

## होटल और रेस्टोरेंट सेक्टर के लिए देवभोग का 6 लीटर दूध पैक लांच



*रायपुर। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ मर्यादित (देवभोग) ने होटल, रेस्टोरेंट, कैटरिंग एवं अन्य संस्थागत उपभोक्ताओं की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए देवभोग गोरस (गाय का दूध) और टोंड दूध का नया 6 लीटर पैक बाजार में लांच किया है। यह पैक 17 जुलाई से प्रदेशभर में उपलब्ध हो गया है। यह नया पैक विशेष रूप से होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई निर्माता, बेकरी, कैटरिंग, कैंटीन, अस्पताल तथा अन्य संस्थागत उपभोक्ताओं के लिए तैयार किया गया है। बड़े पैक के माध्यम से उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाला दूध सुविधाजनक और किफायती पैकिंग में उपलब्ध होगा, जिससे उनकी दैनिक जरूरतों को पूरा करने में आसानी होगी। देवभोग वर्तमान में दूध, दही, पनीर, पेड़ा, स्वीट कर्ड, श्रीखंड, लस्सी, मसाला छाछ, फ्लेवर्ड मिल्क और घी सहित विभिन्न दुग्ध उत्पाद उपभोक्ताओं तक पहुंचा रहा है। महासंघ ने होटल, रेस्टोरेंट और अन्य संस्थागत उपभोक्ताओं से देवभोग उत्पादों को अपनाने की अपील करते हुए कहा कि इससे स्थानीय दुग्ध उत्पादकों को मजबूती मिलेगी और 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को भी बढ़ावा मिलेगा।*

## 'श्री धन्वंतरि धाम हर्बल वर्ल्ड हिमालय' का शुभारंभ, सीएम धामी ने किया पौधारोपण



*हरिद्वार। हरेला पर्व के अवसर पर हरिद्वार स्थित 'श्री धन्वंतरि धाम हर्बल वर्ल्ड हिमालय' का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वृहद पौधारोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि यह परियोजना उत्तराखंड को वैश्विक हर्बल ज्ञान, अनुसंधान और इको-इनोवेशन के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री ने इसे भगवान धन्वंतरि को समर्पित बताते हुए कहा कि यह भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को भविष्य की पीढ़ियों तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। कार्यक्रम में योगगुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि 'हर्बल वर्ल्ड हिमालय' दुनिया का पहला जीवंत हर्बल उद्यान होगा, जहां विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों की औषधीय वनस्पतियों का संरक्षण और संवर्धन किया जाएगा। उन्होंने इसे वैश्विक स्वास्थ्य और पर्यावरणीय चेतना का आंदोलन बताया। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि लगभग 200 एकड़ में विकसित इस हर्बल वर्ल्ड में आयुर्वेद सहित नौ चिकित्सा पद्धतियों और विश्व की लगभग 964 चिकित्सा विद्याओं का समावेश किया गया है।*

असली केंदवा मलहम
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ऑरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खून बंद करने के लिए, पके घाव के चारों और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिबाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कोपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लाप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत नि:शुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग » बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड » बच्चों एवं बडों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

# फाइनल में अर्जेंटीना-स्पेन ही नहीं मेस्सी और यामल का भी मुकाबला

न्यूयॉर्क। विश्व कप फाइनल के लिए मंच सज चुका है जिसमें दुनिया के सर्वश्रेष्ठ आक्रमण वाली टीम अर्जेंटीना का सामना स्पेन की उस टीम से होगा जिसकी रक्षापंक्ति की मजबूती का कोई सानी नहीं है। खिताबी मुकाबले में खेल की दो अलग-अलग शैलियों का टकराव देखने को मिलेगा।

टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी और मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना रविवार को ईस्ट रदरफोर्ड, न्यू जर्सी में स्पेन की मजबूत रक्षात्मक टीम से भिड़ेंगे। स्पेन के पास मेस्सी को टक्कर देने के लिए लामिन यामल के रूप में युवा स्ट्राइकर है।





लामिन यामल
युवा स्ट्राइकर, स्पेन

## गोल के मामले में ऐसा रहा अर्जेंटीना व स्पेन का सफर

अर्जेंटीना ने टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 19 गोल किए हैं जबकि टूर्नामेंट में सबसे कम गोल खाने के मामले में स्पेन सबसे आगे है। उसने सिर्फ एक गोल खाया है। ज्ञात हो कि स्पेन ने मंगलवार को पहले सेमीफाइनल में फ्रांस को हराया। इस टूर्नामेंट में वापसी करने में माहिर अर्जेंटीना ने बुधवार को दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर जीत हासिल की।

## अर्जेंटीना चौथे और स्पेन दूसरे खिताब की दौड़ में

इस वर्ल्ड कप में अर्जेंटीना अपना चौथा खिताब जीतने की कोशिश कर रहा है और ब्राजील के बाद लगातार दो बार विश्व कप चैंपियन बनने की ओर अग्रसर है, जिसने 1958 और 1962 में यह उपलब्धि हासिल की थी। स्पेन 2010 में जीतने के बाद अपना दूसरा खिताब जीतने की कोशिश कर रहा है। दोहा में होने वाली थी भिड़ंत नहीं हो पाई थी दक्षिण अमेरिकी चैंपियन अर्जेंटीना और यूरोपीय चैंपियन स्पेन को मार्च के अंत में कतर के दोहा में फाइनलिस्सिमा में एक दूसरे का मुकाबला करना था लेकिन मध्य पूर्व में जारी जंग के कारण यह मैच नहीं हो पाया और अब संयोग देखिए कि विश्व कप फाइनल में यह दोनों टीम आमने-सामने होंगी। साथ ही उन टीमों के बीच भी मुकाबला होगा जो विश्व कप से पहले फीफा की विश्व रैंकिंग में शीर्ष दो स्थानों पर काबिज थीं अर्जेंटीना नंबर एक और स्पेन नंबर दो पर।

## वर्तमान और भविष्य के बीच होगा मुकाबला

यह फुटबॉल के वर्तमान और भविष्य के बीच एक मुकाबला होगा। साल 2007 में ली गई एक मशहूर तस्वीर है जब मेस्सी यूनिसेफ के एक कार्यक्रम का हिस्सा थे और उन्होंने एक बच्चे के साथ पोज दिया था। वह बच्चा कोई और नहीं बल्कि यामल है जो अब अपने आदर्श खिलाड़ी को टक्कर देने के लिए तैयार है। स्पेन ने 6 मैच जीते, एक रहा ड्रा स्पेन ने फाइनल तक के सफर में छह जीत हासिल की और एक ड्रॉ खेला।

## अर्जेंटीना 7वीं बार फाइनल में

अर्जेंटीना ने अपने 7वें विश्व कप फाइनल में जगह बनाई है। इस टूर्नामेंट से पहले वह 1930, 1978, 1986, 1990, 2014 और 2022 में फाइनल तक पहुंचे थे। इतिहास की बात करें तो खिताबी मैच में अर्जेंटीना का जीत-हार का रिकॉर्ड 3-3 का रहा है। अर्जेंटीना 3 बार 1978, 1986 और 2022 में विश्व कप जीत चुका है। इसके अलावा वह 1930, 1990 और 2014 में उपविजेता रहे हैं।

## अर्जेंटीना में जमकर मना जीत का जश्न

ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)। मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना की विश्व कप की सेमीफाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत का जश्न मनाने के लिए यहां हजारों फुटबॉल प्रशंसक सड़कों पर उमड़ पड़े। ब्यूनस आयर्स में तब मूसलाधार बारिश हो रही थी लेकिन इससे प्रशंसकों पर कोई असर नहीं पड़ा। इनमें से कई प्रशंसक को अपनी शर्ट उतार कर ही सड़कों पर नाच गा रहे थे। इनमें से कई प्रशंसकों ने अपने शरीर नीले और सफेद राष्ट्रीय रंगों से रंगे थे। युवा लड़के-लड़कियां बिजली के खंभों और ट्रैफिक लाइटों पर चढ़कर अर्जेंटीना के झंडे लहरा रहे थे।

## अटलांटा में दर्शकों के लिए घर जैसा माहौल

अटलांटा। अर्जेंटीना के प्रशंसक अपनी राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के प्रति उग्र और जोशीले समर्थन के लिए जाने जाते हैं तथा उनके इस जोश और जुनून ने अटलांटा में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए विश्व कप सेमीफाइनल में उनकी प्रिय टीम के लिए घर जैसा माहौल बना दिया। यह ब्यूनस आयर्स नहीं था, लेकिन स्टेडियम अर्जेंटीना के समर्थकों से भरा पड़ा था। इनमें केवल अर्जेंटीना के निवासी ही नहीं थे, बल्कि उनकी टीम को चाहने वाले अन्य देशों के कई लोग भी शामिल थे। उन्होंने मैच के दौरान टीम का उत्साह बढ़ाने के लिए गाने गाए, नारे लगाए और जोर-जोर से चिल्लाए। शर्ट उतारकर हवा में लहराई गईं।

## फीफा वर्ल्ड कप में मेसी ने रचा इतिहास

### 12 गोल में मदद करने वाले बने दुनिया के पहले खिलाड़ी

अर्जेंटीना ने इंग्लैंड को सेमीफाइनल मुकाबले में 2-0 से हराकर फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में जगह बना ली है। अर्जेंटीना की इस जीत के हीरो कप्तान लियोनेल मेसी रहे, जिन्होंने टीम की ओर से लगे दोनों ही गोल में अहम भूमिका निभाई। अर्जेंटीना की जीत के साथ ही मेसी ने वो मुकाम हासिल कर लिया है, जहां तक अब तक दुनिया का कोई खिलाड़ी नहीं पहुंच सका है। सेमीफाइनल में किए गए दो असिस्ट (गोल करने में मदद) के साथ ही मेसी के नाम अब विश्व कप में कुल 12 असिस्ट हो गए हैं। इसमें से 10 असिस्ट मेसी ने टूर्नामेंट के नॉकआउट मुकाबलों में किए हैं। आंकड़ों के अनुसार, मेसी इस मुकाम तक पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं।





## स्पेन से हार के बाद फ्रांस में तोड़फोड़, भड़के दंगे

फीफा विश्व कप 2026 के पहले सेमीफाइनल मुकाबले में स्पेन के हाथों 0-2 से मिली करारी हार के बाद फ्रांस में बड़े पैमाने पर दंगे और हिंसा भड़क उठी है। हार के तुरंत बाद फ्रांस की राजधानी पेरिस सहित देश के कई हिस्सों में अराजकता फैल गई। फ्रांस की हार के बाद भड़की हिंसा के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। इसमें प्रदर्शनकारी सड़कों पर हंगामा और तोड़फोड़ करते नजर आ रहे हैं।

## इटली के मूर्तिकार ने तैयार की है विश्व कप ट्रॉफी

मिलान। फीफा विश्व कप ट्रॉफी का डिजाइन इटली के एक मूर्तिकार ने तैयार किया है। उन्होंने इस सर्पिलाकार आकृति में खेल से जुड़ी तीन भावनाओं को दर्शाने की कोशिश की है जिसमें खिलाड़ियों का संघर्ष, प्रशंसकों का उल्लास और जीत का क्षण शामिल हैं। जब ब्राजील ने 1970 में अपना तीसरा विश्व कप जीतकर मूल ट्रॉफी पर स्थायी अधिकार हासिल कर लिया था तो विश्व फुटबॉल की



सर्वोच्च संस्था फीफा ने एक नए डिजाइन के लिए खुली प्रतियोगिता शुरू की। इसके बाद सिल्वियो गजानिगा ने मिलान के ब्रेरा इलाके में स्थित अपने स्टूडियो में ट्रॉफी का डिजाइन तैयार किया। यह डिजाइन अब दुनिया भर के फुटबाल प्रेमियों की आंखों में रच बस चुका है। इसमें दो मानव आकृतियां पृथ्वी को पकड़े हुए हैं। विश्व कप फाइनल के बाद विजेता टीम का कप्तान जिस ट्रॉफी को हासिल करता है वह 36 सेंटीमीटर (14 इंच) ऊंची है और 18 कैरेट सोने से बनी है। यह हरे रंग के दो छल्लों वाले आधार पर टिकी है। यह छल्ले खेल के मैदानों के प्रतीक हैं।

## मालोन और टॉम क्रूज सहित फीफा के समापन समारोह में दिखाई देंगे कई मुख्य कलाकार

न्यूयॉर्क। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल महासंघ (फीफा) ने कहा है कि विश्वकप 2026 के समापन समारोह में अभिनेता टॉम क्रूज से लेकर स्ट्रीमर आईशोस्पीड तक, कई तरह के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। अमेरिकी रैपर-गायक पोस्ट मालोन समापन समारोह



में मुख्य प्रस्तुति देंगे। यह समारोह रविवार के फाइनल से 90 मिनट पहले आयोजित किया जाएगा। फीफा ने एक बयान में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य तीन देशों के 16 मेजबान शहरों में 48 टीमों की अविस्मरणीय यात्रा का जश्न मनाना है।

**कौन-कौन से कलाकार होंगे मुख्य आकर्षण :** इस समारोह में आईशोस्पीड व टॉम क्रूज सहित इटली की गायिका लौरा पौसिनी, टोनी पुरस्कार विजेता और पुसीकैट डॉल्स की सदस्य निकोल शेर्जिंगर; और ब्रिटिश गायक और टेक दैट के पूर्व सदस्य रॉबी विलियम्स द्वारा प्रस्तुतियां भी शामिल होंगी। जेनिफर हडसन अमेरिकी राष्ट्रगान गाएंगी।

यूको बैंक UCO BANK
सम्मान आपके विश्वास का — Honours Your Trust
यूको बैंक : अंचल कार्यालय
पता : छत्तीसगढ़ नेत्र चिकित्सालय परिसर, तेलीबांधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4233116, 4233115, ईमेल: zoraipur.rec@uco.bank.in

परिशिष्ट IV देखें, [नियम 8 (1)] के तहत

**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति के लिए)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने **यूको बैंक** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) के अधीन और धारा 13(12) और सपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना जारी की थी तथा ऋणी को मांग सूचना में उल्लिखित धनराशि जिसका विवरण नीचे दिया गया है का भुगतान सूचना प्राप्ति के 60 दिनों भीतर करने को कहा गया था। ऋणी के यह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी / बंधककर्ता और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 उपधारा (4) सपठित उक्त नियम 8 के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों का आधिपत्य (कब्जा) नीचे वर्णित दिनांक को ग्रहण कर लिया है तथा जिसका विवरण अधोवर्णित है।

| क्र. सं. | शाखा | ऋणी का नाम | संपत्ति का विवरण | मांग सूचना की तिथि / सांकेतिक कब्जा सूचना की तिथि / बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | तेलीबांधा शाखा रायपुर | 1. श्रीमती शारदा जैन पति श्री विकास चंद 2. श्री नागराज जनार्दन-पुत्र श्री नागराज सत्यम | फ्लैट नंबर सी-516, जो रायपुर के इंद्रप्रस्थ फेज-2 में माधव राय सप्रे वार्ड (वार्ड नंबर 68) के ब्लॉक सी की 5वीं मंजिल पर स्थित है। सुपर बिल्ट-अप एरिया - 530.15 वर्ग फीट। यह मौजा-रायपुरा, तहसील-रायपुर में स्थित है। डीड (विलेख) के अनुसार सीमाएँ - पूर्व - खुला आसमान, उत्तर - खुला स्थान और लिफ्ट, पश्चिम - फ्लैट नंबर सी-514, दक्षिण - फ्लैट नंबर बी-03. | 06/03/2026<br>13/07/2026<br>₹ 4,95,635.80 + ब्याज देय और अन्य खर्च |

ऋणी / बंधककर्ता को विशिष्ट रुप से और सर्वसाधरण को सामान्य रुप से एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार (क्रय-विक्रय) नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और उक्त सम्पत्ति का **किसी भी प्रकार से क्रय-विक्रय यूको बैंक के मूल ब्याज व अन्य व्यय के भार के अधीन होगा** जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

**उधारकर्ता / गारंटर / बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।**

दिनांक : 13.07.2026 स्थान : रायपुर (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी / यूको बैंक

केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम — A Government of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate
**धमतरी-II, घड़ी चौक शाखा**

**अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता ने जो वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठित तथा प्रतिभूति हित का **प्रवर्तन अधिनियम 2002** के अधीन **केनरा बैंक की निम्नांकित शाखा का प्राधिकृत अधिकारी है, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(2)** के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, ऋण लेने वाले निम्नलिखित बकायेदार को निम्नांकित सारणी के अनुरुप मांग सूचना तथा उसमें उल्लिखित रकम उक्त सूचना की प्राप्ति की तारीख से **60 दिन** के भीतर प्रतिदाय करने की मांग करने के लिए जारी की थी।

ऋण लेने वाले द्वारा रकम का प्रतिदेय करने में असफल रहने पर, ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता और जनसाधारण को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित उक्त (अधिनियम) की धारा 13(4) के अधीन उसे प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। ऋणी/जमानतकर्ता/बन्धककर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्यतया एततद्वारा चेतावनी दी जाती है कि निम्नलिखित सम्पत्तियों में कोई लेन-देन न करें और उसमें किसी प्रकार का लेन-देन **केनरा बैंक की निम्नांकित संबंधित शाखा** को देय बकाया राशि एवं उस पर व्याज आदि के प्रभार के अधीन होगा।

**उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता (यों) का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को छुड़ाने के लिये उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों के लिये आमंत्रित किया गया है।**

| क्र. सं. | ऋणी एवं जमानतदार का नाम | कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण | मांग सूचना राशि | मांग सूचना तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **ऋणी- मेसर्स महादेव की रसोई मालिक श्रीमती कंचन देवांगन पति श्री ईश्वर देवांगन** के माध्यम से एवं **श्री ईश्वर देवांगन पुत्र श्री झग्गर देवांगन** (जमानतदार एवं बंधककर्ता) | **शीर्षक धारक का नामः श्री ईश्वर देवांगन पुत्र श्री झग्गर देवांगन**, नया खसरा नं. 416/23 (पुराना खसरा नं. 416/9 (भाग), प.ह.नं. 49/15, ग्राम- हटकेश्वर, बी.एन. नं.532/546, मंडल- भोथली, ब्लॉक एवं तहसील- वोह, जिला- धमतरी, छत्तीसगढ़। क्षेत्रफल- 1508.00 वर्ग फुट में स्थित परिवर्तित भूमि के साम्यिक बंधक। **चौहद्दीः उत्तर-** विक्रेता की शेष भूमि, **दक्षिण-** श्री संतोष की खुली भूमि, **पूर्व-** सड़क, **पश्चिम-** खसरा नं. 384/2, 384/3. **CERSAI ID- 400087797472** | ₹ 19,49,289.32 + ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ. | 05/05/2026<br>कब्जा सूचना तिथि<br>13/07/2026<br>कब्जा लेने की तिथि<br>14/07/2026 |

दिनांक : 16.07.2026, स्थानः धमतरी (छ.ग.) प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

## इंग्लैंड ने भारत को चार विकेट से हराया, रूट ने बनाए नाबाद 99 रन

एजेंसी ▶▶| कार्डिफ

इंग्लैंड ने दूसरे वनडे में भारत को 4 विकेट से हराकर तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर दी है। टीम ने 234 रन का टारगेट 44.1 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया। शुरुआती झटकों के बावजूद रूट ने पारी संभालते हुए इंग्लैंड को जीत दिलाई। जो रूट 99 रन बनाकर नाबाद लौटे। गस एटकिंसन ने 16 बॉल पर नाबाद 23 रन बनाए। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने बेन डकेट, प्रसिद्ध कृष्णा ने जैकब बेथेल, गुरनूर बरार ने हैरी ब्रूक और विल जैक्स, शिवम दुबे ने सैम करन, जबकि अक्षर पटेल ने जोस बटलर का विकेट लिया।




### ऐसी रही भारतीय पारी

इससे पहले टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए भारत 44 ओवर में 233 रन पर ऑलआउट हो गया था। श्रेयस अय्यर (66) और विराट कोहली (65) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं और चौथे विकेट के लिए 67 रन की साझेदारी की। आखिर में जसप्रीत बुमराह ने नाबाद 20 रन बनाकर टीम को 230 के पार पहुंचाया। इंग्लैंड की ओर से जोफ्रा आर्चर और गस एटकिंसन ने 3-3 विकेट लिए।

## सिंधू जापान ओपन के क्वार्टर फाइनल में

एजेंसी ▶▶| तोक्यो

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बृहस्पतिवार को चीन की विश्व में पांचवें नंबर की खिलाड़ी हान यू को सीधे गेम में हराकर जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया जो उनका मौजूदा सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी है। विश्व रैंकिंग में 10वें नंबर पर काबिज भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे



दौर के मुकाबले में अपने से उच्च रैंकिंग वाली चीनी शटलर को केवल 35 मिनट में 21-16, 21-14 से पराजित किया।

**टोरेंट पावर ग्रिड लिमिटेड**
[पंजीकृत कार्यालय: "समन्वय", ६००, तपोवन, अंबावाड़ी, अहमदाबाद - ३८००१५]

**केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग के समक्ष**
६ वीं, ७ वीं और ८ वीं मंजिल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली- ११००२९

**सार्वजनिक सूचना**

**[केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ के निर्धारण के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन का प्रकाशन और अन्य संबंधित मामले) विनियम, २००४ और इसके संशोधन के विनियम ३ के खंड (६) के अनुसरण में प्रकाशित किया गया है]**

१. टोरेंट पावर ग्रिड लिमिटेड ने विद्युत अधिनियम, २००३ की धारा ६२ और ७९ (१)(सी) और (डी) और केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (टैरिफ के नियम और शर्तें) विनियम, २०२४ के साथ पठित केन्द्रीय विद्युत विनियामक आयोग (व्यवसाय संचालन) विनियम, २०२३ के विनियम १५ (१)(ए) और २३ के तहत "खावड़ा पीएस के ४.५ गीगावॉट आरई इंजेक्शन की निकासी के लिए पारेषण योजना चरण II - भाग डी" के लिए वाणिज्यिक संचालन तिथि से ३१.०३.२०२९ तक की अवधि के लिए टैरिफ के निर्धारण की मांग करते हुए केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, नई दिल्ली के समक्ष एक याचिका दायर की है।
२. उपर्युक्त पारेषण प्रणाली के लाभार्थी हैं:
(क) सेंट्रल ट्रांसमिशन यूटिलिटी लिमिटेड (ख) पश्चिमी क्षेत्रीय विद्युत समिति (ग) पीटीसी इंडिया लिमिटेड (घ) विद्युत विभाग गोवा (ड) गुजरात ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (च) मध्य प्रदेश विद्युत प्रबंधन कंपनी लिमिटेड (छ) महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (ज) टोरेंट पावर लिमिटेड (झ) छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत पारेषण कंपनी (ञ) दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ट) केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण
३. लाइन की लंबाई एवं, ट्रांसमिशन सिस्टम के बे की संख्या:

| पारेषण योजना का दायरा | क्षमता/ कि.मी |
|---|---|
| १. अहमदाबाद एस/एस में पिराना (पीजी) - पिराना (टी) ४०० केवी डी/सी लाइन का ट्विन एचटीएलएस से लिलो, साथ ही पिराना (पीजी) - पिराना (टी) लाइन का ट्विन एचटीएलएस कंडक्टर के साथ रिकंडक्टरिंग एवं मुख्य लाइन और लिलो खंड दोनों के लिए ओपीजीडब्ल्यू। | ६२.८२ कि.मी |
| २. पिराना (टी) ४०० केवी लाइन में अपेक्षित एफओटीई के साथ बे अपग्रेडेशन कार्य - @ | ४०० केवी लाइन बे - पिराना (टी) में २ बे |

@ पिराना (पीजी) और पिराना (टी) में मौजूदा बे की वर्तमान रेटिंग २००० ए है। ०४ नंबर ४०० केवी लाइन बे उन्नयन में पिराना (पीजी) में ०२ बे अपग्रेडेशन और पिराना (टी) में ०२ बे अपग्रेडेशन शामिल हैं। पिराना (टी) अपग्रेडेशन में ४०० केवी बस कपलर बे अपग्रेडेशन और ४०० केवी ट्रांसफर बस कपलर बे अपग्रेडेशन के साथ-साथ बस बार का अपग्रेडेशन भी शामिल होगा।
४. वाणिज्यिक संचालन की तिथि: २४.०२.२०२६
५. सीओडी के आधार पर पूंजीगत लागत: ५११.७६ करोड़ रुपये
६. याचिकाकर्ता बोर्ड द्वारा स्वीकृत पूंजीगत लागत: ८०० करोड़ रुपये
७. टैरिफ का विवरण:

(करोड़ रुपये में)

| ट्रांसमिशन शुल्क | वर्ष-वार टैरिफ निर्धारित करने की मांग की गई है | | | |
|---|---|---|---|---|
| | वित्तीय वर्ष २०२५-२६ (सीओडी से) | वित्तीय वर्ष २०२६-२७ | वित्तीय वर्ष २०२७-२८ | वित्तीय वर्ष २०२८-२९ |
| | ८.१९ | ९०.३५ | ९४.५७ | ९२.४९ |

८. टैरिफ के निर्धारण के लिए किए गए आवेदन की एक प्रति (www.torrentpower.com)वेबसाइट पर पोस्ट की है
९. आवेदन में निहित टैरिफ निर्धारण संबंधी प्रस्तावों पर यदि कोई सुझाव और आपत्तियां हों, वह व्यक्ति सचिव, केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग, ६ वीं, ७ वीं और ८ वीं मंजिल, टॉवर बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली - ११००२९ के समक्ष इस नोटिस के प्रकाशन के ३० दिनों के भीतर आवेदक को एक प्रति के साथ दायर की जानी चाहिए।

स्थान: अहमदाबाद
दिनांक: १६-०७-२०२६

टोरेंट पावर ग्रिड लिमिटेड
एसडी/-
अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता




# 12 की उम्र में बनाया प्लेन, ठुकराया नासा का ऑफर

**न्यूयार्क।** क्या कोई 12 साल का बच्चा असली हवाई जहाज बना सकता है? आपका जवाब शायद न होगा। लेकिन, शिकागो की एक लड़की ने न सिर्फ ऐसा कर दिखाया, बल्कि 14 साल की उम्र में उसे आसमान में उड़ाकर भी सबको चौंका दिया। आज टेक और साइंस की दुनिया में इस लड़की का नाम चर्चा में है। सिर्फ इतना ही नहीं, नासा से लेकर अरबपति जेफ बेजोस तक शिकागो की इस लड़की को नौकरी देने के लिए तैयार थे, वो भी करोड़ों के सैलरी पैकेज वाली नौकरी। इस टैलेंट की वजह से दुनिया के बड़े-बड़े एक्सपर्ट्स अब इसे अगला अल्बर्ट आइंस्टीन नाम दे रहे है।

■ इस लड़की को दुनिया कह रही दूसरी आइंस्टीन

### एमआईटी में रचा इतिहास, स्टीफन हॉकिंग भी थे रिसर्च के मुरीद

शुरुआत में जब सबरीना ने मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी यानी एमआईटी में एडमिशन के लिए अप्लाई किया था, तो उन्हें वेटिंग लिस्ट में डाल दिया गया था। लेकिन, जब वहां के प्रोफेसर्स ने उनके खुद के बनाए विमान का वीडियो देखा, तो वे हैरान हो गए। सबरीना ने मात्र 3 साल में एमआईटी से 5.0 की परफेक्ट जीपीए के साथ ग्रेजुएशन पूरा कर लिया और बीते दो दशकों में भौतिकी विभाग में टॉप करने वाली पहली महिला बनीं।



### आखिर क्यों ठुकराए करोड़ों के ऑफर?

सबरीना के टैलेंट को देखते हुए अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस की स्पेस कंपनी ब्लू ओरिजिन उन्हें अपनी टीम में लाने का प्रयास किए। रिपोर्ट्स के अनुसार, ब्राउन यूनिवर्सिटी ने तो उन्हें लगभग 1.1 मिलियन डॉलर यानी लगभग 9 करोड़ रुपए से अधिक के पैकेज पर असिस्टेंट प्रोफेसर का पद ऑफर किया था। लेकिन, सबरीना ने इन सभी आलीशान ऑफर्स को ठुकरा दिया। पैसे और कॉर्पोरेट चकाचौंध से दूर, उन्होंने 2021 में कनाडा के पेरिमीटर इंस्टीट्यूट फॉर थियोरेटिकल फिजिक्स को चुना, जहां वह सबसे कम उम्र की फैकल्टी में से एक बनीं। वर्तमान में वह वहां सेलेस्टियल होलोग्राफी इनिशिएटिव प्रोजेक्ट को लीड कर रही हैं, जिसे साइमंड्स फाउंडेशन से 8 मिलियन डॉलर यानी लगभग 66 करोड़ रुपए का बड़ा ग्रांट मिला है।

जहां आम तौर पर बच्चे खिलौना हवाई जहाज से खेलते हैं, वहीं शिकागो की सबरीना गोंजालेज पास्टर्सकी ने मात्र 12 साल की उम्र में एक सिंगल-इंजन विमान का ढांचा तैयार कर दिया। 14 साल की होते-होते उन्होंने इस विमान को खुद उड़ाया भी, वो भी तब जब उनकी गाड़ी चलाने का लाइसेंस बनने की उम्र भी नहीं हुई थी।

आज 32 साल की सबरीना महिला को उनकी कुशाग्रता को देखते हुए कई लोग उन्हें अगला अल्बर्ट आइंस्टीन कह रहे है। इसका कारण यह है कि वह साइंस के उस सबसे बड़े रहस्य को सुलझाने में लगी हुई हैं, जो आइंस्टीन के काम के बाद अधूरा रह गया था यानी क्वांटम लेवल पर गुरुत्वाकर्षण का व्यवहार कैसा होता है।

## ● रोचक खबरें

### कार के टायर जितना बड़ा होता है ये फूल, 10 किलो तक भारी

**बैंकाक।** प्रकृति अपने अनोखे चमत्कारों से हमेशा हैरान करती रहती है, दुनिया का सबसे बड़ा फूल रेफलीशिया भी इन्हीं में से एक है। यह फूल ना सिर्फ आकार में विशाल है बल्कि उसकी बदबू भी अनोखी है। यह फूल व्यास में एक मीटर तक बड़ा हो सकता है। इसका वजन 10 किलो तक पहुंच जाता है। देखने में यह किसी कार के टायर जितना लगता है। बात फूल के रंग की करें तो ये लाल-भूरा होता है और इसकी पंखुड़ियां मांस जैसे मोटी होती हैं।



**बदबू का राज**-सबसे दिलचस्प बात यह है कि रेफलीशिया से सड़ी हुई लाश जैसी बदबू आती है। यह बदबू दूर-दूर तक फैल जाती है। वैज्ञानिकों के अनुसार, यह बदबू मक्खियों को आकर्षित करने के लिए निकाली जाती है। मक्खियां फूल पर बैठकर परागण करती हैं, जिससे ये जंगल में फ़ैल जाते हैं।

**परजीवी जीवन शैली**- रेफलीशिया सामान्य पौधों की तरह नहीं बढ़ता। यह परजीवी पौधा है। इसमें अपना पत्ता या तना नहीं होता। यह दूसरे पेड़ों की जड़ों से न्यूट्रिशन चुराकर अपना विकास करता है। फूल कई महीनों की तैयारी के बाद अचानक खिलता है।

**कहां पाया जाता है ये फूल?**- रेफलीशिया मुख्य रूप से इंडोनेशिया, मलेशिया, थाईलैंड और फिलीपींस के वर्षावनों में पाया जाता है। यह दुर्लभ फूल है और कई जगहों पर विलुप्त होने के खतरे में है। ये कई सालों में खिलता है और बस पांच से सात दिन ही खिला रहता है। इसके बाद ये मुरझा जाता है। वैज्ञानिक इस फूल का अध्ययन करके परजीवी पौधों की जीवन शैली समझते हैं। यह फूल प्रकृति में जैव विविधता का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### बीवी को किडनी दे पति ने बचाई जान तलाक के बाद शख्स ने मांगा वापस

**न्यूयार्क।** अमेरिका का एक अनोखा तलाक मामला वर्षों बाद भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मामले में एक डॉक्टर ने अपनी पत्नी की जान बचाने के लिए उसे अपनी एक किडनी दान कर दी थी। लेकिन, कुछ साल बाद जब पत्नी ने तलाक की अर्जी दाखिल कर दी, तो डॉक्टर ने अदालत में ऐसी मांग रख दी जिसने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने कोर्ट से कहा कि या तो उनकी दान की गई किडनी वापस दिलाई जाए या फिर उसकी कीमत के रूप में 14,45,04,300 रुपए (1.5 मिलियन डॉलर) का मुआवजा दिलाया जाए। यह मामला अमेरिका के लॉन्ग आइलैंड, न्यूयॉर्क का है, जहां डॉक्टर रिचर्ड बतिस्ता और उनकी पत्नी डॉनेल बतिस्ता के बीच तलाक की कार्यवाही लंबे समय तक चर्चा में रही थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, रिचर्ड बतिस्ता और डॉनेल की शादी वर्ष 1990 में हुई थी। शादी के कुछ वर्षों बाद डॉनेल की किडनी गंभीर रूप से खराब हो गई। उनकी जान बचाने के लिए वर्ष 2001 में रिचर्ड ने अपनी एक किडनी पत्नी को दान कर द।. ऑपरेशन सफल रहा और डॉनेल की जान बच गई। लेकिन, कुछ वर्षों बाद दोनों के रिश्तों में खटास आ गई।



**2005 में पत्नी ने दायर किया तलाक**- रिपोर्ट्स के अनुसार, वर्ष 2005 में डॉनेल बतिस्ता ने तलाक की अर्जी दाखिल कर दी थी। इसके बाद दोनों के बीच कानूनी विवाद शुरू हो गया। इसी दौरान रिचर्ड बतिस्ता ने सार्वजनिक रूप से अपनी नाराजगी जाहिर की और मीडिया के सामने अपनी पीड़ा साझा की। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी पत्नी को सिर्फ दिल ही नहीं दिया, बल्कि उसकी जिंदगी बचाने के लिए अपनी किडनी भी दान कर दी थी। इसके बावजूद उन्हें बदले में विश्वासघात मिला।

# 83 सदस्य, 6 पीढ़ियां और एक चूल्हा इस परिवार की एकता बनी मिसाल

**अमरावती। आजकल संयुक्त परिवार धीरे-धीरे कम होते जा रहे हैं। लोग अब न्यूक्लियर फैमिली की तरफ बढ़ रहे हैं। नौकरी, पढ़ाई और बेहतर सुविधाओं की तलाश में लोग अलग-अलग शहरों में बस जाते हैं। ऐसे समय में आंध्र प्रदेश के अनंतपुर जिले के कुरलपल्ली गांव का नागप्पा परिवार लोगों के लिए एक मिसाल बनकर सामने आया है। इस परिवार में कुल 83 सदस्य रहते हैं। खास बात यह है कि परिवार छह पीढ़ियों तक फैला हुआ है और आज भी सभी लोग मिल-जुलकर एक परिवार की तरह रहते हैं। भले ही वे चार अलग-अलग मकानों में रहते हों, लेकिन उनकी जिंदगी पूरी तरह एक ही परिवार की तरह चलती है।**

### कहानी जीत रही लोगों का दिल



### परिवार में कौन-कौन हैं?

इस बड़े परिवार की अगुवाई हनुमंतरायुडु और मुथ्यालप्पा करते हैं। परिवार में छह सास, 14 बहुएं, 20 बच्चे, दादा-दादी, नाना-नानी और कई बुजुर्ग सदस्य शामिल हैं। इतने बड़े परिवार को संभालना आसान नहीं होता, लेकिन यहां हर सदस्य की अपनी जिम्मेदारी तय है। घर के छोटे-बड़े सभी लोग एक-दूसरे का सहयोग करते हैं। यही वजह है कि इतने सारे लोगों के साथ रहने के बावजूद परिवार में अनुशासन और तालमेल बना रहता है।

### चार घर, लेकिन रसोई सिर्फ एक

आज के समय में हर घर की अपनी अलग रसोई होती है, लेकिन नागप्पा परिवार में ऐसा नहीं है। यहां चार मकानों में रहने के बावजूद पूरे परिवार का खाना एक ही रसोई में तैयार होता है। राशन खरीदने से लेकर सब्जियां लाने तक की जिम्मेदारी बड़े सदस्य निभाते हैं। वहीं, परिवार की बहुएं मिलकर पूरे परिवार के लिए खाना बनाती हैं। एक साथ बैठकर खाना खाना इस परिवार की पुरानी परंपरा है। उनका मानना है कि साथ बैठकर खाना खाने से रिश्तों में अपनापन बना रहता है।

**हर सुबह होती है परिवार की मीटिंग**- इस परिवार की सबसे खास बात इसकी हर रोज की दिनचर्या है। हर सुबह घर के बड़े सदस्य एक साथ बैठकर चाय या कॉफी पीते हैं और पूरे दिन की योजना बनाते हैं। इसी बैठक में तय होता है कि कौन खेत में जाएगा, कौन घर के काम संभालेगा और उस दिन खाने में क्या बनेगा। सभी जिम्मेदारियां पहले ही बांट दी जाती हैं, जिससे किसी पर जरूरत से ज्यादा बोझ नहीं पड़ता। परिवार के लोग मानते हैं कि दिन की शुरुआत अगर मिलकर की जाए तो बाकी काम भी आसानी से पूरे हो जाते हैं।

**खेती के साथ बसों का भी कारोबार**- इस परिवार की कमाई का जरिया सिर्फ खेती नहीं है। खेती के अलावा परिवार मिलकर ट्रांसपोर्ट का कारोबार भी करता है। परिवार के पास चार बसें हैं, जो कल्याणदुर्गम से कर्नाटक के कई इलाकों के बीच चलती हैं। खेती और बसों से होने वाली पूरी कमाई एक ही जगह जमा होती है। इसके बाद जरूरत के हिसाब से खर्च किया जाता है। इसका मतलब यहां कोई अपनी अलग कमाई नहीं रखता। परिवार की आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह सामूहिक है।

**इतने बड़े परिवार में कैसे नहीं होते झगड़े?**- 83 लोगों के साथ रहने पर मतभेद होना स्वाभाविक है। परिवार के सदस्य भी मानते हैं कि कभी-कभी अलग-अलग राय सामने आती हैं। हालांकि, उनका नियम साफ है कि कोई भी विवाद अगले दिन तक नहीं जाना चाहिए। अगर किसी बात पर बहस होती है तो उसी दिन बैठकर उसका समाधान निकाल लिया जाता है। बुजुर्गों का कहना है कि आपसी सम्मान, धैर्य और बातचीत ही इतने बड़े परिवार को एक साथ जोड़े रखने का सबसे बड़ा कारण है।

**बच्चों को भी मिलती है परिवार की सीख**- इस संयुक्त परिवार में बड़े-बुजुर्ग सिर्फ फैसले नहीं लेते, बल्कि बच्चों को परिवार की परंपराएं और संस्कार भी सिखाते हैं। बच्चे अपने दादा-दादी और अन्य बुजुर्गों के साथ समय बिताते हैं। उन्हें बचपन से ही मिलकर रहने, जिम्मेदारियां निभाने और बड़ों का सम्मान करने की सीख दी जाती है।

# 6.7 करोड़ साल पुराने टी-रेक्स डायनासोर का ढांचा 482 करोड़ रुपए में बिका

**न्यूयार्क।** अमेरिका के सॉथबीज ऑक्शन हाउस ने करीब 6.7 करोड़ साल पुराने 'टी-रेक्स' डायनासोर को बीते मंगलवार को नीलाम कर दिया। इसे गस नाम दिया गया था। लोगों को अंदाजा था कि इसकी बोली 30 मिलियन डॉलर (करीब 288.59 करोड़ रुपए) तक जा सकती है, लेकिन दुनिया भर के अरबपतियों के बीच इसे खरीदने की ऐसी होड़ मची कि महज 10 मिनट के अंदर एक गुप्त खरीदार ने इसे 50.1 मिलियन डॉलर (करीब 482 करोड़ रुपए) देकर अपने नाम कर लिया। इसके साथ ही यह इतिहास का अब तक का सबसे महंगा बिकने वाला कंकाल बन गया है। ये कीमत इतनी ज्यादा है कि इस बजट में आप करीब 100 फरारी रोमा कारें खरीद सकते हैं।



**अमीर लोग बनाम सरकारी म्यूजियम**- पहले के समय में जब भी कोई डायनासोर मिलता था, तो उसे सरकारी म्यूजियम में रखा जाता था ताकि बच्चे और बड़े उसे देख सकें. लेकिन साल 1997 में पहली बार सू नाम के एक टी-रेक्स को नीलामी में बेचा गया। सॉथबीज की अधिकारी कैसेंड्रा हैटन ने बताया कि उस समय कोर्ट के फैसलों से यह साफ हुआ कि जिसकी जमीन होगी, जमीन से निकलने वाले डायनासोर पर भी उसी का मालिकाना हक होगा। इसके बाद से डायनासोरों को बेचने का एक बड़ा बाजार बन गया। अब स्थिति यह है कि साल 2024 में 'एपेक्स' नाम का एक डायनासोर एक अमीर बिजनेसमैन ने $44.6 मिलियन (429.12 करोड़ रुपए) में खरीद लिया।

### कौन है डायनासोर

गस कोई मामूली डायनासोर नहीं है। यह दुनिया के सबसे खतरनाक मांसाहारी डायनासोर टी-रेक्स का ढांचा है। अमेरिकी मीडिया कंपनी विरेड की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस अनोखे ढांचे को अमेरिका के साउथ डकोटा के एक फार्म से खोजा गया था। वैज्ञानिकों का कहना है कि यह बहुत खास है क्योंकि इसके पूरे ढांचे में 183 असली हड्डियां (61%) बची हुई हैं, जो कि बहुत बड़ी बात है। गायब हड्डियों की जगह नकली हड्डियां लगाकर इसे ऐसे खड़ा किया गया है, जैसे यह अपने शिकार के पीछे तेजी से दौड़ रहा हो. यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड के वैज्ञानिक थॉमस होल्ट्ज ने बताया कि यह सचमुच एक बहुत ही शानदार और विज्ञान के लिए बेहद जरूरी ढांचा है।

### बिना किसी ईयरबड्स के 10 किलोमीटर दूर की बात सुन लेते हैं हाथी

**न्यूयार्क।** कुदरत के अनूठे रहस्यों के बीच वैज्ञानिकों ने हाथियों की बातचीत को लेकर एक हैरान करने वाला खुलासा किया है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की रिसर्च के अनुसार, हाथी बिना कानों का इस्तेमाल किए, अपनी खास बोन-कंडक्शन पॉवर और पैर की हड्डियों के जरिए 10 किलोमीटर दूर से आ रहे सिग्नल्स को भी आसानी से सुन लेते हैं। साइंस की दुनिया में सालों से यह रहस्य था कि हाथी मीलों दूर एक-दूसरे की मौजूदगी का पता कैसे लगा लेते हैं, लेकिन अब वैज्ञानिकों ने इसका पता लगा लिया है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की एक लेटेस्ट रिसर्च में सामने आया है कि हाथियों के पास एक ऐसी कुदरती बोन-कंडक्शन टेक्नोलॉजी होती है, जिसके आगे इंसानों के महंगे से महंगे ऑडियो गैजेट्स भी फेल हैं।







# भारत का वो अनोखा गांव, जहां लोगों को छूने पर लगता है जुर्माना

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में स्थित मलाणा गांव में बाहरी लोगों के लिए सख्त नियम बनाए गए हैं। यहां आने वाले पर्यटकों को गांव की दीवारों, मंदिरों, घरों या किसी भी स्थानीय सामान को छूने की अनुमति नहीं होती। यहां तक की पर्यटकों को गांव के लोगों को भी छूना मना है। गांव के कई स्थानों पर साफ-साफ नोटिस लगे हैं कि अगर कोई बाहरी व्यक्ति यहां की किसी भी चीज को छूता है, तो उस पर 1,000 रुपए से लेकर 2,500 रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। यही वजह है कि यहां आने वाले लोग काफी सावधानी बरतते हैं। यहां तक कि अगर किसी पर्यटक को दुकान से कोई सामान खरीदना हो, तो वह सीधे सामान को हाथ नहीं लगाता। ग्राहक पैसे दुकान के बाहर रख देता है और दुकानदार सामान बाहर जमीन पर रख देता है, जिसे बाद में पर्यटक उठा लेता है।

### नहीं चलता भारतीय कानून!



मलाणा गांव की सबसे बड़ी खासियत इसकी अनोखी प्रशासनिक व्यवस्था है। कहा जाता है कि इस गांव का अपना संविधान है और यहां के लोग सदियों पुरानी परंपराओं के अनुसार गांव को चलाते हैं। गांव में अपनी संसद भी है, जिसमें दो सदन हैं- एक बड़ा और एक छोटा। बड़े सदन में कुल 11 सदस्य होते हैं। इनमें से 8 सदस्यों का चुनाव गांव के लोग करते हैं, जबकि 3 सदस्य स्थायी होते हैं, जिनमें कारदार, गुर और पुजारी शामिल हैं। छोटे सदन में गांव के प्रत्येक परिवार का सबसे बुजुर्ग सदस्य शामिल होता है। अगर बड़े सदन के किसी सदस्य का निधन हो जाए, तो पूरे सदन का दोबारा गठन किया जाता है। गांव में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने अधिकारी और स्थानीय व्यवस्था भी मौजूद है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com